जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 290 प्रभात चूरू, रविवार 16 फरवरी, 2025 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# ए.आई.सी.सी. के नये पुनर्गठन में अजीबो-गरीब नेताओं की नियुक्ति हुई?

## ज्यादातर वे नेता पदोन्नत हुए हैं, जो पार्टी के पक्ष में ''पॉज़िटिव'' रिज़ल्ट नहीं दे पाये

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 फरवरी। शुक्रवार देर रात कांग्रेस ने ए.आई.सी.सी. में जो सीमित फेरबदल घोषित किया है उससे पार्टी कार्यकर्ता और नेता दोनों ही हतप्रभ हैं जिन लोगों को लिया गया है उन्होंने पार्टी को कोई उपलब्धि नहीं दिलाई है और उनमें से अधिकांश को कई बार परखा जा चुका है और वे कई बार असफल साबित हुए हैं।

उच्चस्तरीय सूत्रों का कहना है कि पंजाब के कुछ नेताओं ने सोनिया गांधी को हरीश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी और कृष्ण अल्लूवेरा द्वारा हवाला के तहत पैसों का लेन देन करने के सबूत भी दिए थे।

सोनिया गांधी ने उन्हें राहुल से मिलने को कहा था।

इसका परिणाम यह हुआ कि हरीश चौधरी को एआईसीसी में वापस लाया गया और उन्हें मध्य प्रदेश जैसे बड़े और महत्वपूर्ण राज्य का प्रभारी बनाया गया, हालांकि वे पंजाब में वापस भेजे जाने के

- **हरीश चौधरी को मध्य प्रदेश का प्रभारी बनाया गया।**
- **भूपेश बघेल, जिनके नेतृत्व में पहले तो चुनाव में कांग्रेस की भारी हार हुई और सरकार गई और अब हाल ही में हुए, म्युनिसिपैलिटी के चुनावों में भी कांग्रेस को पुनः हार का सामना करना पड़ा। पर, अब बघेल को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है, क्योंकि, चर्चाओं के अनुसार, बघेल को प्रियंका गांधी का वरद हस्त प्राप्त है।**
- **इसी प्रकार, एक समय राहुल का दाहिना हाथ माने जाने वाले पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी को झारखंड का इंचार्ज बनाया गया है तथा पुरानी वफादार मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का प्रभारी बनाया गया है। हालांकि, दोनों ने कभी कोई खास सफलता नहीं दिलवाई पार्टी को।**
- **हरीश चौधरी, कृष्णा अल्लूवेरा को क्रमशः एम.पी. व बिहार का इंचार्ज बनाया गया है, जबकि, दोनों के खिलाफ सोनिया गांधी के सामने कई शिकायतें आई हैं, पैसों के लेन-देन की। चन्नी का नाम भी शॉर्ट लिस्ट हुआ था, पर, उन्होंने भी पंजाब में सक्रिय रहने की इच्छा दिखाई। ऐसा भी कहा जा रहा है कि उनके खिलाफ शिकायतें पहुंची थीं, सोनिया गांधी के सामने।**

लिए कड़ी लॉबिइंग कर रहे थे।

कृष्णा अल्लुवेरा को कई बार पदोन्नत किया गया है और अब उन्हें बिहार का प्रभारी बना दिया गया है, जहां इस साल चुनाव होने हैं। सवाल यह उठ रहा है कि क्या वे लालू यादव से बैठकर बात कर पाएंगे, बाकी लोगों की बात तो छोड़ ही दें।

चन्नी ने राज्य की राजनीति में बने रहने की इच्छा जताते हुए एआईसीसी में आने से इंकार कर दिया, हालांकि उनका नाम शॉर्टलिस्ट किया गया था। सवाल यह है कि जब उन्हें रुचि नहीं थी तो उनका नाम शॉर्टलिस्ट कैसे किया गया?

मल्लिकार्जुन खड़गे के विश्वासपात्र सहायक नासिर हुसैन को जम्मू-कश्मीर का प्रभारी महासचिव बनाया गया है, हालांकि वरिष्ठ कर्नाटक नेता बी. के. हरि प्रसाद को केवल राज्य प्रभारी का पद देकर हरियाणा का प्रभारी के प्रभारी पद पर वापस लाया गया है। वे पहले महासचिव थे।

पता चला है कि कर्नाटक के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केजरीवाल के बंगले की जाँच होगी

नयी दिल्ली, 15 फ़रवरी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस बंगले में रहते थे उसके जीर्णोद्धार में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर केंद्रीय सतर्कता आयोग ( सीवीसी) ने जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट के आधार पर दिया गया है। सीपीडब्ल्यूडी की इस रिपोर्ट में दिल्ली के सिविल लाइन्स में 6,

- **सीपीडब्ल्यूडी की रिपोर्ट के आधार पर केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने जांच के आदेश दिये।**

फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के जीर्णोद्धार में अनियमितता का आरोप लगा है।

उल्लेखनीय है कि इस बंगले को लेकर भाजपा ने पूरे चुनाव प्रचार के दौरान इसे शीश महल का नाम देकर आम आदमी पार्टी और केजरीवाल पर हमले किए थे।

ग़ौरतलब है कि भाजपा के नेता विजेंद्र गुप्ता ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने लगभग आठ एकड़ में बने बंगले का पुनर्निर्माण करते समय नियमों का उल्लंघन किया। उन्होंने दावा किया था कि इसके निर्माण में कई प्रकार की गड़बड़ी हुई हैं।

# 'जिसे आप अपने घर में पवित्र व शुभ मानते हैं, उससे उल्टा व्यवहार करते हैं, बाकी विश्व में'

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने म्युनिख सिक्युरिटी कॉन्फ्रैंस में पश्चिमी देशों के इस सोच का खुलकर विरोध किया और कहा कि विश्व में ''प्रजातंत्र'' संकट में है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 फरवरी। लोकतंत्र के संकट में होने की बढ़ती धारणा को नकारते हुए, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को संबोधित करते हुए पश्चिम पर कटाक्ष किया व कहा कि पाश्चात्य जगत लोकतंत्र को एक पश्चिमी विशेषता के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि भारत, 'सभी चुनौतियों' के बावजूद, यहां तक कि कम आय के स्तर पर होने के बाद भी, लोकतांत्रिक मॉडल के प्रति 'सच्चा' बना रहा।

म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन में ''लिव टू वोट अनदर डे: फोर्टिफाईंग डेमोक्रेटिक रैज़िलिएंस'' पैनल चर्चा में नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टॉर, अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लॉटकिन और वारसॉ के मेयर राफाल तृज़ास्कोवस्क के साथ भाग लेते हुए, जयशंकर ने कहा कि वह इस विचार से असहमत हैं कि लोकतंत्र विश्व स्तर पर संकट में है और उन्होंने भारत के लोकतंत्र के बारे में बात की। मोदी सरकार के मंत्री के रूप में उन्होंने अपेक्षित भूमिका निभाई।

पश्चिमी लोकतंत्र पर उनके विचार

- **जयशंकर ने कहा कि भारत में 90 करोड़ मतदाताओं में 70 करोड़ मतदाताओं ने चुनाव में वोट किया और सारे वोट एक ही दिन में गिनते हैं। जब से मतदान द्वारा चुनाव के मार्फत सरकार का गठन शुरु हुआ, तब से अब 20 प्रतिशत ज्यादा व्यक्ति वोटिंग में भाग ले रहे हैं।**
- **अमेरिका की सिनेटर एलिस स्लॉटकिन के कटाक्ष, कि ''प्रजातंत्र डाइनिंग टेबिल'' पर खाना नहीं देता'', के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरे देश में (भारत में) प्रजातंत्र डाइनिंग टेबिल पर खाना जरूर पहुंचाता है। प्रजातंत्री तरीके से चुनी गई सरकार उन 80 करोड़ लोगों को खाना पहुंचाती है और उनके पेट में खाना पहुंचे यह उन लोगों के लिए रोज़मर्रा में स्वस्थ रहने का एकमात्र रास्ता है।**

पूछे जाने पर, उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि मैं एक ऐसे पैनल, जो शायद निराशावादी है, में एक आशावादी के रूप में दिखाई दिया। मैं अपनी उंगली उठाकर शुरुआत करूंगा और कृपया इसे गलत न समझें, यह तर्जनी अंगुली है। यह जो निशान आप मेरे नाखून पर देख रहे हैं, यह हाल ही में किए गए मतदान का निशान है। हम हाल ही में अपने राज्य (दिल्ली) में चुनाव करवा चुके हैं। पिछले साल, हमारे यहां राष्ट्रीय चुनाव हुए थे। भारतीय चुनावों में लगभग दो-तिहाई पात्र मतदाता वोट करते हैं। राष्ट्रीय चुनावों में, 90 करोड़ मतदाताओं में से 70 करोड़ ने वोट किया। हम एक ही दिन में वोटों की गिनती करते हैं।

उन्होंने कहा, ''आधुनिक युग में जब से हम ने मतदान करना शुरू किया तब से लेकर अब तक वोटिंग प्रतिशत में 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है, तो पहला संदेश यह है कि हो सकता है किसी रूप में लोकतंत्र वैश्विक स्तर पर संकट में हो, पर मैं माफी चाहता हूं, मैं इससे सहमत नहीं हूं। मेरा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उमा भारती भी खड़ी हुईं विपक्ष के साथ

## उनका कहना था, भारतीय नागरिकों को ''अपमानजनक'' तरीके से अमेरिका से भारत भेजना बहुत अनुचित था

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 फरवरी। जिस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों का दूसरा बैच अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने वाला है, उस दिन भाजपा की उपाध्यक्ष और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, अमेरिकी सरकार को आड़े हाथों लेने में विपक्षी नेताओं के साथ एकजुट नज़र आईं। उन्होंने कहा, ''हथकड़ी और बेड़ी में भारतीयों को वापस भेजने का यह क्रूर और शर्मनाक तरीका है।''

पूर्व में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा था कि अवैध प्रवासियों को ''हथकड़ी बेड़ी लगाना'' ''स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर'' है।

विपक्षी नेता आश्चर्य और निराशा व्यक्त करते रहे हैं कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने डिपोर्ट किए गए लोगों के साथ किए गए ''अमानवीय व्यवहार'' का विरोध

- **यह उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्री जयशंकर ने भारतीयों को ''हथकड़ी' पहनाकर, पांव में बेड़ियां डाल कर भेजने को ''सामान्य प्रक्रिया'' बताया था संसद में।**

भी नहीं किया। जबकि, जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार अवैध भारतीय प्रवासियों के प्रत्यर्पण में अमेरिका की सरकार का सहयोग करेगी।

पहले बैच के प्रवासी जब प्लेन से उतरते समय हथकड़ी और बेड़ी में नज़र आए थे तो जयशंकर ने इस मुद्दे को हल्का करने की कोशिश की, यह कहते हुए कि अवैध प्रवासियों के प्रत्यर्पण में कुछ नया नहीं है। जयशंकर ने लोकसभा में कहा कि 2009 से अब तक, अमेरिका ने लगभग 15,000 भारतीयों को वापस भेजा है, जिन्होंने अवैध रुप से देश में प्रवेश किया था।

उमा भारती, जिन्होंने भाजपा नेतृत्व से असहमति होने के बाद अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई थी, ने एक विपरीत रुख अपनाया और इस घटना की तुलना, अमेरिकी सरकार द्वारा रेड इंडियंस और अफ्रीकी मूल के लोगों के प्रति दिखाए गए ''क्रूर और हिंसक'' रवैये के साथ की। उन्होंने कहा, ''किसी देश में अवैध रुप से प्रवेश करना अपराध है और प्रत्येक देश के पास इसके दंड के लिए कानूनी प्रावधान होते हैं। लेकिन ऐसी क्रूरता एक बहुत बड़ा पाप है।''

अमृतसर हवाई अड्डे पर 5 फरवरी को 104 अवैध भारतीय प्रवासियों के पहुंचने के बाद, 119 प्रत्यर्पितों का दूसरा बैच आज रात अमृतसर हवाई अड्डे पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 20 फरवरी को मिलेगी, दिल्ली को नई सरकार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 फरवरी। दिल्ली में 20 फरवरी को भाजपा की सरकार बनेगी, जिसमें परवेश वर्मा को मुख्यमंत्री और डॉ. मोहन एस. बिष्ट को विधानसभा स्पीकर और रवि

- **परवेश वर्मा मुख्यमंत्री, रवि नेगी उपमुख्यमंत्री और मोहन बिष्ट स्पीकर चुने जाएंगे।**

नेगी को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। शबरी जयंती, 20 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली में नई सरकार को अंतिम रूप देंगे। अरविंदर लवली, उपाध्याय, निर्दलीय कपिल मिश्रा, रविकांत, विजेन्द्र गुप्ता, मजिंदर सिंह सिरसा व संजय गोयल को मंत्री बनाया जा सकता है।

# जयललिता के अरबों के जवाहरात, साड़ियाँ व सम्पत्तियों का स्वामित्व तमिलनाडू सरकार ने ग्रहण किया

## बैंगलोर कर्नाटक विधान सौधा की ट्रैज़री से इस बहुमूल्य समान को प्राप्त करने के बाद तमिलनाडू पुलिस के संरक्षण में चेन्नई शिफ्ट किया गया

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 फरवरी। एक लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार तमिलनाडू सरकार को जयललिता के खजाने का स्वामित्व मिल ही गया। यह खजाना, जिसमें सोने के कलश व अन्य कीमती वस्तुएं शामिल हैं, कर्नाटक विधान सौधा की ट्रैज़री में रखा हुआ था। कोर्ट के निर्देशानुसार कर्नाटक विधान सौधा की ट्रैज़री में इसे कड़ी सुरक्षा में रखा हुआ था। इसका मालिकाना हक प्राप्त करने के बाद तमिलनाडू सरकार इस बैंगलोर से चेन्नई ला रही है।

लिस्ट के अनुसार, इस खजाने में 27.5 किलो सोना, हीरे व अन्य कीमती सामान हैं, जो उस समय जब्त किया गया था तब तमिलनाडू की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता को आय से अधिक सम्पत्ति मामले में तमिलनाडू पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। तमिलनाडू

- **27.55 किलो सोना, 1,116 किलो चाँदी, 1525 एकड़ भूमि के कागज़ात, 11,000 सिल्क साड़ियाँ, कीमती रत्न, आभूषण व अन्य सामान, तमिलनाडू सरकार को न्यायालय के आदेश से मिला।**
- **जयललिता के भतीजे व भतीजी दीपक व दीपा ने कोर्ट के इस आदेश को न्यायालयों में चुनौती दी थी, पर, सभी कोर्टों में उनका मुकदमा खारिज होने के बाद, यह सब सामान तमिलनाडू सरकार को मिला।**
- **पर न्यायालय ने जयललिता का निवास, पोएस गार्डन का स्वामित्व, जयललिता के भतीजे व भतीजी, दीपक व दीपा को देने का निर्णय सुनाया। तमिलनाडू सरकार ने इस निवास को अधिग्रहित करके यहाँ एक म्यूज़ियम बनाने की योजना प्रस्तुत की है।**

पुलिस यह खजाना कड़ी सुरक्षा में चेन्नई लेकर आएगी। कोर्ट स्टाफ ने यह खजाना तमिलनाडू सरकार के प्रतिनिधि को सौंपा। यह सामान कई साल पहले जब्त किया गया था, तब से इसकी कीमत कई गुना बढ़ गई है।

सामान की लिस्ट इस प्रकार है: सोना- 27.55 किलोग्राम, चाँदी- 1,116 किलोग्राम, जमीन, जिसके कागजात हैं,- 1526 एकड़, सिल्क साड़ियाँ-11,000, इसके अलावा हीरे व अन्य कीमती पत्थरों के आभूषण तथा अन्य सामान शामिल है। यह सब सामान कर्नाटक विधान सौधा खजाने में सुरक्षित रखा हुआ था। जब कोर्ट ने फैसला दे दिया कि इस खजाने पर तमिलनाडू और वहाँ की सरकार का हक है तो राज्य सरकार के प्रतिनिधियों ने उसका मालिकाना हक लिया और कड़ी सुरक्षा में खजाना चेन्नई भेजने की व्यवस्था की।

खजाना हस्तांतरण के समय सरकारी अधिकारी व कोर्ट के अधिकारी मौजूद थे।

जयललिता के रिश्तेदारों, भतीजी जे. दीपा और भतीजे जे. दीपक ने कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी और इस कीमती सामान पर हक जताते हुए कहा था कि वे जयललिता के कानूनी वारिस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाकुंभ : कल्पवास पूरा कर दंडी स्वामी संत रवाना हुए

महाकुंभनगर,15 फरवरी। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महासमागम, महाकुंभ के माघ माह के कल्पवास में प्रायश्चित के त्रिजटा स्नान के बाद दंडी स्वामी संत अपने अपने मठ मंदिरों के लिए रवाना हो गए। प्रयागराज महाकुंभ अपने

- **अखिल भारतीय दंडी परिषद के प्रमुख जगदपुरु स्वामी महेशाश्रम ने कहा कि माघ महीने का कल्पवास माघ पूर्णिमा की डुबकी के साथ पूरा हो जाता है।**

समापन की तरफ अग्रसर है। बसंत पंचमी के अमृत स्नान के बाद पहले 13 अखाड़ों की महाकुम्भ नगर से विदाई और फिर माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व के बाद कल्पवासियों की रवानगी हो चुकी है। इसी क्रम में माघ माह के कल्पवास

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'यूरोप व पश्चिमी देश, विश्व को केवल रंगीन चश्में से देखते हैं'

## एस. जयशंकर ने पुरजोर ढंग से म्युनिख सिक्युरिटी कॉन्फ्रैंस में अपने उदगारों से काफी हलचल पैदा की, कि कई अन्य वैकल्पिक सोच व सच्चाई ही मौजूद हैं विश्व में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 फरवरी। भारत के विदेश मंत्री, एस. जयशंकर, का म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक अमेरिकी सीनेटर के साथ लोकतंत्र पर विवाद हो गया, खासकर पश्चिमी दुनिया के बाहर वाले लोकतांत्रिक समाजों के बारे में।

अमेरिकी सीनेटर ने कहा कि लोकतंत्र खाने की मेज़ पर भोजन नहीं पहुँचाता है। इस पर जयशंकर ने जोरदार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति 80 करोड़ लोगों को भोजन दे रही है और उन्हें पोषण सहायता प्रदान कर रही है, जिससे उनका स्वास्थ्य निर्धारित होता है।

भारतीय विदेश मंत्री ने यह कहा कि पश्चिमी शक्तियाँ दुनिया के अन्य हिस्सों में हो रहे घटनाक्रम से अनजान हैं, खासकर तथाकथित तीसरी दुनिया के देशों में। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में ''अलग तरह का संवाद''हो रहा है, जो यूरोपीय या पश्चिमी विचारों से पूरी तरह मेल नहीं खाता है।

उन्होंने तर्क दिया कि पश्चिम के दायरे और इसके तथाकथित आदर्शों के बाहर लोग समाधान पर काम कर रहे हैं। पश्चिमी देश सभी को अपनी आँखों और पूर्वाग्रहों से देखते हैं और विविधता व परिवर्तन को स्वीकार नहीं करते हैं।

जयशंकर प्रतिष्ठित म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में बोल रहे थे, जो एक वार्षिक आयोजन है, जहाँ दुनिया के प्रमुख नेता यह विचार करते हैं कि वैश्विक व्यवस्था कैसी है और इसे सुधारने के लिए वे कैसे साथ काम कर सकते हैं।

जयशंकर अब अंतरराष्ट्रीय मामलों में पश्चिमी रुख पर अपने सीधे हमलों के कारण वैश्विक संवाद मंच पर, अनिच्छा से ही सही, लेकिन, एक प्रभावी

- **जयशंकर को उनके स्पष्ट दो टूक बात कहने के तरीके के कारण अब सम्मान व उचित गंभीरता से लिया जाने लगा है, अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रैंसों में।**
- **अब, जबकि, ट्रम्प के अपरम्परागत सोच व विदेश नीति पर उद्‌गारों से यूरोप व बाकी विश्व अचंभित व भयभीत है, जयशंकर की ओर देखा जा रहा है, अमेरिका के नये सोच को संतुलित करने के लिये।**
- **उदाहरण के लिये, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस ने म्युनिख कॉन्फ्रैंस में यूरोपियन देशों को काफी लताड़ा। रूस की चुनौती का सामना करने के लिए ''उचित'' व व्यावहारिक जवाब नहीं देने के लिये। उपराष्ट्रपति वैंस का संकेत था कि यूरोप यह मानकर न चले की हर बार अमेरिका, यूरोप के सुरक्षा खर्चों का भार वहन करता रहेगा।**

व्यक्तित्व के रुप में स्वीकार कर लिए गए हैं। उन्होंने पहली बार अपनी उपस्थिति तब दर्ज की थी जब रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस से तेल खरीदने पर भारत की स्थिति के बारे में उनसे सीधा सवाल किया गया था।

इस वर्ष का म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन ट्रंप 2.0 और एक और अधिक अशांत एवं ज्वालामुखी जैसी अंतरराष्ट्रीय स्थिति की छाया में हो रहा है। यूक्रेन युद्ध के अलावा, इज़रायल-हमास संघर्ष और आक्रामक चीन ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों के परिदृश्य को उलट दिया है।

सम्मेलन के पिछले दो दिनों में, अमेरिकी प्रशासन ने अपने नए नियुक्त भारी-भरकम नेताओं को भेजा था ताकि वे अमेरिकी नीतियों और प्रथाओं पर उठ रहे सवालों का जवाब दे सकें। अमेरिकी उपराष्ट्रपति, जे.डी. वैंस ने रुस से आने वाली चुनौतियों के मुकाबले में विश्वसनीय सैन्य प्रतिक्रिया तैयार नहीं करने के लिए यूरोपियन देशों की कड़ी आलोचना की।

वैंस ने म्यूनिख में सम्मेलन में कहा कि अगर यूरोप अस्तित्व संकट का सामना कर रहा है, तो यह संकट रूस, अमेरिका या यहां तक कि चीन की तरफ से नहीं है। यूरोप अपने सबसे बड़े अस्तित्व संकट का सामना अपने भीतर से कर रहा है। वैंस की इस आलोचना ने यूरोप और इसके नेताओं पर गहरी छाप छोड़ी, जो यूक्रेन संकट को लेकर रुस की तरफ से आ रहे खतरे का सामना कर रहे हैं।

वैंस प्रभावी रूप से वो बात कह रहे थे जो ट्रंप के बार-बार कही है, कि रुस से खतरे की स्थिति में, तो यूरोप को यह नहीं मानना चाहिए कि अमेरिका आकर यूरोपीय हितों की रक्षा करेगा। उनका रुख यह रहा है कि अमेरिका यूरोप के लिए रक्षा बिल चुका रहा है और यह अनिश्चितकाल तक नहीं चल सकता।

यूरोप को, डॉनल्ड ट्रंप के यूक्रेन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नाबालिग से दुष्कर्म पर 20 साल की सजा

जयपुर, 15 फरवरी। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त मोहन लाल को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 23 साल के इस अभियुक्त पर 1.75 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी कैलाश

- **पीठासीन अधिकारी ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने और कई बार संबंध बनाने का अपराध किया है।**

चंद अटवासिया ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ कई बार संबंध बनाने का अपराध किया है। यदि इसमें पीड़िता की सहमति भी रही थी तो भी यह अपराध

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### विचार बिन्दु

तृण से हल्की रूई होती है और रूई से भी हल्का याचक। हवा इस डर से उसे नहीं उड़ाती कि कहीं उससे भी कुछ न माँग ले। –चाणक्य

# बुढ़ापे में स्वास्थ्य का प्रबंध

क्या आप बुढ़ापे की ओर बढ़ रहे हैं? यदि हाँ, तो आज की चर्चा पुन: आपके लिये है। वस्तुत: समय के परिणाम से बुढ़ापा और मृत्यु हर व्यक्ति के जीवन में अंतत: आते हैं, और उत्पन्न बुढ़ापे में होने वाली समस्यायें स्वाभाविक हैं। इनकी चिकित्सा नहीं होती (कालस्य परिणामेन जरामृत्युनिमित्तजा:। रोगा: स्वाभाविका दृष्टा: स्वभावो निष्प्रतिक्रिय:।। च.शा.1.115)। इनसे डरने की आवश्यकता भी नहीं है। स्वाभाविक जरावस्था को नहीं टाला जा सकता, पर अकाल-जरा या असमय बुढ़ापे की समस्याओं से निपटने के लिये आयुर्वेद में पर्याप्त, प्रभावी और प्रमाण-आधारित उपाय हैं।

बुढ़ापे के लक्षणों को वात-वृद्धि, विषमाग्नि (मन्दाग्नि, तीक्ष्णाग्नि) और दोनों के प्रभाव से कफक्षय के सन्दर्भ में ही समझा जा सकता है। अकाल-जरा या समय से पहले बुढ़ापा आने का मूल कारण त्रिदोष-भड़काऊ जीवन-शैली, अनवरत असात्मऐन्द्रियार्थ संयोग एवं अहर्निश प्रज्ञापराध हैं। क्रमश: होने वाली स्थिति देखें तो वात के प्रकोप से विषमाग्नि (मन्दाग्नि, तीक्ष्णाग्नि) के कारण त्रुटिपूर्ण आहार-रस निर्माण, इसके कारण आम का बनना, आम बनने से भोजन के रस से सार और किट्ट का सम्यक विभाजन गड़बड़ाना, इस कारण अनावश्यक मल-संचय बढ़ना, और मल-संचय से स्त्रोतोरोध व खवैगुण्य होना, और इस स्थिति के लम्बे समय तक रहने से आमविष का निर्माण होने लगता है। ऑटो-इम्युनिटी के पचड़े इसी आमविष कारण लग जाते हैं। दूसरी और विषमाग्नि के कारण भूताग्नि व धात्वाग्नि का ह्रास होता है। फलत: रसधातु में खराबी आने से धातु क्षय होता है।

शरीर की क्रियात्मक समग्र या फिजियोलॉजिकल-इंटेग्रिटी में उत्तरोत्तर होने वाली हानि के कारण बुढ़ापा आता है, जिसके परिणामस्वरूप अंतत: मृत्यु होती है। शरीर की क्रियात्मक समग्रता जैसे-जैसे टूटती जाती है वैसे-वैसे मनुष्य कैंसर, मधुमेह, हृदयरोग, न्यूरो डीजेनेरेटिव समस्यायें व क्रोनिक रेस्पिरेटरीट्रैक्ट इन्फ़ेक्शन बढ़ने लगते हैं। आयुर्वेद की भाषा में परिणामकाल और आधुनिक वैज्ञानिक शब्दावली में समय-निर्भर क्रियात्मक गिरावट में पूर्ण साम्य है।

चूँकि आयु पहले से तय नहीं होती है, अत: आयुर्वेद द्वारा प्रदत्त उपायों के उपयोग के जरा-व्याधि का नाश करते हुये जीवन के अंतिम समय तक स्वस्थ रहा जा सकता है। उम्र के साथ बढ़ने वाले रोगों की उत्पत्ति फ्री-रेडिकल्स की बहुलता से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ने और इनफ्लेमेशन के कारण होती है। यदि आहार, विहार, रसायन, वाजीकरण और औषधियों की युक्तियुक्त व्यवस्था से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इनफ्लेमेशन (दर्द या सूज़न) को नियंत्रित कर लिया जाये तो उम्र के आधार पर लगने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।

आयुर्वेद की दृष्टि में जरावस्था में वात का प्रकोप, कफ का क्षय, विषमाग्नि और धातुक्षय को नियंत्रित कर लिया जाये तो समस्याओं का समाधान हो जाता है। आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण यह है कि उम्र के साथ बढ़ने वाले रोगों की उत्पत्ति फ्री-रेडिकल्स की बहुलता से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ने और इनफ्लेमेशन के कारण होती है। यदि आहार, विहार, रसायन, वाजीकरण और औषधियों की युक्तियुक्त व्यवस्था से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इनफ्लेमेशन (दर्द या सूज़न) को नियंत्रित कर लिया जाये तो बुढ़ापे में लगने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। आयु-आधारित व्याधिजनन या एज-रिलेटेड-पैथोजेनेसिस समकालीन विश्व की सबसे गंभीर समस्या है। बायो-मेडिकल साइंस अभी तक इस समस्या से पार नहीं पा सका है।

बुढ़ापे में वात का प्रकोप तो रहता ही है, वात को प्रकुपित करने वाले कारण या हेतु का अधिक प्रयोग करने पर वात व्याधियां भी विकसित हो जाती हैं। इसलिए वात को भड़काने वाले आहार-विहार नहीं करना चाहिये: (1) बहुत रूखा-सूखा भोजन नहीं खाना चाहिये, (2) व्यायाम में अति नहीं करना चाहिये, पर इसका तात्पर्य यह नहीं कि बंद ही कर दें, (3) उपवास या आंकठ भोजन दोनों से बचना चाहिये, (4) झगड़ा या भिडंत, खासकर अपने से सवाया के साथ, बचना चाहिये, (5) व्यायाम और टहलना लाभकारी है, परन्तु बहुत अधिक चलने से बचना चाहिये, (6) जोर लगाकर प्राकृतिक शारीरिक वेग नहीं निकालें, और न आये हुये वेगों का उदीरण भी नहीं करना चाहिये, (7) आये हुये शारीरिक वेगों को जबरन नहीं रोकना चाहिये, (8) भार-वहन या वजनी वस्तुओं को नहीं ढोना या उठाना चाहिये, (9) बहुत रोना या बहुत हंसना नहीं चाहिये, (10) ऐसी स्थिति न बनायें कि किसी प्रकार की चिन्ता न रह जाये, किन्तु अति-चिन्ता, अति-प्रसन्नता याभयातुरता से भी बचें, (11) विषम शारीरिक या मानसिक चेष्टायें न करें, (12) विरूद्धान्न भोजन या विरुद्धाहार, विषमाशन, या अजीर्ण, या ठंडा-बासी भोजन न करें, (13) दिन में ज्यादा सोनेऔर रात में जागने से बचना चाहिये, (14) हाथी, घोड़ा, खच्चर आदि की सवारी नहीं करें, (15) समुचित आहार-विहार, सद्वृत्त, स्वस्थव्रत, रसायन एवं आचार रसायन को नियमित दिनचर्या, रात्रिचर्या, व ऋतुचर्या का अंग बनायें।

जहाँ तक भोजन का प्रश्न है, प्राय: मधुर, अम्ल, लवण रसप्रधान, स्निग्ध, उष्ण, मात्रापूर्वक, अच्छी तरह पच जाने पर, तन्मयतापूर्वक, वृष्य, बल्य, वातशामक पदार्थों का सेवन करना चाहिये। आजकल घी व दूध से लोग दूर भागते हैं। पर बुढ़ापे में वात रोगों के समाधान में तेल और घी से बेहतर कोई द्रव्य ज्ञात नहीं है। असल में घी व दूध का निरंतर सेवन उत्तम रसायन है (क्षीरघृताभ्यासो रसायनानां श्रेष्ठम्। च.सू.25.40)। भोजन में गाय का घी सम्यक मात्रा में लेते रहने से बुढ़ापा रोगरहित कटता है, पर ध्यान यह रखना है कि घी की मात्रा बहुत अधिक न हो। ध्यान यह भी रखना है कि बुढ़ापे में घी खाना उपयोगी है पर घी खाने का अधिकार उन्हें ही है जो नित्य अपने बल के आधे तक व्यायाम करते हों।

**जहाँ तक भोजन का प्रश्न है, प्राय: मधुर, अम्ल, लवण रसप्रधान, स्निग्ध, उष्ण, मात्रापूर्वक, अच्छी तरह पच जाने पर, तन्मयतापूर्वक, वृष्य, बल्य, वातशामक पदार्थों का सेवन करना चाहिये। आजकल घी व दूध से लोग दूर भागते हैं। पर बुढ़ापे में वात रोगों के समाधान में तेल और घी से बेहतर कोई द्रव्य ज्ञात नहीं है। असल में घी व दूध का निरंतर सेवन उत्तम रसायन है।**

असमय बुढ़ापा घेर रहा हो तो गाय के घी (500 ग्राम) में उड़द (150 ग्राम), मूंग (150 ग्राम), तिल (200), सिंघाड़े का आटा (100 ग्राम) मिलाकर कड़ाही में भूनिये। इसमें मिश्री, खांड़, इक्षु-शर्करा (300 ग्राम), और गाय के घी (50 ग्राम) में हल्के भुने और छोटे टुकड़े किये हुये ताल मखाना (200 ग्राम) मिलाइये। बाद में द्राक्षा (200 ग्राम), खजूर (200 ग्राम), चिरोंजी (100 ग्राम) व बादाम (200 ग्राम), कालीमिर्च (20 ग्राम), सोंठ (20 ग्राम), पिप्पली (10 ग्राम), दालचीनी (10 ग्राम), जावित्री (3 ग्राम), केशर (3 ग्राम), और इलायची (20 ग्राम) मिला लें। मिश्रण को सुरक्षित रख लीजिये। इस मिश्रण का 25 से 35 ग्राम नाश्ते व रात में केशर मिले गुनगुने दूध के साथ आनंद लीजिये। यह वृष्य, वाजीकर, बल्य, शुक्रवर्धक, रसायन और धातु-पुष्टिकर योग है। तथापि, शर्करा होने के कारण इसका उपयोग मधुमेह के रोगियों के लिये वर्जित है।

असल में बुढ़ापे में वात अकेले नहीं भड़का रहता, बल्कि यह कफ व पित्त को भी उकसाता और शरीर में तमाम यात्रा कराता रहता है या परस्थानिक करता रहता है। बुढ़ापे में वात की समस्या सम्हालने के लिये सबसे सरल सूत्र तो यह है कि दोष, अग्नि, धातुयें, मलक्रिया, सम करने वाली चिकित्सा लें, और आत्मा, इंद्रियों और मन को प्रसन्न रखने वाले काम किये जायें। बुढ़ापे में वात-प्रत्यनीक चिकित्सा, आहार-विहार,पथ्य-अपथ्य का ख्याल रखते हुये जीवन चलाने में आनंद है।

वात-व्याधियाँ प्राय: दुखदायी होती हैं। अत: समुचित रसायनों के प्रयोग द्वारा व्याधियों को आने से रोकना चाहिये। बुढ़ापे में वात-शामक प्रिवेन्टिव उपाय उपयोगी होते हैं। इसके लिये नियमित रूप से आयुर्वेदाचार्य की सलाह से अभ्यंग (तेल से शरीर, सिर और पैरों की स्वयं मालिश), दीपन, पाचन, स्नेहन, स्नेहपान, स्वेदन, विरेचन एवं वस्ति आदि उपयोगी क्रियायें हैं। बुढ़ापे को देर से और कठिनाई से आने देना है तो समय पर युक्तियुक्त कोष्ठ शुद्धि कराते रहना चाहिये (एवं विशुद्धकोष्ठस्य कायाग्निरभिवर्धते। व्याधयश्चोपशाम्यन्ति प्रकृतिश्चानुवर्तते।। इन्द्रियाणि मनोबुद्धिर्वर्णश्चास्य प्रसीदति। बलं पुष्टिरपत्यं च वृषता चास्य जायते।। जरां कृच्छ्रेण लभते चिरं जीवत्यनामय:। तस्मात् संशोधनं काले युक्तियुक्तं पिबेन्नर:।। च.सू.16.17-19)। शुद्धकोष्ठ वाले व्यक्ति की उम्र, प्रकृति, और सात्म्य को जानने वाला वैद्य जिस व्यक्ति के लिये जो रसायन उचित हो उसे उस व्यक्ति में प्रयोग करना चाहिये (शुद्धकोष्ठं तु तं ज्ञात्वा रसायनमुपाचरेत्। वय:प्रकृतिसात्म्यज्ञो यौगिकं यस्य यद्भवेत्। च.चि.1.1.28)। नियमानुसार पंचकर्म, रसायन और वाजीकर का प्रयोग करने से धातुसाम्य बना रहता है, रोग नहीं होते, धातुयें बढ़ती हैं इसलिये बूढ़े होने की गति धीमी हो जाती है (यथाक्रमं यथायोग्यमत ऊर्ध्वं प्रयोजयेत्। रसायनानि सिद्धानि वृष्ययोगांश्च कालवित्।। रोगास्तथा न जायन्ते प्रकृतिस्थेषु धातुषु। धातवश्चाभिवर्धन्ते जरा मान्द्यमुपैति च।। च.सू.7.48-49)। दोष भड़कने के पूर्व ही प्रिवेंटिव शोधन करना अनागत समस्या का निदान परिवर्जन है।


कुछ बातें और भी हैं: (1) महिलाओं के प्रति संयम / मर्यादा रखने वाले लम्बी उम्र, देर से बुढ़ापे में जाना, शरीर-बल और वर्ण, ठोस और स्थिर-मांसपेशी वाले होते हैं (आयुष्मन्तो मन्दजरा वपुर्वर्णबलान्विता:।। स्थिरोपचितमांसाश्च भवन्ति स्त्रीषु संयता:। सु.चि.24.112-113)। (2) व्यायाम करने वाले आदमी को उसके दुश्मन भी डर की मारे नहीं तंग करते। बुढ़ापा भी सहसा नहीं चढ़ता (न च व्यायामिनं मर्त्यमर्दयन्त्यरयो बलात्। न चैनं सहसाऽक्रम्य जरा समधिरोहति। सु.चि.24.41-42)। (3) रूखा-सूखा व मात्रा से कम खाना और अति उपवास करना, शोधन क्रियाओं की अति (पंचकर्म आदि), शोक, वेगों व नींद को रोकना, शरीर के रुक्ष रहने पर रुक्ष उबटन व नित्य रुक्ष स्नान, स्वाभाविक कमजोर गुणसूत्र, वृद्धावस्था, रोगों का लग जाना, और गुस्सा इंसान को बहुत कमजोर (कृश) कर देते हैं (वक्ष्यते वाच्यमतिकार्श्ये त्वत: परम्।। सेवा रूक्षान्नपानानां लङ्घनं प्रमिताशनम्। क्रियातियोग: शोकश्च वेगनिद्राविनिठाह:।। रूक्षस्योद्वर्तनं स्नानस्याभ्यास: प्रकृतिर्जरा। विकारानुशय: क्रोध: कुर्वन्त्यतिकृशं नरम्।। च.सू.21.10-11)। अत: जरा-व्याधि को युक्तिपूर्वक रोके रहना ही ठीक है। (4) बूढ़े हो रहे लोगों द्वारा नस्य का प्रयोग करने से सिर आदि ऊपर के अंगों में बुढ़ापा अपना असर नहीं दिखा पाता (न चास्य रोगा: सहसा प्रभवन्त्यूर्ध्वजत्रुजा:।। जीर्यतश्चोत्तमाङ्गेषु जरा न लभते बलम्। च.सू.5.62-63)।

भारत में शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं वाले लगभग 112 मिलियन बूढ़े लोग हैं। आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों का निष्कर्ष है कि माथे में सोचने-विचारने की गति धीमी हो रही हो और शारीरिक चाल मंद पड़ने लगे तो समझिये बुढ़ापे की ओर तेज गति से जा रहे हैं। आज दिखाई पड़ने वाले गैर-संचारी रोगों सहित तमाम ऐसे रोगों, जो स्वाभाविक बुढ़ापे की समस्यायें नहीं हैं, उनसे पूरी तरह बचते हुये बुढ़ापे को सुखदायी बनाया जा सकता है। आयुर्वेदाचार्यों की सलाह लीजिये। उत्तम वैद्य से लिये जाने वाले चिकित्सकीय परामर्श का कोई विकल्प नहीं है। स्वयं चिकित्सक की भूमिका में न उतरें। आहार, विहार, रसायन, औषधि या जड़ी-बूटी का प्रयोग अपने आयुर्वेदिक डॉक्टर के परामर्श से ही करें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर)**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# रिक्त पद भरे बिना संभव नहीं है उच्च शिक्षा में गुणवत्ता



रमेश चंद बैरवा

देश और प्रदेश के विकास के लिए सभी के लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण सरकारी शिक्षा बहुत अहम है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सिर्फ विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि ही पर्याप्त नहीं है बल्कि भवन, कुर्सी, टेबल, बिजली, पानी, टायलेट, लैब, लाइब्रेरी जैसे पर्याप्त भौतिक संसाधन तथा शिक्षक, कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारी भी अत्यंत जरूरी है। शिक्षक छात्र अनुपात भी यूजीसी मानकों के मुताबिक होना चाहिए। समुचित मात्रा में बजट भी अत्यंत जरूरी है। लेकिन राजस्थान में स्थिति अत्यंत चिंताजनक है जिस पर राज्य सरकार को गौर कर वर्ष 2025-26 के वित्तीय वर्ष के राज्य बजट में उच्च शिक्षा पर समुचित मात्रा में बजट आवंटित किए जाने का राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ का सादर निवेदन है।

गौरतलब है कि राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन 2024-25 के मुताबिक राजस्थान में राजकीय महाविद्यालय की संख्या 291 है। राजस्थान एजुकेशन सोसाइटी राजसेस संचालित 340 राजकीय महाविद्यालयों को जोड़ने पर यह संख्या 631 है। राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों की संख्या 16 है। प्रदेश में कॉलेज एवं विश्वविद्यालय विद्यार्थियों का नामांकन भी तेजी से बड़ा है विशेष कर महिला विद्यार्थियों की संख्या पिछले वर्षों में तेजी से बड़ी है जिसकी मुख्य वजह छात्राओं को दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां एवं प्रोत्साहन राशि हैं। लेकिन इन सरकारी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शिक्षकों एवं अशैक्षिणक कर्मचारियों की भारी कमी के कारण शिक्षा की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित है। सरकारी महाविद्यालयों में तो स्थिति इतनी चिंताजनक है कि अशैक्षिणक कर्मचारियों की कमी के कारण अशैक्षिणक कार्य प्रोफेसर जैसे उच्च वर्ग के कार्मिक को खुद करने पड़ रहे हैं जिससे नियमित अध्यापन, शोध, सेमिनार एवं अन्य सहशैक्षिणक गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित हैं।

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वीकृत 291 पद में से 117 पद रिक्त हैं। सहआचार्य एवं सहायक आचार्य के 6909 स्वीकृत पदों में से 2605 पद रिक्त हैं। शारीरिक शिक्षक के 291 में से 277, पुस्तकालय अध्यक्ष के 291 में से 274, सहायक लेखा अधिकारी प्रथम के 275 में से 173, प्रशासनिक अधिकारी के 45 में से 19 पद, सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 225 में से 119, कनिष्ठ सहायक के 614 में से 422, प्रयोगशाला सहायक के 791 में से 229, जमादार के 39 में से 39, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं चौकीदार के 1235 में से 902, बुक लिफ्टर के 333 में से 302 पद रिक्त हैं। कुल मिलाकर सरकारी महाविद्यालयों में स्वीकृत 12661 शैक्षिणक एवं अशैक्षिणक स्वीकृत पदों में से सिर्फ 6359 पद पर कार्यरत है तथा 6302 पद रिक्त हैं, अर्थात करीब 50 प्रतिशत पद रिक्त हैं।

राजसेस महाविद्यालयों में प्राचार्य के स्वीकृत 340 पद हैं लेकिन ज्यादातर में नोडल महाविद्यालय से कार्य व्यवस्था पर लगाए हुए शिक्षक नोडल अधिकारी के रूप में अस्थाई व्यवस्था संभाल रहे हैं जो अमानवीय हालातों में कार्य कर रहे हैं क्योंकि इन कॉलेजों में अशैक्षिणक कार्मिक है ही नहीं हैं। राजसेस महाविद्यालयों में सहायक आचार्य के 3867,शारीरिक शिक्षक 297, पुस्तकालय अध्यक्ष के 297, सहायक लेखा अधिकारी प्रथम के 297, प्रशासनिक अधिकारी के 118, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के 222, वरिष्ठ सहायक के 340, कनिष्ठ सहायक के 646, सूचना सहायक के 143, प्रयोगशाला सहायक के 839, प्रयोगशाला परिचारक के 701, कृषि पर्यवेक्षक के 43, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं चौकीदार के 786, बुक लिफ्टर के 299 सहित कल 9756 पद स्वीकृत हैं। इन कॉलेजों में विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी शिक्षक लगाए जाते हैं जिन्हें अक्सर समय पर नहीं लगाया जाता और पाठ्यक्रम पूर्ण होने से पहले ही हटा दिया जाता है जिसका सबसे बुरा असर प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर होता है। यह भी ज्ञात हुआ है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा सहायक आचार्य के 1936 एवं कुछ अशैक्षिणक पदों पर भर्ती प्रक्रिया अधीन है।

उल्लेख है कि राजस्थान के 16 राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में भी शैक्षिणक एवं अशैक्षिणक पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में शिक्षकों के 1883 पर स्वीकृत है जिनमें से 436 पर कार्यरत है तथा 647 पद रिक्त हैं। अशैक्षिणक वर्ग के 1692 स्वीकृत पदों में से 1016 पद रिक्त हैं। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर में 481 शैक्षिणक पद स्वीकृत है जिनमें से 305 पद रिक्त हैं। अशैक्षिणक वर्ग के स्वीकृत 586 पदों में से 185 पद रिक्त हैं। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर में स्वीकृत शैक्षिणक 260 में से 98 पद रिक्त हैं। अशैक्षिणक वर्ग के 485 स्वीकृत पदों में से 247 पद रिक्त हैं। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर में 48 शैक्षिणक पर स्वीकृत है जिसमें से 36 पद रिक्त हैं। 334 स्वीकृत अशैक्षिणक पदों में से 124 पद रिक्त हैं। कोटा विश्वविद्यालय कोटा में 86 शैक्षिणक पद स्वीकृत हैं जिनमें से सिर्फ 22 कार्यरत एवं 64 पद रिक्त हैं। अशैक्षिणक वर्ग के स्वीकृत 141 पदों में से 33 पद रिक्त हैं। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर में स्वीकृत शैक्षिणक 77 पद में से 62 पद रिक्त हैं। अशैक्षिणक वर्ग के स्वीकृत 206 पद में से 122 पद रिक्त हैं।

वर्तमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा में 37 शैक्षिणक पद स्वीकृत हैं जिनमें से 19 पद रिक्त हैं। अशैक्षिणक वर्ग के स्वीकृत 301 पद में से 142 पद रिक्त हैं। राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर में 45 शैक्षिणक पर स्वीकृत हैं लेकिन अभी तक एक भी पद पर नियुक्ति नहीं हो पाई है। अशैक्षिणक वर्ग के स्वीकृत 53 पद में से 23 पद रिक्त हैं। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर में 30 शैक्षिणक पद स्वीकृत है। इन पर भी अभी तक कोई नियुक्ति नहीं हुई है।

अशैक्षिणक वर्ग के स्वीकृत 53 पद में से 43 पद रिक्त हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर में 30 शैक्षिणक पद स्वीकृत है तथा अशैक्षिणक वर्ग के स्वीकृत 76 पद में से 45 पद रिक्त हैं। गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा में 30 शैक्षिणक एवं 40 अशैक्षिणक श्रेणी के पद स्वीकृत है जिनमें से ज्यादातर पदों पर प्रतिनियुक्ति के जरिए काम चलाऊ व्यवस्था की हुई है। हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर में स्वीकृत 32 शैक्षिणक पद में से 25 अर्थात 78 प्रतिशत पद रिक्त हैं। अशैक्षिणक वर्ग के 63 स्वीकृत पद में से 25 पद रिक्त हैं। एमबीएम विश्वविद्यालय जोधपुर में स्वीकृत 200 शैक्षिणक पद में से 147 तथा अशैक्षिणक वर्ग के स्वीकृत 307 पदों में से 256 पद रिक्त हैं। डॉ.भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर में स्वीकृत सभी 40 शैक्षिणक पद रिक्त हैं तथा 54 अशैक्षिणक स्वीकृत पद में से 53 पद रिक्त हैं। महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ गवर्नेंस और सोशल साइंसेज जयपुर में स्वीकृत शैक्षिणक 40 एवं अशैक्षिणक वर्ग के स्वीकृत सभी 6 पद रिक्त हैं। कार्य व्यवस्था के तहत काम चलाया जा रहा है। अलवर, भरतपुर, सीकर, बीकानेर में खोले गए कुछ वर्ष पूर्व के नए विश्वविद्यालयों एवं डॉ.भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर को तो बजट आवंटन ऊंट के मुंह में जीरे के समान रहा है।

**प्रो. रमेश बैरवा**
**(प्रदेश संयोजक)**
**राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ-रुक्टा (डेमोक्रेटिक)**

# शोभायात्रा के साथ "जालोर महोत्सव" का आगाज



जालोर महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ध्वजा लहराकर कियाा

**जालोर,** (कासं)। पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन एवं जालोर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसिय जालोर महोत्सव-2025 का आगाज शनिवार को शोभायात्रा के साथ हुआ। दिनभर सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। वहीं 16 फरवरी को रन फॉर जालोर दौड़ का आयोजन प्रात: 8.30 बजे किया जायेगा। रात्रि 8 बजे बॉलीवुड नाईट रॉक स्टार में स्वागत राठौड़ व पल्लवी दाभोलकर अपने सुरीले आवाज का जादू बिखरेंगे।

जालोर महोत्सव के शुंभारंभ पर जिला मुख्यालय पर पारम्परिक परिधानों में सुसज्जित पुरूष एवं रंग-बिरंगी पोशाकों में महिलाओं व बच्चों सहित बड़ी संख्या में शहरवासी शोभायात्रा में शरीक हुए। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव व जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर ने हरी झण्डी दिखाकर हनुमानशाला से शोभायात्रा को रवाना कर महोत्सव का आगाज किया जो शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम प्रांगण में पहुंची। शोभायात्रा के पश्चात् जालोर महोत्सव का उद्घाटन समारोह राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर ने स्वागत उद्बोधन एवं महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जालोर महोत्सव के कार्यक्रमों उत्साहपूर्वक भाग लेने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जालोर महोत्सव जालोर जिले के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वैभव का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि जालोर जिले को पर्यटन एवं विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। जालोर की सांस्कृतिक व ऐतिहासिक ख्याति देश-विदेश में बढ़े, इसके लिए उन्होंने वॉकल फॉर लोकल की तर्ज पर कार्य करने की बात कही। उन्होंने जालोर महोत्सव के माध्यम से जालोर के खेसला उद्योग, जूती उद्योग, ग्रेनाइट उद्योग सहित स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित किये जाने की बात कही। जालोर महोत्सव में राजीविका की ओर से राजसखी स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए गए। वहीं पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, भारतीय डाक विभाग, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुर्वेद व जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा स्टॉल्स के माध्यम से विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही हैं। जालोर महोत्सव के उद्घाटन समारोह में भीनमाल निवासी इंजीनियर भरत वैष्णव ने ड्रोन के माध्यम से लडाकू विमानों की कलाबाजी दिखाई। वहीं गुलाल उडाकर महोत्सव रंगमयी बना दिया। इस अवसर पर जालोर महोत्सव की कोर कमेटी के पन्नालाल सोलंकी, नारायणलाल भट्ट व कानाराम परमार, जालोर महोत्सव के समन्वयक रतन सुथार, रवि सोलंकी, नितिन सोलंकी, सांस्कृतिक समन्वयक रितु टांक, महेश भट्ट गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, हितेष प्रजापत सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों के समन्वयक सहित स्काउट, एनसीसी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जालोर महोत्सव के तहत स्टेडियम स्थित नटराज मंच पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आगाज कार्यक्रम समन्वयक रितु टांक के सानिध्य में हुआ। स्टेडिमय प्रांगण में बनाये गये अलग-अलग मैदानों पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ।

# 10 हजार पदोन्नत लेक्चरर की काउंसलिंग अटकी

**बीकानेर,** (निसं)। 5 हजार पदोन्नत प्रिंसिपल के बाद अब 10 हजार पदोन्नत लेक्चरर की ऑनलाइन काउंसलिंग बीच में ही अटक गई है। पूर्व में जारी टाइम शेड्यूल के मुताबिक पदोन्नत व्याख्याता को 12 फरवरी तक पदस्थापन दिया जाना था, लेकिन पिछले पांच दिनों से सर्वर डाउन होने के कारण काउंसलिंग की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। हालांकि प्रिंसिपल की काउंसलिंग को शिक्षा विभाग ने स्थगित कर दिया है, लेकिन पदोन्नत लेक्चरर की काउंसलिंग को लेकर फिलहाल कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। ऐसे में 10515 लेक्चरर असमंजस की स्थिति में हैं।


शिक्षकों का कहना है कि एक ओर शिक्षा विभाग सर्वर डाउन होने का तर्क दे रहा है, दूसरी ओर इसी शाला दर्पण पोर्टल पर आठवीं और पांचवीं बोर्ड परीक्षा के फॉर्म सहित अन्य सभी कार्य पूर्ण किए जा रहे हैं। दरअसल, पदोन्नत लेक्चर काउंसलिंग को तीसरी बार रोका गया है। वरिष्ठ अध्यापक से लेक्चरर पदों की डीपीसी पिछले साल 20 नवंबर को की गई थी, लेकिन अभी तक व्याख्याता को स्कूलों में नई जगह पोस्टिंग नहीं मिली है। काउंसलिंग की प्रक्रिया को बीच में रोकने का शिक्षा विभाग ने भी स्पष्ट कारण नहीं बताया है।

**■ पिछले पांच दिन से सर्वर डाउन होने के कारण काउंसलिंग की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है, 10515 लेक्चरर असमंजस में**

महेंद्र पांडे, मुख्य महामंत्री, राजस्थान प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ ने बताया कि ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया को शुरू कर चलती हुई काउंसलिंग का रुक जाना और काउंसलिंग रुकने का कारण नहीं बताना न्याय संगत नहीं है। शिक्षा विभाग को चाहिए कि यदि ऑनलाइन काउंसलिंग संभव नहीं हो रही है तो पदोन्नत शिक्षकों को ऑफलाइन काउंसलिंग के जरिए पदस्थापन दिया जाए।

मनीष कस्वां, प्रदेश महामंत्री, राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद का कहना है कि ऑनलाइन काउंसलिंग के अलावा अन्य सभी काम शाला दर्पण पोर्टल पर हो रहे हैं। शिक्षा विभाग सर्वर डाउन के नाम पर बेवजह काउंसलिंग प्रक्रिया को बार-बार स्थगित कर रहा है।

## राशिफल रविवार 16 फरवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, हस्त नक्षत्र रात्रि 4:31 तक, धृति योग प्रात: 8:06 तक, बव करण दिन 1:04 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-मिथुन, बुध-कुम्भ, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 2:16 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 4:31 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:30 से 9:54 तक, लाभ-अमृत 9:54 से 12:41 तक, शुभ 2:05 से 3:28 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:07, सूर्यास्त 6:15

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**वृष**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मिथुन**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**कर्क**
आज मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**सिंह**
पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आज वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**तुला**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**वृश्चिक**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**धनु**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। चलते कार्यों में प्रगति होगी। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

**मकर**
महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कुंभ**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों में परेशानी का सामना पड़ सकता है।

**मीन**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

## संक्षिप्त

### होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आज

**रतनगढ़**(निसं)रतनगढ़ पत्रकार संघ के तत्वावधान में स्वर्गीय जमनादेवी एवं सुखीदेवी सारस्वत की स्मृति में निशुल्क एक्युप्रेशर व होम्योपैथी चिकित्सा शिविर 16 व 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सारस्वत के सौजन्य से रतनगढ़ जैन परिषद भवन में आयोजित शिविर में एक्युप्रेशर विशेषज्ञ सीताराम व होम्योपैथी चिकित्सक पुरूषोत्तमलाल शर्मा अपनी सेवाएं देंगे। सारस्वत ने बताया कि शिविर में घुटनों का दर्द, जोड़ों का दर्द, लकवा, ब्लडप्रेशर, पुराना सिरदर्द, शुगर, पेट दर्द, हाथ व पैर में सुनापन, पथरी, सफेद दाग, खाज-खुजली, बवासीर, गठिया, दाद, नजला आदि रोगों का उपचार किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ संत सानिध्य में रविवार की सुबह 10 बजे किया जाएगा।

### फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**रतनगढ़**(निसं)संचियालाल बैद राजकीय बा उ माध्यमिक विद्यालय में फेयरवेल कार्यक्रम रुकमणी देवी अध्यक्षता में मनाया गया।संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद शर्मा ने छात्राओं से मनोयोग से अध्ययन करने को कहा।छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।खुशबू प्रजापत को मिस फेयरवेल चुना गया।कुर्सी दौड़ में शिशुपाल घुघरवाल ,रमा खैरवाल प्रथम रही।श्रवण ढाका ,मनोज सारस्वत, उम्मेद सिंह ,लीलाधर शर्मा,गुड्डी मीणा, वंदना अठावाल ,सरोज महला ,उषा माली उपस्थित थी।संचालन यासमीन व अंजू चौहान ने किया

### लॉयंस क्लब की ओर से कैंप आयोजित

**झुंझुनूं**, लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में शनिवार को लॉयन डॉ. जगदेव सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष में उनके आर्थिक सौजन्य से कैल्शियम की जांच, न्यूरोपैथी पेन, बीपी शुगर, विटामिन डी की जांच के लिए निशुल्क परामर्श एवं चिकित्सा शिविर मान नगर स्थित बीआर टावर के पास आयोजित किया गया। निशुल्क शिविर में 40 रोगियों की बीपी, शुगर, विटामिन डी, कैल्शियम, न्यूरोपैथी पेन की जांच की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन शिवकुमार जांगिड़, लॉयन डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन डॉ. जगदेव सिंह, लॉयन ओमप्रकाश जांगिड़ एवं प्रायोजक व संयोजक लॉयन डॉ. जगदेव सिंह सहित अन्य जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर लायन सदस्यों ने डॉ. जगदेव सिंह को दुपट्टा पहना कर व गमले में लगा वृक्ष देकर जन्म दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी।

### डीपीएस के विद्यार्थियों को आठ मैडल जीते

**डूंडलोद**, ।इंटरनेशनल ओलिंपियाड फैडरेशन के शनिवार को घोषित हुए परिणामों में डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड, चार सिल्वर तथा तीन ब्रॉन्ज मैडल जीते। छात्र दुष्यंत सिंह ने गोल्ड, आइना ढाका, नमन सिंह, उत्तम धामा, अश्विनी ढाका ने सिल्वर तथा सर्विका सैनी, सार्थक मांजू व अंशु कुमारी ने ब्रॉन्ज मैडल जीते। विद्यार्थियों का कुशल एवं प्रभावी मार्गदर्शन करने के लिए प्राचार्य जी. प्रकाश को ग्लोबल एज्यूकेटर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह विद्यालय के लिए विशेष गर्व का क्षण था। इस अवसर पर प्राचार्य जी. प्रकाश ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा ही नहीं है। बल्कि सभी विद्यार्थियों, अनुभवी एवं योग्य अध्यापकों एवं डीपीएस परिवार का सम्मान है। विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने विद्यार्थियों एवं प्राचार्य जी को बधाई देते हुए कहा कि यह संस्था के लिए बड़े गर्व की बात है। सफलता एक दर्पण है जिसमे सार्थक परिश्रम के दर्शन होते हैं। हमारे विद्यार्थी एवं समस्त फैकल्टी इस प्रकार की उपलब्ध्यिों को अर्जित करने में सिद्धहस्त है। कार्यक्रम में विद्यालय संचालन समिति के सदस्य राहुल रणवां, उप प्रधानाचार्य डी. लाल, एसआईपी प्रभारी राहुल मिश्रा, प्रभारी रेखा स्वामी, सुमनलता, मनजीत कौर तथा समस्त डीपीएस परिवार उपस्थित था।

### फिल्म पॉइंट जीरो की शूटिंग कल से

**गुढ़ागौड़जी**, । कस्बे में पारस देवी प्रोडक्शन द्वारा देशभक्ति से परिपूर्ण फिल्म पॉइंट जीरो का निर्माण हो रहा है। इसके निर्माता ममता जैन हैं। लेखक व निर्देशक क्षितिज कुमार है। जो मय टीम गुढ़ागौड़जी पहुंच गए हैं। कस्बे में 17 फरवरी को सुबह 11 बजे फिल्म का मुहूर्त होगा।

# एम.ए. और एम.एस.सी. सेमेस्टर प्रथम का एक पेपर हुआ आउट!

**मेथ्स सैकंड के लिफाफे में निकला मेथ्स थर्ड का पेपर**

**झुंझुनूं**, । शेखावाटी यूनिवर्सिटी के पेपरों में गड़बड़ी सामने आई है। दरअसल शनिवार को शेखावाटी यूनिवर्सिटी के एमए और एमएसी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का दोपहर की पारी में दो बजे से मेथ्स सैकंड का पेपर था। लेकिन जब परीक्षा केंद्रों में 15 फरवरी के पेपर का लिफाफा खोला गया। तो उसमें 18 फरवरी को प्रस्तावित मेथ्स थर्ड का पेपर निकल आया। जिसके बाद हड़कंप मच गया। परीक्षा केंद्राधीक्षकों ने एक-दूसरे को और शेखावाटी यूनिवर्सिटी के जिम्मेदार अधिकारियों से फोन पर इसकी सूचना दी।

इसके बाद 18 फरवरी को प्रसतावित मेथ्स थर्ड का लिफाफा खोला गया तो उसमें से 15 फरवरी, यानि कि शनिवार को होने वाला मेथ्स सैकंड का पेपर निकला। हालांकि आज तो 18 फरवरी के लिफाफे में निकले मेथ्स सैकंड के पेपर से एग्जाम करवा लिया गया। लेकिन 18 फरवरी का पेपर निश्चित तारीख और समय से पहले लिफाफे के बाहर निकलने के बाद एक तरह से आउट की श्रेणी में आ गया। इस मामले में झुंझुनूं के कॉलेज प्रिंसिपल कुछ भी कहने से बच रहे है। बताया जा रहा है कि आज की तारीख के बंद लिफाफे में निकले 18 फरवरी के पेपर को कुछ कॉलेजों में लिफाफे से बाहर आते ही देख लिया गया था। तो कई जगहों पर परीक्षार्थियों तक भी पेपर पहुंचने की अपुष्ट सूचना है। वहीं पेपर गलत आने के बाद यूनिवर्सिटी ने भी तुरता फुरती में सभी कॉलेजों को शनिवार का लिफाफा ना खोलने के लिए फोन किए बताए। जिससे काफी जगहों पर लिफाफा खुला भी नहीं। उससे पहले ही 18 फरवरी का लिफाफा खोलकर शनिवार के पेपर निकालकर परीक्षार्थियों को दिए गए। लेकिन यूनिवर्सिटी के जिम्मेदार अधिकारी इसे चूक मानते हुए कह रहे कि 18 फरवरी को एमए एमएससी प्रथम सेमेस्टर के मेथ्स थर्ड की एग्जाम होगी। जल्द ही सभी परीक्षा केंद्रों पर नया पेपर भिजवा दिया जाएगा। वहीं इस गड़बड़ी को लेकर यूनिवर्सिटी ने अपने स्तर पर जांच भी शुरू कर दी है। आपको बता दें कि यूनिवर्सिटी के पेपरों में गड़बड़ी का यह कोई नया मामला नहीं है। 2021 में तो परीक्षा के दौरान पेपरों में काफी गड़बड़ी मिली थी। बहरहाल, देखने वाली बात यह होगी कि यूनिवर्सिटी इस मामले में किस पर और कब कार्रवाई करता है।इधर, परीक्षा देने के बाद बाहर आए परीक्षार्थियों ने बताया कि उन्हें समय पर पेपर मिल गया था। पेपर के दौरान उन्हें पेपर गलत आने की कोई जानकारी मिली। अच्छा पेपर था। सकारात्मक माहौल में पेपर दिया।

**इनका कहना है...**

सूचना मिली है। अभी मामले की जांच कर रहे है। पूरी जांच रिपोर्ट और सभी जगहों पर बातचीत होने के बाद अधिकारिक तौर पर कुछ कह सकते है। अरबिंदम बसु, परीक्षा नियंत्रक, शेखावाटी यूनिवर्सिटी, सीकर लिफाफे के उपर लगे स्टीकर के कारण गलत पेपर निकला है। तुरंत ही सही पेपर के लिए सभी कॉलेजों को बोल दिया था। आज का पेपर सही हो गया है। 18 फरवरी को नया पेपर सभी परीक्षा केंद्रों पर भिजवाने के लिए चर्चा चल रही है। परीक्षार्थियों को आज भी परेशान नहीं होने दिया और 18 फरवरी को भी परीक्षा सकारात्मक माहौल में परीक्षा दें, यही विश्वविद्यालय की मंशा है।

## अलूंछ की सरकारी स्कूल में बनेगा इंदिरा देवी बैद स्मृति सभागार

**रतनगढ़**(निसं)तहसील के ठााम लूंछ की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह जोधराज बैद परिवार के जी पी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा बनवाए जा रहे इंदिरा देवी बैद स्मृति सभागार का निर्माण शनिवार को विधि - विधान पूर्वक प्रारंभ हुआ । लगभग तीस लाख की लागत से बनने वाले सभागार का भूमिपूजन साहित्य कला संगम के अध्यक्ष वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी के सान्निध्य में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित शिक्षक और भामाशाह प्रेरक कुलदीप व्यास ने सपत्नीक किया । पंडित सत्यनारायण धर्ड के आचार्यत्व में शिला पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया । इससे पूर्व ठाामवासियों ने बैद परिवार के प्रतिनिधि के रूप में वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी का दुपट्टा और माल्यार्पण कर स्वागत किया । गोस्वामी ने मंगल भाव व्यक्त करते हुए बैद परिवार द्वारा निर्धन एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था हेतु निरंतर किए जा रहे योगदान को प्रेरणादाई बताया । उन्होंने दान और सद्कर्म की महिमा भी बताई ।

## सार-समाचार

### वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए अर्जुनलाल केडिया का हुआ सम्मान

**झुंझुनूं**, । दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के तत्वावधान में सीकर ब्रांच ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई के संयोजन में होटल रॉयल इन सीकर में शनिवार को इनकम टैक्स एवं जीएसटी पर सेमीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीए इंस्टीट्यूट के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इंस्टीट्यूट की ओर से 75 वर्ष से अधिक उम्र के सीए का सम्मान किया गया। जिसमें हमारे झुंझुनूं के वरिष्ठ सीए अर्जुनलाल केडिया का सम्मान माल्यार्पण, सम्मान पत्र, मोमेंटो एवं शॉल द्वारा किया गया। जिसे उनके सुपुत्र सीए पवन केडिया ने ठाहण किया। इस अवसर पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान भी उपस्थित थे। सेमीनार में बतौर अतिथि सीए रोहित रुवातिया, अरपित काबरा, संजीव सान्धि, अंकुर कुमार गुप्ता, रुचि गुप्ता, निर्भिक गांधी एवं वक्ता अनूप भाटिया एवं जतिन हरजाई ने सेमीनार में इनकम टैक्स एवं जीएसटी के विभिन्न प्रावधानों के बारे में जानकारी से अवगत करवाया। कार्यक्रम में सीकर ब्रांच के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नित होने पर किया सम्मान

**खिरोड़**, । नवलड़ी के चौधरी रामेश्वरलाल मूलाराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत प्रधानाचार्य मैनपाल सिंह की जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नित होने पर विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। प्रधानाचार्य मैनपाल सिंह के जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नित होने पर विद्यालय स्टाफ सदस्यों व ठाामीणों ने उनका सम्मान किया। इस मौके पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी उम्मेद सिंह महला, सुशील कुमार मील, समाजसेवी गोवर्धन मीणा, दीपक कुमार, सुरेंद्र शर्मा, राजवीर सिंह, मुस्ताक खान, राजेश कुमार, सुरेश कुमार, मनवीर सिंह, सोनिया सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### श्री वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर में फागोत्सव दो मार्च को

**खिरोड़**,। लोहार्गल धाम की चौबीस कोसीय परिक्रमा मार्ग में आने वाले गांव रामपुरा में स्थित श्री वीर हनुमान दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर, संत आश्रम में आगामी दो मार्च को फागोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। संत आश्रम व लोहार्गल धाम के श्री वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर के महंत स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज के मुताबिक कार्यक्रम का शुभारंभ श्री वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी की विशेष पूजा अर्चना के साथ होगा। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर को विशेष रूप से शृंगारित श्रृंगारित किया जाएगा। फागोत्सव कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों द्वारा रोचक एवं मनभावन भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। फागोत्सव के विशाल कार्यक्रम में आसपास के गांवों सहित दूर दराज से भी श्रद्धालु भाग लेंगे।

### गोगामेड़ी धाम सीगड़ा में भूमि पूजन कर नलकूप निर्माण शुरू

**झुंझुनू**।समीपवर्ती सीगड़ा दड़िया का बास के गोगा मेड़ी धाम पर नए नलकूप का निर्माण शुरू किया गया। पंडित रामदेव शर्मा वाहिदपुरा ने मंत्रोच्चारण के साथ यजमान भगत चंदगीराम बलौदा व पत्नी संतोष को पूजा करवाई। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश तेतरवाल, भागीरथ दड़िया, मास्टर भानीराम झाझड़िया, प्रताप मीणा, रणजीत ठेकेदार ने पहला फावड़ा लगाकर शुभ शुरुआत की। जनसहयोग से बनने वाले नलकूप के अलावा धाम पर अन्य विकास कार्य भी शीघ्र करवाने की योजना बनाई गई। इस अवसर पर हरिसिंह खीचड़, रामदेव खीचड़, रोहिताश डीलर, संजू खीचड़, मुखराम, राजेश, मनीराम, परमेश्वरी, सुमन, प्रकाश, शारदा, संतोष आदि उपस्थित रहे।

### जयपहाड़ी में सत्संग भवन का निर्माण प्रारंभ

**झुंझुनूं**, । श्री ठाकुर जी (गोपीनाथ जी मंदिर) जय पहाड़ी में एक नए सत्संग हाल व हवन परिसर का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। यह निर्माण कार्य स्वर्गीय इंजीनियर प्रहलाद सिंह शेखावत की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी उमेश कंवर द्वारा करवाया जा रहा है। इस सत्संग भवन का भूमि पूजन शिलान्यास परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अर्जुनदास महाराज श्री दादू द्वारा बगड़ के पावन करकमलों द्वारा रखा गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान प्रमेंद्र सिंह शेखावत द्वारा पंडित प्रकाश कालीपहाड़ी के आचार्यत्व में धार्मिक अनुष्ठान विधिवत पूजा करवाई गई। जिसमें एडवोकेट बिरजू सिंह, महेंद्र सिंह, डॉ. गुलाबसिंह, संदीपसिंह, रविंद्रसिंह, जगदीशसिंह सहित परिवारजन एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र बनेगा और आगामी समय में अधिक संख्या में श्रद्धालु यहां आकर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे।

### चंदवा में मोटिवेशनल सेमीनार का आयोजन

**झुंझुनूं**, । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदवा में नव पदोन्नत जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश तेतरवाल ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए समय एवं तनाव प्रबंधन पर विशेष सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने और प्रभावी अध्ययन तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान निर्माणाधीन विद्यालय भवन का दौरा भी किया गया। जिसमें विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्री कमलेश तेतरवाल का जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नित होने की खुशी में माल्यार्पण, साफा एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य सम्मान किया गया।

# पोस्टमार्टम नहीं करने पर परिजनों ने किया अस्पताल में हंगामा

**खेतड़ी में शादी से लौट रहे युवकों को पिछे से आ रही बाइक ने मारी टक्कर, हादसे में एक युवक की मौत, दूसरे घायल को गंभीर हालत में किया जयपुर रैफर**

**खेतड़ी**, ( निसं ) खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के ढ़ाणी भरगड़ान के पास देर रात को शादी से लौट रहे दो युवकों को बाइक ने टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे में घायल की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर किया गया है। राजोता सरपंच गोपीराम व रामनिवास लादी ने बताया कि ढाणी लगरिया वाली तन चिरानी निवासी नवीन (13) पुत्र दीपक कुमार, निखिल (18) पुत्र धुडाराम रात को ढाणी भरगड़ान में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। वापस आते समय वह सड़क किनारे पैदल चल रहे थे तो पिछे से आ रही बाइक ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए 108 एंबुलेंस के पायलट सतीश मान व ईएमटी प्रकाश कुमार ने सिंघाना के राजकीय अस्पताल में पहुंचाया। हादसे में घायल नवीन कुमार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल निखिल को पहले झुंझुनूं तथा बाद में जयपुर रैफर किया गया है। मृतक नवीन कुमार अपने परिवार में इकलौता था, उसका पिता मजदूरी करता है। नवीन आठवीं कक्षा में झुंझुनूं स्थित देवनारायण योजना में पढ़ाई कर रहा था। वहीं हादसे में घायल सीकर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है तथा परिवार में शादी समारोह होने के कारण तीन दिन पहले ही सीकर से आया था। हादसे की सूचना पर खेतड़ीनगर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। वहीं मृतक नवीन कुमार का परिजनों की मौजूदगी में राजकीय उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल ने बताया कि मामले की गहनता से जानकारी जुटाई जा रही है। परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खेतड़ी पुलिस ने मंदिर में चोरी करने के आरोपी को किया गिरफ्तार,

**खेतड़ी**, ( निसं ) खेतड़ी पुलिस ने रोजड़ा गांव के मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नशा करने के लिए रूपए नहीं होने पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। थानाधिकारी गोपाल लाल जांगिड़ ने बताया कि 13 फरवरी को रोजड़ा निवासी मोतीलाल ने रिपोर्ट दी कि वह गांव के ठाकुर जी मंदिर में पुजारी है। जब वह मंदिर में पूजा करने के लिए गया तो देखा कि मंदिर के गेट का ताला टुटा हुआ है। इस दौरान जब उन्होंने अंदर जाकर मंदिर में अष्ट धातु की मूर्ति, पीतल व कांसे के बर्तन गायब मिले। मंदिर में चोरी होने की सूचना पर सैकड़ों ठाामीण एकत्रित हो गए तथा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी शरद चौधरी ने एक विशेष टीम का गठन कर चोरी की वारदात करने के आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस ने कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पुछताछ की तो सामने आया कि मंदिर में चोरी विजेंद्र उर्फ भोलाराम पुत्र ओमप्रकाश गुर्जर ने की है। जिस पर पुलिस ने गांव में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नशा करने का आदी है। उसने रुपए खत्म होने पर नशा करने के लिए चोरी की वारदात की। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मंदिर से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस टीम ने थानाधिकारी गोपाल लाल जांगिड़, एसआई बनवारीलाल यादव, एचसी दिनेश कुमार, कांस्टेबल राकेश कुमार मोडसरा, महेश कुमार, पंकज कुमार, अनिल कुमार आदि शामिल थे।

## जमीन हड़पने को लेकर, गोठड़ा थाने में हुई रिपोर्ट दर्ज

**खिरोड़**, । गढवालों की ढाणी दक्षिण के निवासी सुरेंद्र पुत्र केसरदेव गुर्जर ने गोठड़ा थाने में जमीन हड़पने व मारपीट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सुरेंद्र कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि हमने 13-14 साल पहले बनवारीलाल व बिरजूराम पुत्र जीवण, भंवरी पत्नी किशनलाल, मुकेश पुत्र कृष्णराम, संतोष पुत्री केशरदेव, सुरेंद्र पुत्र केशरदेव, सुरेश पुत्र किशनलाल आदि ने मिलकर हमारी जमीन ओमप्रकाश गुर्जर पुत्र हनुमान राम को हमारी जमीन में से कुछ हिस्सा बेचा था। जिसका कब्जा ओमप्रकाश को उसी समय पर दे दिया था। उसमें से ओमप्रकाश ने जमीन की मिट्टी को बेच दिया। जिससे जमीन में फसल नहीं हो सकती और अब ओमप्रकाश अपनी कब्जा सुधा जमीन को छोड़कर हमारी पूरी जमीन पर कब्जा कर रहा है, को लेकर गुरुवार को दोपहर 2 बजे के लगभग ओमप्रकाश ने अपने भाई बीरबल, पोखरमल, संतोष पत्नी पूरणमल व अन्य व्यक्तियों को बुलाया जिनके हाथ में धारदार हथियार लाठी इत्यादि थे।

# केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का बड़ा बयान

**कांग्रेस नेताओं के एजेंट होने की खबरें, कांग्रेस के लिए बड़ी बात नहीं, लेकिन देश के लिए चिंता का विषय जरूर है**

**झुंझुनू** ।जिले के दौरे पर आए केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी के आईएसआई एजेंट होने की खबरों के बाद बड़ा बयान दिया है। उन्होंने झुंझुनूं में कहा है कि कांग्रेस के नेताओं के एजेंट होने की खबर कांग्रेस के लिए नई नहीं है। लेकिन देश के लिए चिंता का विषय जरूर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार किसी भी सूरत में देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी। चाहे खिलवाड़ करने की कोशिश देश की धरती पर हो रहा है या फिर देश के बाहर। हमने सर्जिकल स्ट्राइक से दिखाया है कि खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य का बजट आने वाला है। हमनें राज्य सरकार से निवेदन किया है कि इस बजट में इस तरह की कार्ययोजना प्रस्तुत करें। ताकि जल जीवन मिशन का कार्य 2028 तक, यानि कि विधानसभा चुनाव से पहले पहले पूरा हो जाए। राजस्थान की माताओं और बहनों को सिर पर पानी ढ ोने से आजादी मिल जाए। हर घर तक पानी पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने उदासीनता और बदनियती के कारण इस योजना को भ्रष्टाचार की भेंट चढ ा दिया था। सर्वाधिक संसाधन देने के बावजूद भी कार्य नहीं हुआ था। इस मौके पर उन्होंने दिल्ली के चुनावों में जीत के लिए दिल्ली के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के आगे केजरीवाल के झूठ, लूट और भ्रष्टाचार की हार हुई है। अब देश के दिल में भी डबल ईंजन की सरकार होगी और जो वादे भाजपा ने किए है। वो पूरे होंगे। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि ईमानदारी का लवाजा ओढ कर राजनीति करने वाले केजरीवाल ने दिल्ली को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया था। इस मौके पर उन्होंने पर्यटन को लेकर चर्चा की और कहा कि कोविड के बाद विश्वभर में टुरिज्म की प्राथमिकता बदली है। इसके अनुसार ही अब भारत में एक्सपीरियंस टुरिज्म को बढ ावा देने के लिए राज्यों से प्लान साझा किया है। जिसमें ना केवल एग्रो, बल्कि वाइल्ड लाइफ, एक्टिविटी, एडवेंचर और नेचुरल टुरिज्म आदि शामिल है। इससे पहले झुंझुनूं विधायक सेवा केंद्र पर पहुंचने पर यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, विधायक राजेंद्र भांबू, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी तथा भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां की अगुवाई में 51 किलो की माला पहनाकर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया गया।

## महाराज की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम संपन्न

**झुंझुनूं**, । प्रातः स्मरणीय एवं हमारे श्रद्धेय श्री श्री 1008 श्री आत्ममुनि महाराज की पुण्य तिथि के पावन अवसर पर प्रसिद्ध शक्तिपीठ शाकंभरी में पहाड़ी स्थित मुनि आश्रम में मुनि जी महाराज की मूर्ति स्थापना अनंतश्री विभूषित श्री महंत श्री मौनी बाबा कोटवन मथुरा यूपी के पावन कर कमलों द्वारा शनिवार सुबह 8.15 बजे पूजा अर्चना कार्यक्रम के साथ विधि विधान पूर्वक की गई। मूर्ति स्थापना के बाद 11:15 बजे से संत पूजन व बाद में भंडारा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया। शुक्रवार शाम हवन का आयोजन हुआ जिसमें जन कल्याण के लिए आहुतियां दी गई। रात को भजन संध्या में स्थानीय और बाहरी कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। आत्ममुनि महाराज की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के दौरान तीन दिन धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस अवसर पर श्री मुनि आश्रम प्रबंधक समिति अध्यक्ष बाबूलाल चिरानिया लक्ष्मणगढ़, राजकुमार चौमाल सचिव, किशोर सैनी कोषाध्यक्ष, बिलास सैनी, बुधराम सैनी, जय सिंह, अजय सिंह, बृजकिशोर अठावाल, विमल चिरानिया, मुनि जी महाराज के परम भक्त मुंबई प्रवासी अर्चना अनिल पाटोदिया सहित झुंझुनूं से प्रदीप पाटोदिया, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, डॉ. डीएन तुलस्यान, डॉ. रवि शर्मा, प्रकाशचंद्र शर्मा, मोहनलाल बियाला, एसबीबीजे रिटायर बैंक मैनेजर देवकीनंदन शर्मा सहित अन्य भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सीकेआरडी अस्पताल में मॉक ड्रिल का आयोजन

**झुंझुनूं**,। आपातकालीन तैयारियों को बढ़ाने की दिशा में एक सक्रिय कदम में सीकेआरडी अस्पताल झुंझुनूं ने बाहरी आपदा की स्थिति में अपनी प्रतिक्रिया क्षमताओं का आंकलन करने के लिए आज एक मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया। ड्रिल के हिस्से के रूप में, एक नकली दुर्घटना दृश्य बनाया गया था और कुछ ही मिनटों के भीतर, अस्पताल की आपातकालीन चिकित्सा टीम हताहतों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए मौके पर पहुंच गई। इस अभ्यास का उद्देश्य बड़े पैमाने पर हताहत की घटनाओं से निपटने में अस्पताल के प्रतिक्रिया समय, समन्वय और दक्षता का मूल्यांकन करना था। डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स और आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों सहित चिकित्सा कर्मचारियों के लिए वास्तविक समय का अनुभव सुनिश्चित करने के लिए ड्रिल की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई थी। उनकी त्वरित और अच्छी तरह से समन्वित कार्रवाई ने अप्रत्याशित आपात स्थितियों से निपटने के लिए अस्पताल की तैयारी को उजागर किया और रोगी सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया। इस अवसर पर बोलते हुए अस्पताल के निदेशक डॉ. लालचंद ढाका ने कहा कि आपातकालीन तैयारी स्वास्थ्य देखभाल का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस मॉक ड्रिल ने न केवल हमें अपने प्रतिक्रिया तंत्र का परीक्षण करने में मदद की, बल्कि हमारे कर्मचारियों को वास्तविक जीवन की आपात स्थितियों के दौरान कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए प्रशिक्षित भी किया और यह अस्पताल किसी भी बाहरी आपदा से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहता है तथा सीकेआरडी अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने और समुदाय के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है।

## पोस्टमार्टम के लिए परिजनों ने किया हंगामा

**खेतड़ी** । राजकीय उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम को लेकर परिजनों को तीन घंटे इंतजार करना पड़ा। इस दौरान मृतक के परिजनों ने हंगामा कर दिया। रामनिवास लादी ने बताया कि रात को सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद सुबह परिजन व पुलिस अस्पताल में पंहुच गए थे। इस दौरान मेडिकल ज्यूरिस्ट 11 बजे तक ओपीडी देख रहे थे। इसके बाद वह कमरा बंद कर चले गए। जब परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए कहा तो डॉक्टर एक दूसरे पर पोस्टमार्टम करने की जिम्मेदारी डालते रहे। परिजनों के हंगामे के बाद पोस्टमार्टम किया गया। अस्पताल में आए मरीजों ने बताया कि अस्पताल में व्यवस्था सही नहीं होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में व्यवस्था सुधारने को लेकर ठाामीणों की ओर से प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से गुहार भी लगा चुके है। अस्पताल में व्यवस्थाओं को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुका है।

# विधायक सेवा केंद्र में विधायक राजेंद्र भांबू के नेतृत्व में हुआ स्वागत

**झुंझुनूं**, ।आने वाले दिनों में जयपुर, कोटा और जोधपुर में दो-दो नहीं, बल्कि एक ही नगर निगम पूर्व की तरह रहेगा। यह जानकारी दी है यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने। झुंझुनूं दौरे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि पूर्व की सरकार ने जयपुर, कोटा, जोधपुर में दो-दो नगर निगम बनाने का कार्य किया। वो एक राजनैतिक फैसला था। उसमें जनता से कोई सरोकार नहीं था। जब तीन-साढ़े तीन करोड़ की जनसंख्या पर मुंबई जैसे शहर में महानगरपालिका बड़े अच्छे ढंग से चल सकती है तो फिर जयपुर, जोधपुर और कोटा में तो मुंबई के मुकाबले 10 प्रतिशत भी जनसंख्या नहीं है। इसलिए सरकार ने सैद्धांतिक निर्णय ले लिया है। जल्द ही इन तीनों शहरों में दो की जगह पूर्व की तरह एक ही नगर निगम होगा। इस मौके पर उन्होंने निकाय अध्यक्षों के सीधे चुनावों के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि फिलहाल हम निकाय सीमांकन और वार्डों के पुर्नगठन का काम कर रहे है। इसके बाद निकाय अध्यक्षों के सीधे चुनावों को लेकर भी जनता व जनप्रतिनिधियों से चर्चा करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2018 से 2023 तक गहलोत सरकार में वार्डों का पुर्नगठन गलत तरीके से किया गया। किसी वार्ड में 1800 वोट थे। तो किसी किसी वार्ड में पांच से छह हजार वोट थे। इसलिए पुर्नगठन की आवश्यकता पड़ी है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर पंचायतों को नगरपालिका बनाने की मांग आ रही है। जो पंचायतें मानक और मापदंड पूरे करेंगे। उन्हें नगरपालिका में क्रमोन्नत करेंगे। साथ ही दावा किया कि जुलाई 2024 में भजनलाल सरकार ने जो पहला बजट दिया था। 19 फरवरी 2025 को आने वाला बजट उससे कहीं ज्यादा बेहतर होगा। जो विकास की व्यापक योजना और संभावनाओं के साथ आएगा। जो योजना और संभावना बजट में आएगी। वो इसी शासन में धरातल पर भी उतरेगी। इससे पहले झुंझुनूं अठासेन सर्किल पर स्थित विधायक सेवा केंद्र में विधायक राजेंद्र भांबू, जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी तथा भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने खर्रा का जोरदार स्वागत किया।

# किसानों का डाबड़ी के आम चौक में सांकेतिक उपवास

**रविवार को राणासर पंचायत के आम चौक में इकट्ठे होंगे किसान, 21 से आमरण अनशन पर जाने का निर्णय**

**मुकुंदगढ़** । 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति के तोगड़ा ठााम पंचायत के किसान डाबड़ी गांव के चौक में सांकेतिक उपवास पर रहे। इस दौरान हुई बैठक की अध्यक्षता किसान ओमप्रकाश ने की। बैठक के दौरान सुशील मांडासी व नरेन्द्र पायल ने किसानों से आ ान किया कि एकजुट हो जावो और प्रत्येक पंचायत में एक आक्रमण जत्था तैयार करो जो कम्पनियों अरौर प्रशासन के अचानक कार्यवाही करने की योजना का प्रभावी जावाब दे सके।

यह समय अब हरियाणा की तर्ज पर खाप पंचायतें गठित करने का है। जिसके फैसले पर पूरा गांव एकजुट रहे। इसी दौरान कप्तान प्यारेलाल व ताराचंद झाझड़िया ने मांडासी में शुक्रवार को अचानक पुलिस के बल पर कार्य शुरू करने की कोशिश का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों ने एकजुटता के साथ कम्पनी के लोगों और मशीनों को गांव से खदेड़ा। इसी दौरान कम्पनी के लोगों से पता चला कि उपखंड प्रशासन खुद रुचि लेकर कार्य करवाना चाहता है। जो प्रशाशन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। जिसके बाद किसानों ने मांडासी प्रकरण पर निंदा प्रस्ताव पारित किया। बैठक के बाद समिति के प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा व श्रवण सिंह ने बताया कि रविवार को राणासर ठााम पंचायत के किसान सांकेतिक उपवास पर रहेंगे। वहीं 21 से संघर्ष समिति के लोग आमरण अनशन शुरू करेंगे। जो हमारी वास्तविक बाज़ार दर लागू करने तक 765 केवी ट्रांसमिशन लाइनों के कार्य को रोकने के लिखित आश्वासन तक चलेगा। फिर भी अगर प्रशासन नहीं चेता तो आन्दोलन को ओर उठा किया जाएगा। जिसमें ठााम पंचायतों पर तालाबंदी, चक्का जाम सहित परिस्थिति के अनुसार निर्णय लिए जाएंगे। इस दौरान सतीश कप्तान, प्रवीण बलौदा, दिनेश जाट, बिज्जू पंच, मनोज डाबड़ी, सुनील, संजय, आजाद, महेंद्र, पवन, रणजीत, बीरबल, भवंर सिंह, हरिराम, सुभाष मीणा, रामप्रताप, मंजीत, राकेश, अजय, धर्मवीर सहित काफी किसान मौजूद रहे।

# एक बीघा जमीन पर बोये हुए 1.5 लाख अफीम के पौधे जब्त, दो गिरफ्तार

## इन पौधों से 29 किलो अफीम का दूध एवं 212 किलो डोडा-पोस्त तैयार होना था

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के बिशनगढ़ पुलिस ने शनिवार को अवैध अफीम की खेती के करीब एक बीघा जमीन पर बोये हुए एक लाख पांच हजार अफीम के पौधे जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ नारकोटिक्स एवं नारकोटिक कन्ट्रोल ब्यूरो ने बताया कि इन पौधों से 29 किलो अफीम का दूध एवं 212 किलो डोडा-पोस्त तैयार होना था। अफीम के पौधों से प्राप्त होने वाले अफीम के दूध एवं डोडा-पोस्त की अनुमानित कीमत एक करोड़ सत्तर लाख सत्तर हजार रुपये आंकी गई है।



बिशनगढ़ पुलिस ने अफीम के पौधे जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- अफीम के पौधों से प्राप्त होने वाले अफीम के दूध एवं डोडा-पोस्त की अनुमानित कीमत एक करोड़ सत्तर लाख सत्तर हजार रुपये आंकी गई

महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार जोधपुर, रेंज जोधपुर के निर्देशानुसार रेंज में अवैध गतिविधियों मादक पदार्थ शराब तस्करी अवैध बजरी खनन माफियाओं वांछित अपराधियों के विरूद्ध भौकाल अभियान के तहत जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में बिशनगढ़ थानाधिकारी निम्बसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की ईत्तला पर कार्रवाई करते हुए सरहद ऐलाना (गोगामाड) में जगदीश उर्फ जगताराम व सकाराम द्वारा काश्तसुदा खेत में करीब 1 बीघा जमीन पर अवैध अफीम की खेती करते हुए पाये जाने पर अवैध अफीम के एक लाख पांच हजार हरे पौधे बरामद किये। जिनको 150 जूट की बोरियो में भरा जाकर वजन किया गया तो कुल वजन 3153 किलोग्राम जूट की बोरी सहित होना पाया गया। वहीं एनडीपीएस एक्ट में पंजिबद्ध कर अनुसंधान जारी है।

पुलिस ने जगदीश उर्फ जगताराम पुत्र छगनाराम लौहार निवासी काठाडी पीएस सिवाना जिला बालोतरा व सकाराम पुत्र रूपाराम भील निवासी भागवा पीएस सिवाना जिला बालोतरा को गिरपतार किया।

आरोपियों ने ये अफीम की खेती जिला चित्तौड़गढ़ के पास मंगलवाड गांव जाकर सिखना बताया तथा वहां जाकर किस तरह से खेती की देखभाल करते हैं उसकी पूरी जानकारी हासिल की गई। अभियुक्त उक्त अफीम के बीज गांव मंगलवाड़ा से करीब 3 माह पूर्व लेकर आया तथा उसके पश्चात यू-ट्यूब सोशल मीडिया पर खेती कैसे करते हैं के बारे में जानकारी प्राप्त की जाकर अपने खेत में अरण्डी की फसल के बीच में अफीम की खेती की गई। ताकि किसी व्यक्ति को इस फसल की भनक नहीं लगे। अभियुक्त द्वारा सरहद ऐलाना क्षेत्र में अफीम की खेती कर खेती से प्राप्त होने वाले अफीम का दूध एवं डोडा-पोस्त को आस पास के क्षेत्र में शादियों, समारोह, इत्यादि सभाओं में बेचना तथा उससे प्राप्त होने वाली आय से अन्य जगह पर जमीन खरीद कर अपने अफीम के व्यवसाय को मजबूत बनाना था।

सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ नारकोटिक्स एवं नारकोटिक कन्ट्रोल ब्यौरो के श्रेत्रीय डायरेक्ट से वार्ता करने पर उनके द्वारा बताया गया कि एक एकड़ जमीन में 90 हजार अफीम के पौधे बोने का प्रावधान है जिसमें से 25 किलोग्राम अफीम का दूध निकलता है तथा 182 किलोग्रम डोडा पोस्त निकलता है।

# कैंपर से टकराई कार, चार घायल, हालत गंभीर

## गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को बीकानेर रेफर किया, प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे थे

**बीकानेर, (निसं)।** प्रयागराज महाकुंभ में पुण्य स्नान कर लौट रहे मंडी 465 आरडी के श्रद्धालु सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। रतनगढ़ के संकटमोचन बालाजी मंदिर के पास कार और कैंपर की आमने-सामने की टक्कर में नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को रतनगढ़ और चूरू के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को बीकानेर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, छत्तरगढ़ तहसील के मंडी 465 आरडी का एक परिवार प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर अपने घर लौट रहा था। रतनगढ़ से पलू होते हुए छत्तरगढ़ जाते समय संकटमोचन बालाजी मंदिर के पास उनकी कार सामने से आ रही कैंपर गाड़ी से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार सभी नौ लोग घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही रतनगढ़ थाने के एएसआई रामनिवास मौके पर पहुंचे। 108 एंबुलेंस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सरकारी अस्पताल रतनगढ़ ले जाया गया। घायलों में छत्तरगढ़ निवासी शेराराम (27) गंभीर घायल है। वहीं सोनू देवी (22), हनुमान (27), अखिलेश (4) की स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। केशर देवी (65), लक्ष्मा (40), सोनी देवी (25) गाजसर, चूरू निवासी, मुकेश (35), राणाराम (49) को भी भर्ती करवाया गया है।

घायलों में शेराराम, अखिलेश, केशर देवी और लक्ष्मा की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बीकानेर स्थित पीबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज रतनगढ़ के जालान अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद कैंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन की पहचान कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# हाईकोर्ट ने 23 साल पुराने केस को खत्म किया

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस फरजंद अली ने करीब 23 साल से पेंडिंग आपराधिक केस को खत्म कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ कोर्ट आने वालों को ही नहीं, इससे सभी को राहत मिलेगी। जब कोई मामला न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग का प्रतीक बन जाए तो अदालत केवल उन अभियुक्तों को ही नहीं, बल्कि उन सभी को राहत देने के लिए सक्षम है, जिन पर मामला पेंडिंग है, भले ही उन्होंने अदालत का रुख न किया हो।

- हाईकोर्ट ने कहा- मुकदमे की लंबी अवधि जीवन और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का घोर उल्लंघन है

जानकारी के अनुसार साल 2001 में हनुमानगढ़ के भादरा संरक्षित वन क्षेत्र से बिना वन विभाग की अनुमति के पेड़ काटकर रोड बनाने का मामला दर्ज हुआ था। पेड़ों को काट सड़क बनाने पर ठेकेदार सहित 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। जज ने आदेश में लिखा कि इस मामले में मुकदमे की शुरुआत की बात तो दूर, अब तक बिना किसी प्रगति के आपराधिक शिकायत लंबे समय तक पेंडिंग रहना निश्चित रूप से अभियुक्त के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। राज्य सरकार ने अपने अलग-अलग विभागों के बीच समन्वय का ध्यान क्यों नहीं रखा। अगर वन विभाग या राज्य के किसी भी अंग द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़क निर्माण के लिए पेड़ों को न काटने की सूचना दी गई होती तो स्थिति अलग हो सकती थी। इस मामले में दोषी कौन है, यह भी अभी तक पता नहीं चल पाया है, जबकि इस बात को 23 साल से अधिक समय बीत चुके हैं।

तीस अगस्त 2002 को क्षेत्रीय वन अधिकारी ने भादरा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष 17 व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया कि अमर सिंह कैनाल से निकलने वाली और महाराणा गांव तक फैली महाराणा डिस्ट्रीब्यूटरी, संरक्षित वन क्षेत्र से होकर गुजरती है। जून 2001 में पीडब्ल्यूडी ने वन विभाग को सूचित किए बिना गांव जनाना से महाराणा तक सड़क बनाना तय किया। जुलाई-अगस्त 2001 के दौरान बिना वन विभाग से अनुमति लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा नियुक्त ठेकेदारों ने महाराणा डिस्ट्रीब्यूटरी के तटबंधों के किनारे पेड़ों को मजदूर लगाकर काट दिया, जो कि कानूनी रूप से संरक्षित थे। चूंकि पेड़ों को काटने का कोई प्रत्यक्ष गवाह नहीं था और न ही काटने या हटाने वालों की पहचान ही हो सकी, इसलिए वन विभाग ने मजदूरों, ठेकेदारों, पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आरोपी मान कोर्ट में शिकायत दर्ज करा दी थी। 17 व्यक्तियों पर राजस्थान वन अधिनियम, 1953 और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत अपराध करने का आरोप लगाया गया था। इस संबंध में कुल 17 व्यक्तियों में से सात की मौत हो चुकी है जबकि बाकी रहे व्यक्तियों में से हरियाणा के हिसार में सेक्टर 13 पी निवासी हरिसिंह पुत्र सूरजभान और बीकानेर त्यागी वाटिका निवासी अशोक कुमार खन्ना पुत्र एचएल खन्ना ने सीनियर वकील विनीत कुमार जैन और प्रवीण व्यास के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसमें हाईकोर्ट ने पाया कि इन मुकदमों में न तो सुनवाई की कोई सार्थक प्रगति हुई, न ही किसी आरोपी के खिलाफ ठोस साक्ष्य ही उपलब्ध थे।

न्यायालय ने कहा कि अभियुक्तों का 23 वर्षों तक मुकदमे का सामना करना, मानसिक प्रताड़ना झेलना और बिना किसी ठोस आधार के न्यायालय के चक्कर लगाना, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले जीवन और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का घोर उल्लंघन है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि मुकदमे की लंबी अवधि और साक्ष्यों की अनुपलब्धता के कारण अभियुक्तों को दोषी ठहराने की कोई वास्तविक संभावना नहीं रह गई थी। तब कोर्ट ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे आपराधिक मामले को ही समाप्त कर दिया। इससे उन लोगों को भी राहत मिली है, जो अदालत तक पहुंचे ही नहीं थे।

# शादी से लौट रहे युवकों को बाइक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के ढाणी भरगड़ान के पास देर रात को शादी से लौट रहे दो युवकों को बाइक ने टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में घायल की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर किया गया है।

- दूसरे घायल को गंभीर हालत में जयपुर रैफर किया
- पोस्टमार्टम नहीं करने पर परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया

राजोता सरपंच गोपीराम व रामनिवास लादी ने बताया कि ढाणी लगरिया वाली तन चिरानी निवासी नवीन (13) पुत्र दीपक कुमार, निखिल (18) पुत्र धुडाराम रात को ढाणी भरगड़ान में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। वापस आते समय वह सड़क किनारे पैदल चल रहे थे तो पिछे से आ रही बाइक ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए 108 एंबुलेंस के पायलट सतीश मान व ईएमटी प्रकाश कुमार ने सिंघाना के राजकीय अस्पताल में पहुंचाया। हादसे में घायल नवीन कुमार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल निखिल को पहले झुंझुनूं तथा बाद में जयपुर रैफर किया गया है।

मृतक नवीन कुमार अपने परिवार में इकलौता था, उसका पिता मजदूरी करता है। नवीन आठवीं कक्षा में झुंझुनूं स्थित देवनारायण योजना में पढ़ाई कर रहा था। वहीं हादसे में घायल सीकर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है तथा परिवार में शादी समारोह होने के कारण तीन दिन पहले ही सीकर से आया था। हादसे की सूचना पर खेतड़ीनगर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। वहीं मृतक नवीन कुमार का परिजनों की मौजूदगी में राजकीय उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल ने बताया कि मामले की गहनता से जानकारी जुटाई जा रही है। परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

राजकीय उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम को लेकर परिजनों को तीन घंटे इंतजार करना पड़ा। इस दौरान मृतक के परिजनों ने हंगामा कर दिया। रामनिवास लादी ने बताया कि रात को सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद सुबह परिजन व पुलिस अस्पताल में पहुंच गए थे। इस दौरान मेडिकल ज्यूरिस्ट 11 बजे तक ओपीडी देख रहे थे। इसके बाद वह कमरा बंद कर चले गए। जब परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए कहा तो डॉक्टर एक दूसरे पर पोस्टमार्टम करने की जिम्मेदारी डालते रहे। परिजनों के हंगामे के बाद पोस्टमार्टम किया गया। अस्पताल में आए मरीजों ने बताया कि अस्पताल में व्यवस्था सही नहीं होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में व्यवस्था सुधारने को लेकर ग्रामीणों की ओर से प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से गुहार भी लगा चुके हैं। अस्पताल में व्यवस्थाओं को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुका है।

# देवर ने भाभी सहित युवक को गोली मारी

**जुरहरा/डीग, (निसं)।** जुरहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बमनवाडी में देवर के द्वारा अपनी ही भाभी व एक अन्य युवक को गोली मार देने का मामला सामने आया है। गोली लगने से जहां युवक की मौत हो गई है। वहीं महिला की हालत गम्भीर होने के कारण जुरहरा के राजकीय किरोड़ीलाल स्वर्णकार अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया है। मृतक युवक के शव को शनिवार की सुबह जुरहरा थाना पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के लिए सुपुर्द कर दिया गया है। घटना के कारणों का अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है।

मृतक युवक के भाई गुलाबसिंह पुत्र मुख्तयार सिंह रायसिख निवासी ग्राम बमनवाडी थाना जुरहरा ने घटना के संबंध में मामला दर्ज कराया है। थाने में दर्ज कराए गए मामले में गुलाबसिंह ने बताया है कि उसका भाई मंजीत सिंह गांव के ही सतपाल सिंह, गुरविंदर सिंह व गुरजीत सिंह के साथ शुक्रवार की रात्रि समय करीब सात बजे जंगल मे शौच करने के लिए गया था जहां अचानक पीछे से आए पूरन सिंह पुत्र दलीपसिंह रायसिख निवासी ग्राम बमनवाडी थाना जुरहरा ने मंजीत सिंह को गोली मार दी और इसके बाद पूरन सिंह ने अपने घर जाकर अपनी भाभी परमजीत कौर पत्नी जरनैल सिंह को भी गोली मार दी। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची जुरहरा थाना पुलिस ने दोनों घायलों को जुरहरा के राजकीय किरोड़ीलाल स्वर्णकार अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मंजीत सिंह को मृत घोषित कर दिया वहीं परमजीत कौर की हालत गंभीर होने कारण उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। शनिवार की सुबह जुरहरा पुलिस की मौजूदगी में मृतक मंजीत सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है।

# अवैध पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की

**निवाई, (निसं)।** उप वन संरक्षक मारिया साईनए के निर्देशन में वन विभाग के गश्ती दल ने गैर वानिकी कार्यों की रोकथाम के चलते एक अवैध चेजा पत्थर से भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी धारीलाल बैरवा के नेतृत्व में गश्ती दल प्रभारी मोहनलाल मीणा, वन रक्षक कमलेश मीणा, रिंकू चौधरी, धोली मीणा, बद्रीलाल मीणा, गोरीशंकर यादव व राजेशकुमार नायक ने वन क्षेत्र बस्सी नाका के अधीन से अवैध चैजा पत्थर से भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर संजय वन में खड़ा करवा दिया।

# मंदिर में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी पुलिस ने रोजड़ा गांव के मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नशा करने के लिए रूपए नहीं होने पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

थानाधिकारी गोपाललाल जांगिड़ ने बताया कि 13 फरवरी को रोजड़ा निवासी मोतीलाल ने रिपोर्ट दी कि वह गांव के ठाकुर जी मंदिर में पुजारी है। जब वह मंदिर में पूजा करने के लिए गया तो देखा कि मंदिर के गेट का ताला टूटा हुआ है। इस दौरान जब उन्होंने अंदर जाकर मंदिर में अष्ट धातु की मूर्ति, पीतल व कांसे के बर्तन गायब मिले। मंदिर में चोरी होने की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी शरद चौधरी ने एक विशेष टीम का गठन कर चोरी की वारदात करने के आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस ने कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पुछताछ की तो सामने आया कि मंदिर में चोरी विजेंद्र उर्फ भोलाराम पुत्र ओमप्रकाश गुर्जर ने की है, जिस पर पुलिस ने गांव में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नशा करने का आदी है। उसने रुपए खत्म होने पर नशा करने के लिए चोरी की वारदात की। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मंदिर से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस टीम ने थानाधिकारी गोपाल लाल जांगिड़, एसआई बनवारीलाल यादव, एचसी दिनेश कुमार, कांस्टेबल राकेश कुमार मोडसरा आदि शामिल थे।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन जारी

**शाहपुरा, (निसं)।** जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर छिपा मुस्लिम समाज के सदस्य सदर हाजी शमसुद्दीन भाटी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार से शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग की। छिपा मुस्लिम समाज के लोगों ने उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुरा जिला बहाल करने का ज्ञापन दिया।

# गढ़ेपान सरकारी स्कूल के बच्चों की तबीयत बिगड़ी

**कोटा, (निसं)।** जिले के सीमलिया थाना इलाके के गढ़ेपान स्थित सरकारी स्कूल में कुछ छात्र-छात्राओं के बेहोश होने का मामला सामने आया है। उनके परिजनों का आरोप है कि पास स्थित सीएफसीएल फैक्ट्री से गैस रिसाव हुआ है, जिसके कारण स्टूडेंट बेहोश हुए हैं।

- परिजनों का आरोप है कि पास स्थित सीएफसीएल फैक्टरी से गैस रिसाव हुआ है, जिसके कारण स्टूडेंट बेहोश हुए हैं
- बेहोश बच्चों को सीएफसीएल के चिकित्सालय ले जाया गया जहां पर उन्हें उपचार दिया
- प्रारंभिक तौर पर प्रशासन के अधिकारियों ने गैस रिसाव की पुष्टि नहीं की है

घटना की सूचना पर जिला प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया। आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया। बेहोश हुए बच्चों को सीएफसीएल के चिकित्सालय में ले जाया गया जहां पर उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। प्रारंभिक तौर पर अधिकारियों ने गैस रिसाव की पुष्टि नहीं की है। कोटा जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। मौके पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम को बुलाया। टीम द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। मामले में जांच के बाद ही सामने आ पाएगा कि क्या घटनाक्रम रहा है। चिकित्सकों ने जानकारी दी है कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। मामले में कोटा ग्रामीण के एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि ग्रामीणों ने मौखिक रूप से गैस रिसाव की शिकायत की है। इस मामले पर मौके पर पहुंचे थे। कुछ बच्चों को इलाज के लिए कोटा भेजा। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। सीमलिया थाने के एएसआई शिवराज सिंह का कहना है कि 12 से 14 बच्चों और एक महिला को तकलीफ हुई थी, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया था जहां से 7 बच्चों को कोटा के जेके लोन और नए अस्पताल में भेजा गया है। एंबुलेंस से उन्हें रवाना कर दिया और जेके लॉन अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उनकी स्थिति सामान्य ही है। मामले में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दिल्ली से ही कोटा के अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके बाद जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी, ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर, सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर, बीसीएमएचओ डॉ. राजेश सामर मौके पर पहुंचे। पूरे घटनाक्रम के संबंध में जानकारी ली है। घटना के कुछ देर बाद ही स्कूल में भारतीय जनता पार्टी के देहात जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर भी पहुंचे।

# नाबालिग छात्रा हत्याकाण्ड : नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के लाम्बाहरिसिंह कस्बे से नो फरवरी की शाम घर से निकली नाबालिग स्कूली छात्रा प्रिया जांगिड़ का बारह फरवरी को संदिग्ध हालत में शव मिलने पर पिता की और से नामजद मामला दर्ज करवाने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। इससे गुस्साये जांगिड़ समाज के सैंकडों महिला-पुरूषों ने शनिवार को सड़कों पर उतर जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे पर जाम लगा पुलिस व प्रशासन मुर्दाबाद क लगाये नारे। सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।




लाम्बाहरिसिंह में नाबालिग छात्रा की संदिग्ध मौत मामले में जांगिड़ समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया।

- जांगिड़ समाज के लोगों ने सड़क पर उतरकर स्टेट हाईवे जाम किया
- घटना के तीन दिन बाद भी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं से आक्रोश

शनिवार को छात्रा हत्याकाण्ड मामले को लेकर गांधी पार्क मे जांगिड़ समाज की बैठक आयोजित हुई। बड़ी संख्या मे मौजूद समाज के महिला-पुरूषों ने नाबालिग छात्रा व उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिये सडकों पर उतर प्रशासन पर दबाव बनाने का निर्णय लेकर गांधी पार्क से आक्रोश जताते हुये कोर्ट परिसर पहुंचे। शनिवार का कार्यालय अवकाश होने के चलते मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साये लोगो ने तकरीबन आधा घंटे तक कोर्ट परिसर मे धरना दिया। ज्ञापन लेने के लिये किसी भी सक्षम अधिकारी के नहीं आने पर आक्रोशित लोगों ने जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया।

जाम की सूचना पर पहुंचे थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने जाम लगा रहे जांगिड़ समाज के लोगों से जाम लगाने के निर्णय को राजकार्य मे बाधा बताते हुये मुकदमे दर्ज करने की चेतावनी दी तो लोगा का गुस्सा उग्र हो गया। लोगों ने जमकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक की प्रदर्शनकारियों ने पुलिस व प्रशासन ने जानबूझकर नामजद आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने जैसे आरोप लगा मौके पर एसडीएम को बुलाने की मांग पर अड़ गये। थानाधिकारी की सूचना पर उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे।

जांगिड़ महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण गोपाल, भाजपा पचेवर मंडल अध्यक्ष धर्मवीर जांगिड़ सहित समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाया कि नाबालिग छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में डेठाणी निवासी काना उर्फ गणेश दोषी है। आरोपी लाम्बाहरिसिंह कस्बे मे रॉयल कैफे के नाम से दुकान चलाता है जो कि आये दिन छात्रा को प्रताड़ित कर मोबाइल पर धमकियां देता था। नौ फरवरी को नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर ले गया, जिसका तीन दिन बाद गांव के ही सार्वजनिक कुण्ड में शव मिलने पर पिता ने नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, लेकिन आज तक गिरफ्तारी नहीं हुई। मामले की सीबीआई जांच करवाने तथा जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर समाज उग्र आंदोलन करने के निर्णय से अवगत करवा प्रशासन को चेतावनी दी। शनिवार को मृतक छात्रा के घर पहुंचे थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि परिजनों की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कर विधि संगत कार्यवाही व मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जल्द मामले का होगा खुलासा।

# मंदिर में हुई चोरी के विरोध में बाजार बंद रहे

## चामुंडा माता मंदिर में हुई थी लाखों की चोरी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा जिले के नगर पालिका हमीरगढ़ में चामुंडा माता मंदिर में हुई चोरी के विरोध में पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं होने पर शनिवार को लोगों का गुस्सा फूट गया। इस दौरान लोगों ने व सर्व हिंदू समाज ने सड़क पर उतरकर बाजार बंद करवाए।

जानकारी के अनुसार 10 फरवरी की रात को अज्ञात चोरों द्वारा हमीरगढ़ की पहाड़ी पर स्थित आराध्य देवी चामुंडा माता मंदिर में लाखों के आभूषण एवं नगदी चोरी कर ले गए जिनका पिछले 5 दिनों से प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर हमीरगढ़ के सर्व समाज में रोष व्याप्त हो गया, जिसको लेकर सुबह सैकड़ों की संख्या में लोगों ने सड़क पर उतरकर बाजार बंद करवा दिए। इससे पूर्व 11 फरवरी को उपखंड अधिकारी एवं जिला प्रशासन के समक्ष त्वरित कार्रवाई करने व कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी देने का ज्ञापन सौंपा गया था।

# महिला के सिर से लेकर आधे धड़ तक रीढ़ की हड्डी काटकर निकाला ट्यूमर

## सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉक्टर्स ने ऑपरेशन करके बचाई महिला की जान

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल की न्यूरोसर्जरी टीम ने एक बड़ा और जटिल ऑपरेशन करते हुए महिला मरीज को नया जीवन दिया। इस ऑपरेशन में महिला के दिमाग के ब्रेन स्टेम से लेकर पीठ के नीचे के हिस्से तक बने ट्यूमर (इंट्रामेडुलरी) को निकाला गया है। ट्यूमर को निकालने के लिए रीड की हड्डी सिर से लेकर आधे धड़ तक एक भाग में पीछे से काटी गई, जो एक बड़ा चैलेंज था। फिर वापस जोड़कर 8 से 10 स्क्रू लगाए गए।

डॉक्टर्स का कहना है कि ऑपरेशन के बाद महिला रिकवर हो रही है, उसे आज हॉस्पिटल से छुट्टी दी गई है। डॉक्टरों का दावा है कि दुनिया में इससे पहले इतना बड़ा इंट्रामेडुलरी ट्यूमर (गांठ) कभी किसी मरीज के शरीर से नहीं निकाला गया है। इसे देखते हुए डॉक्टरों ने इस केस को इंटरनेशनल मेडिकल जनरल ऑफ न्यूरोसर्जरी में पब्लिश के लिए भेजा है।

डॉ. अचल शर्मा और डॉ. गौरव जैन ने बताया कि जयपुर की रहने वाली लवीना (30) के चारों हाथ-पैर के हल्के लकवे की शिकायत थी। कई बार चलते-चलते गिर जाती। पिछले 6 माह से ज्यादा परेशान थीं। जयपुर में कई बड़े हॉस्पिटल और डॉक्टरों को दिखाने के बाद जांच की तो पीठ के नीचे के हिस्से तक नस में

> ■ **डॉक्टरों का दावा है कि दुनिया में इससे पहले इतना बड़ा इंट्रामेडुलरी ट्यूमर (गांठ) कभी किसी मरीज के शरीर से नहीं निकाला गया है। इसे देखते हुए डॉक्टरों ने इस केस को इंटरनेशनल मेडिकल जनरल ऑफ न्यूरोसर्जरी में पब्लिश के लिए भेजा है**

ट्यूमर (इंट्रामेडुलरी) का पता चला। डॉक्टरों ने इसका इलाज केवल ऑपरेशन बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के बाद पूरे शरीर में लकवा आने के 99 फीसदी चांस है।

मरीज के परिजनों ने बताया कि, जब जयपुर में कई प्राइवेट हॉस्पिटल में दिखाने के बाद दिल्ली गए तो वहां भी डॉक्टरों ने ऑपरेशन के बाद हाथ-पांव में लकवा आने की बात कही। इससे निराश होकर हम जयपुर लौटे और फिर एसएमएस हॉस्पिटल में डॉक्टर अचल शर्मा की ओपीडी में दिखाया। यहां जब जांचे करवाई तो एमआरआई में पता चला कि मरीज के ब्रेन के मेडयुला से लेकर रीड की हड्डी के भीतर मेरु (स्पाइनल कॉर्ड) में एक गांठ (ट्यूमर) आधे धड़ तक फैली हुई थी।

डॉ. गौरव जैन ने बताया- हमारी टीम ने मरीज को आश्वस्त किया कि जितना अच्छा हो सकेगा ऑपरेशन उतना अच्छा करेंगे। हमारे इस विश्वास दिलाने के बाद मरीज को 26 जनवरी को भर्ती किया। उसके बाद ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन में करीब 8-9 घंटे का समय लगा। ऑपरेशन के दौरान डॉ. मधुर, डॉ. हर्षिल, डॉ. सागर, डॉ. शोभा पुरोहित और एनिस्थिसिया से डॉ. नीलू शर्मा की पूरी टीम ने सहयोग दिया।

डॉक्टर जैन ने बताया कि अब तक की रिसर्च में हमें पता चला कि ये इंट्रामेडुलरी ट्यूमर अब तक सबसे बड़ा ट्यूमर है। इससे पहले जो ऑपरेशन करके इंट्रामेडुलरी ट्यूमर निकाला गया था वह ब्रेन स्टेम के मेडयूला भाग से 4 तक था। हमने जो ट्यूमर निकाला वह ब्रेन स्टेम के मेडयूला भाग से 5 तक फैला था।

इस ऑपरेशन में ट्यूमर को निकालने के लिए रीड की हड्डी सिर से लेकर आधे धड़ तक एक भाग में पीछे से काटी गई, जो एक बड़ा चैलेंज था। हड्डी काटने के बाद ट्यूमर निकाला और उसे वापस अपनी जगह पर जोड़ा गया। इस हड्डी को जोड़ने के लिए 8-10 स्क्रू लगाए गए है।

# जयपुरिया इंस्टिट्यूट शीर्ष बिजनेस स्कूलों में शामिल

**जयपुर ।** जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने एएसीएसबी प्रत्यायन प्राप्त कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इससे यह दुनिया के शीर्ष 6 और भारत के 1 प्रतिशत बिजनेस स्कूलों में शामिल हो गया है। एएसीएसबी (एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल्स ऑफ बिजनेस), जिसकी स्थापना 1916 में हुई थी, व्यवसाय शिक्षा के लिए सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक प्रत्यायन निकाय है, जो पाठ्यक्रम, अनुसंधान और उद्योग प्रभाव में उत्कृष्टता को मान्यता देता है। इस कठिन और बहु-वर्षीय प्रक्रिया में किसी संस्थान की शैक्षिणक गुणवत्ता, नवाचार और विचार नेतृत्व के प्रति प्रतिबद्धता को परखा जाता है। यह प्रत्यायन जयपुरिया की प्रतिष्ठा को वैश्विक शीर्ष बिजनेस स्कूलों में मजबूत करता है। अनुसंधान और उद्योग सहयोग को बढ़ावा देता है और छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय अवसरों और उच्च वेतन के द्धार खोलता है। यह प्रत्यायन छात्रों के करियर संभावनाओं को वैश्विक स्तर पर मजबूत करेगा। एएसीएसबी कार्यकारी उपाध्यक्ष स्टेफ़नी ब्रायंट ने जयपुरिया की व्यवसाय शिक्षा में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता की सराहना की। आपको बता दें जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट को एनआईआरएफ-2024 रैंकिंग में नोएडा ब्रांच (45), लखनऊ ब्रांच (72), जयपुर ब्रांच (75) और इंदौर ब्रांच को शीर्ष 125 में स्थान प्राप्त हुआ है।

# पेड़ लगाएं, स्वच्छ और हरित ऊर्जा का उपयोग हो : हरिभाऊ बागड़े

## राज्यपाल ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की शपथ दिलाई

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि जलवायु संकट के इस दौर में अधिकाधिक पेड़ लगाना हमारी प्राथमिकता बने। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण का मूल मंत्र यही है कि हम आने वाली पीढ़ी के लिए सोचें। उतनी ही ऊर्जा का उपयोग करें जिससे काम चल सकें। उन्होंने पेट्रोल और डीजल में इथेनॉल ऑयल का उपयोग कर उत्सर्जन और तेल आयात कम किए जाने के प्रयासों की भी आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में राज्य और केंद्र सरकारों की अनुदान योजनाओं का अधिकाधिक प्रयास किया जाए।

> ■ **ऊर्जा संरक्षण किए सभी मिलकर प्रयास करें : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और तेल एवं गैस कंपनियों द्वारा आयोजित संरक्षण क्षमता "सक्षम" 2025 के उदघाटन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान में कुएं, बावड़ियों और पेड़ लगाने की रही परंपरा की चर्चा करते हुए कहा कि धनी वही है जो अधिक से अधिक पेड़ लगाकर आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सौगात दे।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने संरक्षण क्षमता "सक्षम" 2025 के उदघाटन समारोह में संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद पेट्रोलियम उत्पादों का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का घरेलू उत्पादन देश की बढ़ती हुई माँग को पूरा करने में असक्षम है। हम वर्तमान में कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 80 प्रतिशत से भी ज्यादा आयात करते हैं। इससे बड़ी मात्रा मे विदेशी मुद्रा का व्यय होता है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में ऊर्जा संरक्षण के साथ वैकल्पिक स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग हमारी प्राथमिकता बने।

राज्यपाल ने कहा कि सौर ऊर्जा मे राजस्थान प्रथम स्थान पर है और पवन ऊर्जा में तीसरे स्थान पर होने को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी को मिलकर ऊर्जा के निर्माण और कम से कम उपयोग कर राष्ट्र को तेल, गैस में आत्मनिर्भर किए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने आरंभ में हरित और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर आलोक कुमार पंडा, संजय चौहान, के.पी. सतीश कुमार और नवीन गुप्ता ने "सक्षम" अभियान और देश में ऊर्जा संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।

# सीईटीपी की राशि नहीं देने पर संपत्ति कुर्क करने के दिए आदेश

**जयपुर।** जयपुर मेट्रो-द्वितीय की कॉमर्शियल कोर्ट-एक ने सांगानेर स्थित 848 रंगाई-छपाई इकाइयों से निकले अपशिष्ट के जल उपचार व प्रबंधन के लिए बनाए गए सीईटीपी की निर्माण राशि व इससे जुडी करीब 96 करोड रुपए की वसूली मामले में दावाकर्ता फर्म के पक्ष में निर्णय दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि दावाकर्ता कंपनी राशि रिकवरी के लिए एसकेपीसीए यानि सांगानेर कपड़ा रंगाई छपाई एसोसिएशन के निदेशकों, पदाधिकारियों व सदस्यों के स्वामित्व वाली संपत्तियों व कपडा परिसरों को कुर्क करे और उनमें रखी गई चल-अचल संपत्ति को भी जब्त करें। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अवार्ड धारक को देय राशि ऐसे यूनिट धारकों द्वारा तीन महीने में नहीं भुगतान की जाती है तो वे कुर्क किए गए परिसर व उनकी चल और अचल संपत्तियों को बोर्ड ऑफ कलेक्टर की मदद से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खुली नीलामी में बिक्री करेंगे। कोर्ट ने जिला कलेक्टर जयपुर को निर्देश दिया है, इसके अलावा जयपुर पुलिस कमिश्नर को भी निर्देश है कि वे आदेश की पालना के लिए मांगे जाने पर पुलिस सहायता मुहैया कराएंगे।

कंपनी ने जेडीए से आवंटित जमीन पर सीईपीटी प्लांट निर्माण के लिए एसोसिएशन से अनुबंध किया और 32.66 करोड रुपए की लागत से प्लांट भी बना दिया, लेकिन उन्हें इसकी राशि का भुगतान नहीं हुआ। इसे कंपनी ने चुनौती दी और उनके पक्ष में अवार्ड जारी हुआ, लेकिन इसके बाद भी देनदारों ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। जिस पर कंपनी की ओर से कोर्ट में आदेश की पालना करवाए जाने के लिए अवार्ड निष्पादन प्रार्थना पत्र दायर किया गया था।

# मुकदमों में देरी पर चेयरमैन और रजिस्ट्रार तलब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों के मुकदमों के निस्तारण के लिए बने राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण में मुकदमों की सुनवाई की लचर व्यवस्था को लेकर अधिकरण के चेयरमैन और रजिस्ट्रार को तलब किया है। अदालत ने चेयरमैन को कहा है कि वे 17 फरवरी को वीसी के जरिए अदालत में पेश हों और इस दौरान रजिस्ट्रार व्यक्तिशः हाजिर हो। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश मोहम्मद काशिफ की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता नवीन धुंआ ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने याचिकाकर्ता का गत 15 जनवरी को तबादला किया था। करीब बीस दिन गुजरने के बाद अभी तक उस अपील का नंबर सुनवाई के लिए नहीं आया है। जिससे व्यथित होकर उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

अधिकरण में अपील दायर करने के कई दिनों बाद सुनवाई कर नंबर आता है। अधिकरण अपीलों की सुनवाई का काम 11 बजे से आरंभ करता हैं। वहीं भोजनावकाश के बाद अपीलों में किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जाती। इस तरह की कार्यप्रणाली के चलते ही वहां प्रकरणों के निर्णय में देरी हो रही है। जिसके चलते वहां मुकदमों का ढेर लग गया है। ऐसे में अधिकरण के रजिस्ट्रार और चेयरमैन को बुलाना जरूरी है।

# जेडीए जल्द लॉन्च करेगा तीन नई आवासीय योजना

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में घर का सपना देख रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। जयपुर विकास प्राधिकरण जल्द ही तीन नई आवासीय योजना लॉन्च करेगा, इनमें लगभग 850 प्लॉट लॉटरी के जरिए आम जनता को दिए जाएंगे आयुक्त आनंदी ने बताया कि जोन-12 के मंशारामपुरा में करीब 80 हजार वर्गमीटर में आवासीय योजना लाने की तैयारी चल रही है। इस योजना में करीब 250 प्लॉट होंगे। ग्राम बैनाड़ दौलतपुरा में 1.89 लाख वर्ग मीटर एरिया में लगभग 350 प्लॉट की योजना की प्लानिंग अंतिम फेज में चल रही है। इस योजना में कॉमर्शियल दुकानें भी होंगी। इसके साथ ही जोन - 13 में बस्सी के करधनी में 250 से अधिक प्लॉट सृजित करने की तैयारी की जा रही है।

आयुक्त आनंदी का कहना है कि आम जनता को रियायती दर पर बिना विवाद प्लॉट देने की जयपुर विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी को हम निभा रहे हैं। इस जिम्मेदारी के तहत अब तक तीन योजनाओं को लॉन्च कर दिया गया है। जल्द ही यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के आदेश अनुसार और योजनाएं भी लाने की तैयारी है। जहां आम जनता को सही कीमत पर निर्विवाद प्लॉट उपलब्ध हो सकेंगे। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अब तक तीन आवासीय योजनाओं को लॉन्च किया जा चुका है। इनमें अटल विहार आवासीय योजना में 284, गोविंद विहार आवासीय योजना में 202 और पटेल नगर आवासीय योजना में 270 प्लॉट सृजित किए गए हैं। जिन्हें आम जनता को लॉटरी के माध्यम से आवंटित किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### बच्चों ने पूजा कर लिया आशीर्वाद



**जयपुर ।** योग वेदांत समिति के तत्वावधान में माता-पिता पूजन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर संत आशारामजी पब्लिक स्कूल नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों ने सिंधी कॉलोनी राजा पार्क स्थित सर्वानंद पार्क में भाग लिया और लघु नाटिका के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी और बच्चों ने माता-पिता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर संत आसाराम जी पब्लिक स्कूल गोनेर रोड लुनियावास के बच्चों ने माता-पिता पर लघु नाटिका व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। नाटिका के माध्यम से बच्चों के द्वारा सोशल मीडिया के कुप्रभाव को भी दर्शाते हुए एक बहुत सुंदर प्रस्तुति देते हुए बताया गया कि किस तरह सोशल मीडिया के कारण माता-पिता व बच्चों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं किस तरह से सोशल मीडिया ने माता-पिता व बच्चों के बीच दूरियां बढ़ा दी हैं जिसका कु परिणाम आज की युवा पीढ़ी भुगत रही है। पूजन के समय सभी बच्चों और उनके माता-पिता दोनों की आंखें नम हुई ।

### मादक पदार्थ तस्कर को कारावास

**जयपुर ।** एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने अफीम तस्करी करने वाले अभियुक्त परमेन्द्र सिंह और श्याम सिंह को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर कुल दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी प्रदीप कुमार मोदी ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान में मादक पदार्थो की तस्करी बढ़ती जा रही है। युवा नशे की चपेट में आकर अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। ऐसे में यदि अभियुक्तों के प्रति नरमी का रुख अपनाया गया तो इससे समाज में गलत संदेश जाएगा और अपराध को बढावा मिलेगा। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, अजमेर को 8 जुलाई, 2022 को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए ब्यूरो की टीम ने बस्सी थाना इलाके में निजी बस को रुकवाया और उसकी तलाशी ली। इस दौरान अभियुक्त परमेन्द्र सिंह के कब्जे से 8.2 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। इस पर ब्यूरो ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर पूछताछ की। जिसमें सामने आया कि मणिपुर निवासी श्याम सिंह ने उसे बाड़मेर में अफीम की डिलीवरी करने को कहा था। इस पर ब्यूरो ने श्याम सिंह को भी गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

### 'टूटी हुई सड़कें भी जल्द बनाएं'

**जयपुर।** नगर निगम हैरिटेज आयुक्त अरुण हसीजा ने शनिवार को नगर निगम हैरिटेजकी ओर से कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत क्षेत्र में किए जा रहे सीवर लाइन कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों से वस्तुस्थिति के बारे में पूछा। इस दौरान आयुक्त अरुण हसीजा ने इंजिनियर विंग को सीवर लाइन डालने के कार्य में क्वालिटी और गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही जिन इलाकों में सड़के खुदी हुई है, उन्हें जल्द बनाने के निर्देश दिए गए। जिससे कि आमजन को असुविधा नहीं हो। आयुक्त अरुण हसीजा ने ब्रह्मपुरी, किशनपोल, जयसिंहपुरा खोर, आमेर रोड पर चले रहे अमृत योजना के कार्य का निरीक्षण किया।रूबरू कराने के लिए माता-पिता का सामूहिक पूजन आदर सत्कार वआरती के साथ आशीर्वाद का कार्यक्रम रखा गया ।भाजपा नेता रवि नैयर व अन्य विशिष्ट अतिथि गणों ने बच्चों की प्रस्तुति भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा भारतीय संस्कृति को बचाने की पहल के लिए बच्चों को बहुत-बहुत साधुवाद दिया।

### फागोत्सव मनाया

**जयपुर ।** प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा आयोजित विभिन्न देवालयों के



फागोत्सव के क्रम में आज सर्व प्रथम युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ता चांदपोल बाजार में प्रेमभाया सरकार के फागोत्सव मनाया गया जिसमें प्रेमभाया सरकार के गुलालमय गजरों का श्रृंगार किया गया। गणेश वंदना दीपक शर्मा ने रिद्धि सिद्धि लेकर साथ गणपति बेग पधारो जी, दीन हीन और मलीन जनों के कारज सारो जी । राघव खण्डेलवाल ने ऐ श्याम फागुन आया, लाया संदेशा पवन, भुवन में रंग छाया।

# पुलिस के राजकॉप एप को लोगों ने किया डाउनलोड

**जयपुर।** प्रदेश की महिलाओं एवं आम नागरिकों को भय मुक्त वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस द्वारा डवलप किया गया राजकोप सिटीजन एप इन दिनों आम चर्चा में है। मात्र एक दिन में 21000 से अधिक लोगों ने ऐप डाउनलोड कर इतिहास रच दिया। अब तक 17.8 लाख से अधिक लोगों ने इस ऐप को डाउनलोड कर लिया है, जिसमें 9000 से ज्यादा शिकायतों को हैंडल किया जा चुका है।

स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आईजी शरत कविराज ने बताया कि जयपुर के त्रिवेणी नगर में 12 फरवरी की सुबह कोचिंग छात्रा से सरेराह एक युवक द्वारा छेड़छाड़ की घटना के बाद यह एप चर्चा में आया था। आहत छात्रा ने ऐप के "मदद चाहिए" फीचर पर जैसे ही मैसेज भेजा, उसके बाद मात्र 3 मिनट के अंदर पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी युवक को पकड़ गिरफ्तार कर लिया।

> ■ **अब तक 17.8 लाख से अधिक ने किया है इस एप को डाऊनलोड, 9 हजार से ज्यादा शिकायतों को किया जा चुका है हैंडल**

आईजी कविराज ने बताया कि इस ऐप में आम नागरिकों एवं महिलाओं की सहूलियत के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जो काफी आसान और मददगार है। इस ऐप के जरिए आने वाली शिकायतों के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण कर उनके मुताबिक एनालिटिक्स विकसित किया जाएगा, जो आने वाले समय में अपराध नियंत्रण में मददगार साबित होगा।

# मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग, हॉस्पिटल में मरीज बढ़े

**जयपुर।** राजस्थान में इन दिनों मौसम बार-बार बदल रहा है, जिसके कारण आमजन की सेहत का मिजाज भी बिगड़ रहा है। दिन में तेज गर्मी और सुबह-शाम सर्दी के असर के चलते आमजन मौसमी बीमारियों की चपेट में आने शुरू हो गए। इसके कारण एसएमएस हॉस्पिटल समेत जयपुर के अन्य हॉस्पिटलों में मरीजों की भीड़ ओपीडी में बढ़ गई।

अकेले एसएमएस हॉस्पिटल की ओपीडी में इन दिनों हर रोज 10 हजार तक पहुंच गई है। एसएमएस हॉस्पिटल के अतिरिक्त अधीक्षक और श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. अजीत सिंह बताया- इन दिनों तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हो रहा है, जो औसत से भी 4-5 डिग्री सेल्सियस ऊपर है। जबकि सुबह-शाम की सर्दी तेज है।

> ■ **एसएमएस हॉस्पिटल की ओपीडी में इन दिनों हर रोज 10 हजार तक पहुंच गई**

मौसम के इस उतार-चढ़ाव को लोग हल्के में ले रहे है, जिसके कारण वह बीमार हो रहे है।

डॉ. सिंह ने बताया कि आमतौर गले के इंफेक्शन और सांस के पेशेंट ज्यादा आ रहे हैं। ये आने वाले कुछ दिनों में और बढ़ने की आशंका है। क्योंकि 15 फरवरी के बाद से पोलन सीजन यानी पराग ऋतु शुरू हो जाएगी। पोलन की एलर्जी में नजले के केस के अलावा नाक, आंख के आसपास इंफेक्शन के केस शुरू हो जाएंगे। साथ ही जो पुराने अस्थमा मरीज है। उनमें दिक्कत और बढ़ सकती है।

डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि अभी सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करना बंद न करें। दिन में भले ही लोग गर्म कपड़े न पहन रहे हो, लेकिन सुबह-शाम जरूर पहने। इसके अलावा अगले कुछ दिनों तक मास्क का सर्वाधिक उपयोग करें और हो सके तो ठंडे पदार्थ जैसे आइसक्रीम, ठंडा ज्यूस, शर्बत समेत अन्य चीजों के सेवन से भी बचे। एसएमएस हॉस्पिटल के अलावा पीएचसी-सीएचसी में जो मरीज आ रहे है उनमें गले में इंफेक्शन के अलावा बुखार के भी मरीज ज्यादा आ रहे है। डॉक्टर्स ने बताया कि इन दिनों अपर रेस्पिरेटरी इंफेक्शन (यूआरआई) ज्यादा बढ़ने की आशंका है। क्योंकि गर्मी से सर्दी या सर्दी से गर्मी के मौसम में ये सबसे ज्यादा तेजी से एक्टिव होते है।

# जहां व्यापार अच्छा होता है उस शहर का विकास होता है : सांसद मंजू शर्मा

## सांसद मंजू शर्मा ने व्यापारिक संगठनों से व्यापार संबंधी समस्याओं और निराकरण पर की चर्चा

**जयपुर।** जयपुर व्यापर संघ के तत्वाधान में आज राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स भवन में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुनील सिंघी, अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड ,भारत सरकार व विशिष्ठ अतिथि के रूप में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने भाग लिया।

> ■ **केन्द्रीय बजट सभी के सुझावों को मानते हुए विकसित भारत की कल्पना को साकार करने वाला है, व्यापारियों को मिलेगा लाभ : सांसद मंजू शर्मा**




जयपुर व्यापर संघ के तत्वाधान में राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स भवन में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि सुनील सिंघी, अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड, भारत सरकार व विशिष्ठ अतिथि के रूप में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने भाग लिया।

सांसद मंजू शर्मा ने जयपुर शहर के व्यापारिक संगठनों से केन्द्रीय बजट पर व्यापारियों का पक्ष एवं राहत सहित व्यापार संबंधी विभिन्न समस्याओं और उनके निराकरण के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है और मजबूत हो रहा है। हमारा सौभाग्य है कि नरेन्द्र मोदी हमारे देश का प्रतिनिधित्व कर रहें है।

व्यापारियों से चर्चा करते हुए सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि जहां व्यापार अच्छा होता है उस शहर का विकास होता है, प्रदेश की प्रगति होती है और देश के विकास को गति मिलती है।

केन्द्र का बजट सभी के सुझावों को मानते हुए विकसित भारत की कल्पना को साकार करने वाला है जिसमें समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। 12 लाख तक की आय टैक्स फ्री करने से मध्यम वर्ग के हाथ में पैसा आएगा और उसके खर्च करने की शक्ति बढ़ेगी जिससे व्यापार बढेगा। पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलने से महिलाओं को अवसर देने सहित युवाओं के लिए स्टार्ट अप, सूक्ष्म उद्योग, शहरी स्ट्रीट वेंडर्स, कुशल कामगारों को बढ़ावा देने का काम किया है।

# 'जनता ने भजनलाल शर्मा सरकार के विकास कार्यों पर लगाई मोहर'

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान के पंचायती राज उपचुनावों में प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विकास की राजनीति पर मोहर लगाने का कार्य किया है। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति प्रदान की है। ऐसे में पहले विधानसभा उपचुनाव फिर अब पंचायती राज उप चुनावों में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को आइना दिखाने के साथ भाजपा पर अपना पूर्ण विश्वास जताया है। इसके लिए प्रदेश की जनता का आभार और धन्यवाद।

पंचायत समिति सदस्यों के उपचुनाव में 16 सीटों पर हुए चुनावों में भाजपा ने 4 सीटों पर बढ़त बनाते हुए 10 सीट जीती है, वहीं जिला परिषद सदस्य उप चुनाव में भाजपा ने 1 सीट पर बढ़त बनाते हुए 3 में से 2 सीटें अपनी झोली में डाली। पंचायत समिति सदस्य की 16 सीटों में से भाजपा प्रत्याशी ने

> ■ **पंचायत समिति सदस्य के उपचुनावों पर भाजपा ने 4 सीटों पर बनाई बढ़त, 16 में से 10 सीटों पर खिला कमल : मदन राठौड़**

वैर, भीनमाल, चितलवाना, कैरू, मकराना, राजसमंद, लक्ष्मणगढ, धोद, अजीतगढ और बालोतरा सीट पर विजय प्राप्त की। इसमें से लक्ष्मणगढ़, धोद और भीनमाल सीट पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध जीत गए।उपचुनाव में 3 सीटों में से 2 सीट बीकानेर और चित्तौडगढ़ सीट पर भाजपा प्रत्याशी की विजय हुई। इसमें चित्तोडगढ़ से भाजपा प्रत्याशी ने सर्वाधिक 2 हजार से अधिक मतों के अंतराल से जीत दर्ज कराई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि सरकार ने अपने एक साल के कार्यकाल में जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए भाजपा के संकल्प पत्र के 50 फीसदी से अधिक वादों को पूरा करने का काम किया।

# प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता : राज्यपाल बागड़े

## कृषि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित, 264 को उपाधियां प्रदान की

**जोधपुर, (कासं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कृषि शिक्षा के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा है कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राकृतिक खेती के पाठ्यक्रम बनाकर उन्हें लागू किए जाने चाहिए। इसके साथ ही प्रसार शिक्षा के अंतर्गत भी प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन के लिए खेत-खेत में प्रचार किया जाना चाहिए। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने यह उद्गार शनिवार को जोधपुर में कृषि विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में कुल 264 उपाधियां प्रदान की। इनमें 211 कृषि स्नातक, 25 डेयरी प्रौद्योगिकी स्नातक, 23 स्नातकोत्तर व 5 विद्यावाचस्पति की उपाधि प्रदान की। इस दौरान 7 विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक व 3 दानदाता स्वर्ण पदक भी दिए गए।

राज्यपाल ने उन्होंने वर्ष 2024 की परीक्षाओं के लिए कुल 10 स्वर्ण (7 स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय द्वारा तथा 3 दानादाताओं द्वारा ) पदक प्रदान किए। इनमें सुश्री स्नेहा पी.जी. को बीएससी (स्नातक कृषि) में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक एवं आर.पी. जांगिड़ स्वर्ण पदक, मंटी कुमारी को डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय जोधपुर को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक एवं स्वर्गीय रूकमणी देवी कलवानियां स्वर्ण पदक, किरण चौधरी को स्नातकोत्तर शस्य विज्ञान में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक एवं डॉ आर.पी. जांगिड़ स्वर्ण पदक, ट्विंकल हाड़ा को स्नातकोत्तर सब्जी विज्ञान में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, पुरुषोत्तम सुथार को स्नातकोत्तर, आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, मनिला पूनिया को स्नातकोत्तर, कीट विज्ञान में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक और मयंक राजपूत को स्नातकोत्तर रोग विज्ञान में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान किया।

- **पूर्व कुलपति डॉ. जे.एस. संधु को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि दी**

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने डॉ जे.एस. संधु, पूर्व कुलपति कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन किया।

दीक्षान्त समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल बागड़े ने कहा कि प्राकृतिक विषमताओं और जलवायु परिवर्तन के दौर में विभिन्न संकटों पर नियंत्रण के लिए देश भर में इस समय 'प्राकृतिक खेती' के लिए अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। प्राकृतिक खेती और वृक्षारोपण जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से बचने का प्रभावी उपाय है। इसके लिए कृषि में सहनशील किस्मों और नई प्रौद्योगिकियों का विकास किया जाए। इन किस्मों के गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, इससे न केवल क्षेत्र के किसान लाभान्वित होंगे अपितु राज्य में कृषि के विकास को भी नवीन गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि कम पानी में अच्छी फसल हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। खेती को पानी की बहुत जरूरत रहती है। बारिश का पानी खेत में ही रहे, इसके लिए भी कृषि शिक्षा के अंतर्गत आप लोग प्रयास करें। पानी की बचत ही पानी का निर्माण करना है।

राज्यपाल ने कृषि शिक्षा के अंतर्गत शिक्षण, अनुसंधान और प्रसार की दिशा में मौलिक दृष्टि रखते हुए कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने मोटे अनाज के महत्व को देखते हुए श्री अन्न के अधिकाधिक उपयोग एवं इसके महत्व के प्रचार-प्रसार की जरूरत बताई। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और निर्यात के नए अवसर प्रदान करने के लिए "एक के.वी.के., एक उत्पाद" की पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह की योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। समारोह को संबोधित करते हुए दीक्षांत अतिथि नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के पूर्व कुलपति, डॉ. जे.एस. संधू ने सभी प्रतिभाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कृषि क्षेत्र में समर्पित सेवाओं से समाज के उत्थान तथा देश में खुशहाली विस्तार के लिए आगे आने का आव्हान किया।

समारोह में कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने राज्यपाल तथा दीक्षांत अतिथि डॉ. जे.एस. संधु को स्मृति चिन्ह भेंट किया। समारोह से पूर्व राज्यपाल बागड़े ने कृषि विश्वविद्यालय पहुंचकर विश्व विद्यालय की 8 विभिन्न ईकाइयों के भवनों का लोकार्पण किया। समारोह में शैक्षिणक शोभायात्रा के मंच पर आगमन के उपरान्त राज्यपाल ने दीप प्रज्वलन तथा शुभारंभ की घोषणा कर दीक्षान्त समारोह की शुरूआत की। दीक्षांत समारोह में विधायक बिलाड़ा अर्जुनलाल गर्ग भी उपस्थित थे।

# चिकित्सकों की लापरवाही से मरीज की मौत का आरोप

## निगम में जमादार गोपाल को हार्ट के दर्द की शिकायत पर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था



परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

- **शनिवार को इलाज के दौरान अस्पताल में मरीज की मौत हो गई, परिजन ने नहीं लिया शव**
- **एक करोड़ मुआवजा और दोषी चिकित्सक व अन्य स्टाफ पर कार्यवाही की मांग**
- **मांगों को लेकर वाल्मीकि समाज ने झाड़ू डाउन हड़ताल का आव्हान किया**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के बांगड़ हॉस्पिटल में चिकित्सकों की लापरवाही से मरीजों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन मरीजों की संदिग्ध मौत और हंगामे के बीच हॉस्पिटल की गिरती साख को बचाने के लिए अब पुलिस का सहारा लेना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम में जमादार गोपाल (52) पिता बालू राम गारू निवासी तेजाजी चौक को गत दिनों हार्ट के दर्द की शिकायत पर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान गोपाल की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एक करोड़ मुआवजा और दोषी चिकित्सक डॉ. अनुराग सिंह व अन्य स्टाफ पर कार्यवाही की मांग को लेकर वाल्मीकि समाज ने झाड़ू डाउन हड़ताल का आव्हान किया है। समाजजनों का कहना है कि जब तक मांगें नहीं मानी जाती है, शहर में सफाई व्यवस्था ठप्प रहेगी और शव उठाया नहीं जाएगा।

# भीलवाड़ा नगर निगम की हंगामे के बावजूद बोर्ड बैठक सम्पन्न

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नगर निगम महापौर राकेश पाठक और आयुक्त हेमाराम चौधरी पर भ्रष्टाचार के आरोपों लगने और सड़क से लेकर सदन तक हंगामे के बावजूद निगम बोर्ड बैठक

- **हंगामे के बीच 411 करोड़ रुपये का बजट पेश**

टाउन हॉल में सम्पन्न हुई, जिसमें 411 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। यह महापौर राकेश पाठक के कार्यकाल का अब तक का सबसे बड़ा बजट है।




बैठक से पहले कांग्रेस नेता मनोज पालीवाल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन हुआ।

बैठक से पहले, कांग्रेस नेता मनोज पालीवाल के नेतृत्व में नगर निगम गेट पर विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसमें महापौर राकेश पाठक और आयुक्त हेमाराम चौधरी की साझेदारी वाली जोड़ी से इस्तीफे की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने महापौर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और बैठक से पहले ही सड़क पर हंगामा किया। बैठक के दौरान, महापौर और आयुक्त के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बीच तीखी बहस हुई, जिससे माहौल तनावपूर्ण रहा। कांग्रेस नेताओं ने महापौर और आयुक्त पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए, जिससे बैठक में हंगामे की स्थिति उत्पन्न हुई। हंगामे के बीच सदन में 22 एजेंडा प्वाइंटों पर सहमति बनी।

# 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल जारी

**बीकानेर, (निसं)।** शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे 5वीं और 8वीं के बच्चों की बोर्ड की परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 5वीं के एग्जाम 7 अप्रैल से शुरू होंगे, जबकि 8वीं बोर्ड के एग्जाम 20 मार्च से शुरू हो रहे हैं।

शिक्षा विभागीय परीक्षा कार्यालय के पंजीयक नरेंद्र सोनी ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन यानी पांचवीं बोर्ड परीक्षा 7 अप्रैल से शुरू होगी। टाइम टेबल के अनुसार पहले दिन 7 अप्रैल को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। इसके बाद 8 अप्रैल को हिंदी, 9 अप्रैल को पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा होगी। इसके बाद 5 दिन की छुट्टियां रहेंगी। 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 11 अप्रैल को ज्योतिबा फूले जयंती, 12 अप्रैल को अंतराल, 13 अप्रैल को रविवार, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती का अवकाश रहेगा। 15 अप्रैल को गणित की परीक्षा होगी। वहीं 16 अप्रैल को तृतीय भाषा (संस्कृत, उर्दू, सिंधी) का एग्जाम होगा। आठवीं बोर्ड परीक्षा 20 मार्च से शुरू होगी। टाइम टेबल के अनुसार 20 मार्च को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। इसके बाद 22को हिन्दी, 24 को विज्ञान, 26 को सामाजिक विज्ञान, 29 को गणित की परीक्षा होगी। 30 को रविवार और 31 मार्च को ईद की छुट्टी रहेगी। 1 अप्रैल को तृतीय भाषा (संस्कृत, उर्दू, गुजराती, सिंधी, पंजाबी) की परीक्षा होगी।

# सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय संचार मंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** राजसमंद संसदीय क्षेत्र की सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर क्षेत्र में संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के लिए कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने राजसमंद क्षेत्र में डाकघर और मोबाइल नेटवर्क से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों के लिए केंद्रीय मंत्रालय से मदद की अपील की। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि राजसमंद क्षेत्र में सूचना और संचार के क्षेत्र में तेजी से विकास की आवश्यकता है ताकि ग्रामीण इलाकों में लोगों को बेहतर सेवायें मिल सकें और वे डिजिटल युग में कदम रख सकें। उन्होंने केंद्रीय मंत्री सिंधिया से कई बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने बताया कि राजसमंद क्षेत्र में डाकघर का नया मंडल कार्यालय स्थापित करने की आवश्यकता है, जिससे संचार सेवाओं का विस्तार हो सके और नागरिकों को तेज़ एवं सुलभ डाक सेवाएँ मिल सकें।

- **सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर क्षेत्र में संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के लिए कई विषयों पर चर्चा की**

डेगाना विधानसभा क्षेत्र की सान्जू शाखा को उप डाकघर में क्रमोन्नत करने की मांग की गई, ताकि वहां के निवासियों को बेहतर डाक सेवा प्राप्त हो सके। यह कदम क्षेत्रीय विकास और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। सांसद ने डेगाना विधानसभा की ग्राम पंचायतों बरना, भारती, सुरियास और पुनास में मोबाइल टॉवर लगाने की अपील की। जेतारण विधानसभा की कुर्क, लांबिया, निंबोल और राबारियावास ग्राम पंचायतों में नवीन डाकघरों का निर्माण करने की आवश्यकता जताई गई।

महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि राजसमंद क्षेत्र में संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास हो, ताकि यहाँ के लोग भी अन्य शहरी क्षेत्रों की तरह सुविधाओं का लाभ उठा सकें। यह कदम न केवल डिजिटल समावेशन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ के द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आश्वस्त किया कि इन योजनाओं पर जल्द ही कार्य किया जाएगा। इस मुलाकात के बाद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि वे अपने प्रतिनिधित्व से हर संभव प्रयास करेंगी, ताकि राजसमंद में संचार सेवाओं का विस्तार हो सके और सभी नागरिकों को आधुनिक तकनीकी सुविधाएँ मिल सकें।

# हाईकोर्ट : समकक्ष योग्यता पर नर्सिंग-ऑफिसर नियुक्ति के आदेश

**जोधपुर, (कासं)।** चिकित्सा विभाग में नर्सिंग ऑफिसर के 6981 पदों के लिए 5 मई 2023 को जारी विज्ञिप्त में आवश्यक योग्यता सीनियर सैकंडरी और समकक्ष, नर्सिंग डिप्लोमा तथा नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन रखने के बावजूद कुछ अभ्यर्थियों को प्री यूनिवर्सिटी कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नियुक्ति से वंचित किए जाने के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने अहम फैसला देते हुए 2 अभ्यर्थियों को अंतरिम नियुक्ति देने के आदेश दिए हैं।

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने दो अभ्यर्थियों को अंतरिम नियुक्ति देने के आदेश दिए**

पाली के राजेंद्र नगर निवासी गोपाल कृष्ण और रानी के जवाली निवासी जसाराम की ओर से एडवोकेट यशपाल खिलेरी ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की थी। इसमें बताया गया कि वर्ष 2023 मे नर्सिंग ऑफिसर पदों के लिए जारी विज्ञिप्त में आवश्यक योग्यता सीनियर सैकंडरी और समकक्ष, नर्सिंग डिप्लोमा और नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन होने की निर्धारित की गई थी। याचिकाकर्ता ने उदयपुर की जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्या पीठ से वर्ष 2005 में प्री यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) उत्तीर्ण कर लिया था, जिसे सीनियर सैकंडरी परीक्षा के समान समकक्षता की मान्यता है।

अपीलार्थियों को इसी योग्यता के आधार पर पहले 3 वर्षीय नर्सिंग डिप्लोमा में प्रवेश और इसी के आधार पर नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन कर वर्ष 2014 में जीएनएम पद पर संविदा नौकरी दी गई। वर्तमान में याचिकाकर्ता जसाराम जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में कार्यरत हैं। इसी बीच, नियमित भर्ती-2023 में उसकी पीयूसी योग्यता को 12वीं कक्षा के समकक्ष नहीं मानते हुए नर्सिंग ऑफिसर पद पर नियुक्ति से वंचित कर दिया गया। इस पर रिट याचिकाएं पेश की गईं, लेकिन हाईकोर्ट की एकलपीठ न्यायाधीश ने 2024 में दिए गए फैसले के आधार पर याचिकाएं खारिज कर दी गईं।

तब, हाइकोर्ट की खंडपीठ में स्पेशल अपील पेश की गई। इनकी सुनवाई के दौरान एडवोकेट खिलेरी ने कोर्ट को बताया कि प्री यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) योग्यता को सीनियर सैकंडरी के समकक्ष मानकर राज्य सरकार ने परिवादी को राजकीय नर्सिंग स्कूल से डिप्लोमा कोर्स कर राजकीय अस्पताल में संविदा नियुक्ति दी गई। ऐसे में अब नियमित भर्ती के समय उसे अयोग्य करार देना गैर वाजिब है।

खिलेरी ने कोर्ट को यह भी बताया कि समकक्षता देने का क्षेत्राधिकार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर को है, जिसकी अनुभवी विषय विशेषज्ञ की कमेटी ने याचिकाकर्ता की पीयूसी योग्यता को सीनियर सैकंडरी परीक्षा के समकक्ष निर्धारित कर आदेश भी जारी कर दिया। ऐसे में एकलपीठ द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज बनाम भारत संघ में पारित पूर्व निर्णय 8 जनवरी 2024 याचिकाकर्ताओं के प्रकरण में लागू ही नहीं होता है, क्योंकि याचिकाकर्ताओं के जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर से पीयूसी परीक्षा सत्र 2004-2005 को यूजीसी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, दूरस्थ शिक्षा काउंसिल और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता दे रखी थी। अपीलार्थियों की ओर से एडवोकेट ख़िलेरी ने बताया कि याचिकाकर्ताओं के साथ भेदभाव करते हुए उन्हें भर्ती प्रक्रिया में अपात्र घोषित करना असंवैधानिक और गैर कानूनी है। जब विज्ञापित पद पर अस्थायी आधार पर गत कई वर्षों से अपीलार्थी कार्यरत हैं और नियमित भर्ती प्रक्रिया में मेरिटोरियस होने से नियुक्ति दिलाने की गुहार लगाई गई। प्रकरण के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए और अपीलार्थियों के वकील के तर्कों से प्रथमदृष्टया सहमत होकर हाइकोर्ट जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और चंद्र प्रकाश श्रीमाली की खंडपीठ ने पीयूसी योग्यता के आधार पर अपीलार्थियों को अयोग्य नहीं ठहराने और अपील के अंतिम निर्णयाधीन नर्सिंग ऑफिसर पद पर नियुक्ति दिए जाने के अंतरिम आदेश दिए हैं। साथ ही संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की है।

# मेड़ता पालिका की बैठक में विकास सहित कई मुद्दों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगे

**मेड़ता सिटी, (निसं)** मेड़ता नगर पालिका में 2025-26 के बजट को लेकर बैठक का मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू के नेतृत्व में पालिका अध्यक्ष गोतम टाक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक हंगामे के साथ 92 करोड़ 8 लाख 52 हजार का बजट सर्वसम्मति से पास किया गया। वहीं बैठक में विकास सहित कई विभिन्न मुद्दों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में पालिका अध्यक्ष गोतम टाक ने शहर में हुए विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं प्रतिपक्ष

- **मेड़ता नगरपालिका में 92 करोड़ 8 लाख 52 हजार का बजट सर्वसम्मति से पास हुआ**

नेता पवन परतानी ने विकास को लेकर कई आरोप लगाए, पट्टे वितरण मामले को लेकर भी सवाल उठाए।

मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू ने कहा कि भाजपा सरकार ने मेड़ता विकास कार्य को लेकर हमेशा तट पर रही। भाजपा पार्षदों ने भी सर्वसम्मति बजट पास होने के बाद बैठक का बहिष्कार किया। इसको लेकर प्रतिपक्ष नेता पवन परतानी ने कहा मेड़ता विकास को लेकर जो सरकार द्वारा बजट मेड़ता को दिया गया इसको लेकर बजट सर्व सम्मति से पास किया गया पर बैठक में बोर्ड द्वारा विकास कार्य को लेकर इतने साल सत्ता का दुरुपयोग किया है, वहीं कई फर्जी पट्टे जारी किए हुए उसका भाजपा पार्षद बहिष्कार करते है और उन कार्य की जांच विचारणीय है। पालिका अध्यक्ष गोतम टाक ने कहा कि कांग्रेस बोर्ड ने मेड़ता की जनता के लिए कई विकास कार्य करवाए हैं, पर वर्तमान सरकार व भाजपा पार्षदों द्वारा मेड़ता विकास के लिए कई बार कार्य किए जाते हे उसको लेकर बखेड़ा कर दिया जाता हे। वर्तमान बोर्ड मेड़ता विकास के लिए हमेशा अठाणीय हे और रहेगा। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी प्रकाश डूडी , सलीम मॉयल , रामसुख मुंशी , मोहित माली , सुनील पंवार , जाकिर खान , विजय राज सांखला , राजू भाई माली , महेंद्र भाकर , दिलीप माली , श्वेता सोनी , लीला बोराना, अमजद खान, अनिल चौधरी , नंदकिशोर जोशी सहित कई प्राधिकारी व पार्षद मौजूद थे।

# माफिया ने परमिट की आड़ में वन विभाग की जमीन खोद डाली

**बीकानेर, (निसं)।** पाक बॉर्डर पर खाजूवाला के चक 40 केजेडी में जिप्सम के अवैध खनन का मामला अभी थमा ही नहीं था कि माफिया ने 14 पीकेडी माधोडिग्गी में वन विभाग की जमीन खोद डाली। देर रात को ग्रामीणों की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और एक खेत में छिपाकर रखी जेसीबी को जब्त कर लिया।

जानकारी के अनुसार पिछले दिनों माफिया ने 40 केजेडी में 2300 टन जिप्सम खोद डाला। प्रशासन ने उस पर 46.29 लाख रुपए जुर्माना तय किया। अब चक 14 पीकेडी में दोहरे आवंटन की वन विभाग की जमीन पर जेसीबी चली है। माफिया ने परमिट की आड़ में वन विभाग की जमीन खोद डाली। रात को जिप्सम का अवैध खनन और गाड़ियां भरने का पता चलने पर ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। इसकी भनक लगने पर माफिया अपनी गाड़ियां लेकर मौके से भाग निकले। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो जिप्सम के अवैध के गड्ढे और गाड़ियों के निशान मिले। आसपास खोजबीन की गई तो दोपहर के समय चक 2 एमडीएम में छिपाकर रखी जेसीबी मशीन बरामद हो गई। वन विभाग ने जेसीबी जब्त कर ली है और अवैध खनन करने वालों की तलाश की जा रही है।

इत्तला मिलने पर खाजूवाला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। चक 14 पीकेडी माधोडिग्गी में जिस जेसीबी से जिप्सम खोदा गया वह पूर्व में भी इसी जगह अवैध खनन करते पकड़ी गई है। वन विभाग ने पिछले साल अक्टूबर में जिप्सम का अवैध खनन करते जेसीबी जब्त की थी। जेसीबी एक माह तक वन विभाग के कब्जे में रही और उसके बाद 2.80 लाख रुपए का जुर्माना लेकर छोड़ी गई। उसी जेसीबी से रात को 14 पीकेडी में जिप्सम का अवैध खनन किया गया। वन विभाग ने छिपाकर रखी जेसीबी कब्जे में ले ली है। जेसीबी मालिक घड़साना निवासी जसवीर मान है।

वन विभाग की बेरियांवाली रेंजर विजयलक्ष्मी मील का कहना है कि चक 14 पीकेडी माधोडिग्गी में वन विभाग की दोहरे आवंटन की जमीन के पास ही अन्नी देवी के नाम से खान विभाग की ओर से परमिट जारी किया गया है। इस परमिट की आड़ में वन विभाग की जमीन से जिप्सम का अवैध खनन किया जाता है। पूर्व में जिप्सम का अवैध खनन किया गया है। खान विभाग को परमिट निरस्त करने के लिए पत्र लिखा गया है। इसके अलावा वन विभाग के कितने एरिया में अब तक कुल कितने जिप्सम का अवैध खनन किया जा चुका है। इसका असेसमेंट करवाया जाएगा। माधोडिग्गी पर दोहरे आवंटन की जमीन पर सरपंच श्योपत का कब्जा है। जमीन का मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

# न्यायाधिपति गर्ग ने भीलवाड़ा का दौरा किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की समीक्षा के लिए भीलवाड़ा का दौरा किया।

राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के वरिष्ठ सलाहकार राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के आलोक में राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग द्वारा राजस्थान के सभी जिलों में बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा करने की उद्देश्य से नियमित रूप से दौरे किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में शनिवार को भीलवाड़ा जिले में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, सुरक्षित गृह, शिशु गृह, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा अनुदानित सोना दिव्यांग पुनर्वास शोध संस्थान द्वारा संचालित




राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

- **न्यायाधिपति गर्ग ने सोना मंदबुद्धि विद्यालय का निरीक्षण किया एवं निर्देश दिये**
- **प्रदेश में बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की समीक्षा**

सोना मंदबुद्धि विद्यालय का निरीक्षण किया एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

निरीक्षण के समय नगेन्द्र सिंह- मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विशाल भार्गव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवांगिनी औदिच्य प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, सदस्य नरेश पारीक, उर्मिला सिरोठा, धर्मराज प्रतिहार सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल सरंक्षण इकाई, गौरव सारस्वत अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, नूतन शर्मा उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कमलकुमार जैन अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चन्द्रकला ओझा, सदस्य विनोद राव, प्रेमचंद जैन अध्यक्ष सोना दिव्यांग पुनर्वास एवं शोध संस्थान, मनवीर सिंह मीणा प्रधानाचार्य डॉ राजेश छापरवाल शिशु रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे।



"हम अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे। कुछ खिलाड़ी हैं जो ओलंपिक के बाद अपने पहले प्रो लीग मैच में खेलेंगे।"

- सलीमा टेटे

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान, एफआईएच प्रो लीग में खेलने को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## हरमनप्रीत सिंह



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के प्रत्येक मैच को जीतना और लीग में शीर्ष पर रहकर 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरुआत करेगा। भारत इसके बाद अगले दिन फिर से स्पेन का सामना करेगा। इसके बाद वह 16 और 19 फरवरी को जर्मनी से खेलेगा। हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग के उद्घाटन से पहले कहा, "हॉकी इंडिया लीग से हमारा अभ्यास अच्छा चल रहा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** 67 साल पहले डॉन ब्रैडमैन टेस्ट क्रिकेट से रिटायर हो गए थे, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी औसत का उनका रिकॉर्ड आज तक कोई नहीं तोड़ पाया।

# भारतीय पोलो टीम ने द. अफ्रीका को 7-5 के स्कोर से हरा शील्ड अपने नाम की







जयपुर, 15 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025 के अंतर्गत राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शनिवार को हाई-प्रोफाइल अंतरराष्ट्रीय पोलो मैच एचएच राजमाता पद्मिनी देवी ऑफ जयपुर इंटरनेशनल शील्ड एंड आईपीए इंटरनेशनल डे खेला गया। यह मैच भारतीय टीम और दक्षिण अफ्रीकी टीम के बीच खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 7-5 के स्कोर से हराकर शील्ड अपने नाम कर ली। इस अवसर पर डायकलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से अनिता टोंग्या और इंडियन पोलो एसोसिएशन (आईपीए) के मानद सचिव और 61 कैवेलरी के कमांडेंट, कर्नल वीएस कहलों, वीएसएम उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीम को शील्ड प्रदान की। भारतीय टीम से शमशीर अली ने 3 गोल और सिमरन शेरगिल ने 2 गोल किए। वहीं टीम के लिए महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और अभिमन्यु पाठक ने 1-1 गोल किया। इसी प्रकार, दक्षिण अफ्रीका टीम से टायसेन ओसुलिवन ने 3 गोल किए। खिलाड़ी जोहान डू प्रीज़ और उलरिच स्पाइज़ ने 1-1 गोल किया। टीम से अन्य खिलाड़ी डंकन लो भी खेले।

**गिरे :** गिरते हैं शह-सवार ही मैदान-ए-जंग में, वो तिफल क्या गिरेगा जो घुटनों के बल चले। कुछ इस तरह की पंक्तियां शनिवार को पोलो खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका पोलो खिलाड़ी डंकन लोवे पर फब्ती है। मैदान में अपने पीछे खेल रहे साथी की बॉल को गोल करने के चक्कर में अपने घोड़े से गिर गए। उस समय घोड़े की रफ्तार तेज थी तो शरीर का वेग भी वैसा ही था पर अचानक बॉल देखकर घोड़ा रुका तो बैलेंस बिगड़ने से मैदान में गिर गए। गिरने के बाद भी हौसले में कोई कमी नहीं दिखाई। गिरने के बावजूद डंकन लोवे बोले, ऑल राइट, और वापस अपने घोड़े पर सवार होकर मैच पूरा किया।

**बॉलटूटी :** महाराजा पदमनाभ सिंह ने तीसरे चक्कर मे शमशीर को पास देने के लिए मैदान के राइट साइड से एक शॉट लिया, पदमनाभ सिंह का शॉट इतना तेज तर्रार था कि उस शॉट से बॉल के दो टुकड़े हो गए। एक टुकड़ा भारतीय टीम के खिलाड़ी के पास और दूसरा टुकड़ा दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाड़ी के पास गिरा। ये नज़ारा देखकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों ओर दर्शको को हसीं आ गई। एम्पायर भी हंसने लगे। एक खुशनुमा माहौल हो गया था मैदान में। एम्पायर ने दोनो बॉल के टुकड़े मैदान से बाहर निकलवाए ओर मैच दूसरी बॉल लेकर शुरू करवाया।

## गार्ड आफ ऑनर : महाराजा पदमनाभ सिंह ने आत्मीयता वाली परंपरा दोहराई




जयपुर, 15 फरवरी। आज महाराजा पदमनाभ सिंह ने भारतीय पोलो टीम की जीत के बावजूद दक्षिण अफ्रीका पोलो टीम को पहले अभिवादन के लिए भेजा ओर उसके बाद भारतीय पोलो टीम अभिवादन के लिए आई। पोलो प्रेमियों को अपने महाराजा की ये अदा बहुत पसंद आई। कई वर्षों के बाद गुलाबी नगरी के राजस्थान पोलो मैदान पर पोलो प्रेमियों में भारतीय पोलो और दक्षिण अफ्रीका पोलो टीम के प्रति इतना जज्बा नजर आया। भारतीय पोलो टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शमशीर अली, पद्मनाभ सिंह, सिमरन शेरगिल ने बेहतरीन गोल बनाए, अभिमन्यु पाठक ने अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम की जीत के बाद भी लोगों ने साउथ अफ्रीका टीम के लिए अपनी- अपनी जगह खड़े होकर अभिवादन किया। तालियों की करतल ध्वनि से भारतीय पोलो टीम की जीत का जश्न मनाया और उन्हें बधाइयां दीं। इससे पूर्व भी जयपुर में अली ब्रदर्स, गोदारा ब्रदर्स, कलान ब्रदर्स, लोकेंद्र सिंह, महाराज पदमनाभ सिंह , समीर सुहाग और विशाल सिंह जब अच्छा खेलते और टूर्नामेंट जीतते थे तो जयपुर के लोग उन्हें अपने सर-आंखों पर बिठाते थे।

## राजस्थान के शलेंद्र गहलोत, पुनीत यादव व आस्था माथुर बीसीसीआई मैच रेफरी एग्जाम में भाग लेंगे

जयपुर 15 फरवरी। ,आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी मैच रेफरी एग्जाम व अंपायर एग्जाम में भाग लेने हेतु राजस्थान के क्वालिफाइड व अनुभवीमैच रेफरी व अंपायर के चयन हेतु राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा दिनांक 10 फरवरी को आरसीए मैच रेफरी एग्जाम ( पुरुष / महिला ) व दिनांक 13 फरवरी को आरसीए अंपायर एग्जाम आयोजित किया गया। धर्मवीर सिंह के अनुसार आरसीए द्वारा बीसीसीआई के आगामी मैच रेफरी व अंपायर एग्जाम में भाग लेने हेतु सभी मापदंडो को पूर्ण करने वाले राजस्थान के पूर्व खिलाडियों व अंपायर का आरसीए द्वारा पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए उम्मीदवारों से उनके जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज ऑनलाइन प्राप्त किये व आरसीए मैच रेफरी ( पुरुष / महिला ) व आरसीए अंपायर एग्जाम आयोजित किया गया।

आरसीए द्वारा बीसीसीआई की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले अनुभवीपूर्व खिलाडियों व आरसीए अंपायर एग्जाम हेतु राष्ट्रिय व राज्य स्तरीयप्रतियोगिताओं के अनुभवी आरसीए पैनल के अंपायर का एग्जाम बीसीसीआई की फेकल्टी द्वारा लिया गया। आरसीए मैच रेफरी एग्जाम में बीसीसीआई फेकल्टी मनु नायर व आरसीए अंपायर एग्जाम में बीसीसीआई फैकल्टी शशांक राणाडे द्वारा लिया गया।

आरसीए मैच रेफरी एग्जाम के पात्र कुल 13 योग्य उम्मीदवारों में से कुल 8 उम्मीदवारों ने एग्जाम में भाग लिया जिसमे से 3 पूर्व खिलाडियों ने बीसीसीआई मैच रेफरी एग्जाम हेतु क्वालीफाई किया। आरसीए अंपायर एग्जाम हेतु कुल 23 योग्य आरसीए पैनल के अंपायर में से कुल 11 उम्मीदवारों ने आरसीए अंपायर एग्जाम में भाग लिए जिसमे से 4 अंपायर ने बीसीसीआई अंपायर एग्जाम हेतु क्वालीफाई किया।

बीसीसीआई मैच रेफरी एग्जाम व अंपायर एग्जाम हेतु क्वालीफाई करने वाले सभी उम्मीदवारों द्वारा आवश्यक ओरिजनल दस्तावेज व शपथ पत्र आरसीए में जमा करा दिए गए हैं।

**बीसीसीआई मैच रेफरी एग्जाम हेतु राजस्थान के क्वालीफाई पूर्व खिलाडी ( पुरुष /महिला ) :** शैलेन्द्र गहलोत, पुनीत यादव, आस्था माथुर। बीसीसीआई अंपायर एग्जाम हेतु क्वालीफाई अंपायर :- जयंत वासु, अंशु मोहिंद्र, ललित कुमार, भीम सिंह।

## वैश्य चैंपियंस लीग ( अंडरआर्म क्रिकेट ) की तैयारियों के लिए मीटिंग का आयोजन



**जयपुर ।** अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन जिला जयपुर, अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन यूथ विंग राजस्थान, अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन यूथ एवं महिला विंग, जयपुर द्वारा आयोजित एवं जे ई सी आर सी यूनिवर्सिटी द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अंडरआर्म क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 15 एवं 16 मार्च 2025 शनिवार रविवार को दादू दयाल क्रिकेट एरेना, सेंट विलफ्रेंड कॉलेज के सामने,न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर में किया जा रहा है ।

चेयरमैन रोटेरियन सुधीर जैन गोधा और सी ए श्री संजय पाबूवाल ने बताया कि इसमें वैश्य समाज के सभी घटकों की 32 टीमें भाग ले रही है जिसमें पुरुष वर्ग, महिला वर्ग और किड्स वर्ग शामिल है ! यह अंडर आर्म क्रिकेट टूर्नामेंट जयपुर शहर के वैश्य समाज के सभी घटकों हेतु प्रथम बार आयोजित किया जा रहा है ! इस टूर्नामेंट को करने का मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज के सभी घटकों के सदस्यों को एक साथ, एक मंच पर लाकर खेल-खेल के माध्यम से पारिवारिक माहौल में लुत्फ उठाना है !इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 2 दिन में 55 मैच खेले जाएंगे ।

मुख्य समन्वयक कमल संचेती ने बताया क्रि इस टूर्नामेंट की रजिस्ट्रेशन फीस मात्र 15000/- रखी गई है जिसमें सभी खिलाड़ियों को ड्रेस, खाने के कूपन, कैप्टन को टॉस जीतने पर चांदी का सिक्का, सभी बेस्ट खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, मैच में सबसे ज्यादा चौके छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों को ईनाम, टूर्नामेंट जीतने वाली और रनर अप टीम को आकर्षक ट्राफी और नगद राशि देकर सम्मानित और खेलने वाले सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर कर सम्मानित किया जाएगा! इस टूर्नामेंट मे अम्पायर्स और स्कॉरिंग कि जिम्मेद्दारी आर.सी. ए. के प्रोफेशनल्स अम्पायर श्री नरेश शर्मा की टीम्स द्वारा किया जायेगा । प्रोजेक्ट डायरेक्टर तरुण जैन और विनीत जैन ने बताया कि इस टूर्नामेंट में सभी खिलाड़ियों के लिए शुभारम्भ में मार्च पास्ट का आयोजन गुब्बारे उड़ाकर किया जायेगा और पधारे हुए सभी मेहमानों, खिलाडियों और उनके परिवार जनों के लिए डीजे नाइट का आयोजन नरेंद्र जैन पार्टी द्वारा किया जाएगा । इसमें गायक कलाकारों को भी बुलाया जाएगा ! टूर्नामेंट के अंत में समापन समारोह भी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा जिसमें शानदार आतिशबाज़ी और सभी विजेताओं को ट्रॉफी और टीमें खरीदने वाले स्पॉन्सर्स को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा । इस टूर्नामेंट के पोस्टर का विमोचन आदरणीय श्री गौतम जी दक, स्टेट मिनिस्टर फॉर सोशल वेलफेयर के कर कमलों द्वारा किया जा चूका है ! टूर्नामेंट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माननीय श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग एवं वाणिज्य, युवा और खेलकूद मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि जुगल किशोर डेरे वाला द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया जायेगा! विशिष्ट अतिथि आदरणीय श्री गौतम ज़ी दक, स्टेट मिनिस्टर फॉर सोशल वेलफेयर एवं एविएशन द क्लोजिंग सेरेमनी में सभी विजेता टीमों व खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित करेंगे । इस टूर्नामेंट मे वैश्य समाज के सभी राजनीती से जुड़े हुए मंत्रियों, समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जायेगा !

## राजस्थान यूथ ने रोमांचक मैच में चम्बल स्पोर्ट्स को हराया

जयपुर, 15 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में राजस्थान यूथ ने चम्बल स्पोर्ट्स क्लब को 3 विकेट से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में राजस्थान यूथ ने टॉस जीतकर पहले चम्बल स्पोर्ट्स क्लब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। चम्बल स्पोर्ट्स ने राहुल खंडेलवाल के 90 रन, रोहन राजभर के 81 रन, लोकेश सैनी के 63 रन, श्रेय सक्सेना के 24 रनों से 50 ओवर में 7 विकेट पर 309 रनों का स्कोर बनाया। राजस्थान यूथ के लिए अनुज मीना, रोहन सिंह, भुवनेश शर्मा, कैफ गुडएज, विनय अमरिया व आदर्श शर्मा ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी में राजस्थान यूथ ने पहला विकेट 4 रन पर गंवाने के बाद भुवनेश शर्मा 45 रन व अभय शर्मा 84 रन ने दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी बाद में रिहान अली नाबाद 85 रन व जयंत ताम्बी 55 ने तीसरे विकेट के लिए 97 रनों की साझेदारी करते हुए 310 रनों का लक्ष्य 49.1 ओवर में 7 विकेट पर प्राप्त कर रोमांचक जीत दर्ज की। चम्बल स्पोर्ट्स क्लब के लिए दिव्यांश शर्मा ने 43 पर 3, अक्षय ताखर ने 67 पर 2, लवीश तोमर व मीहित अग्रवाल ने एक - एक विकेट लिया।

## 5वां रोशन लाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट



जयपुर,15 फरवरी। राजापार्क स्थित सिंह बिलियर्ड्स में आयोजित 5वां रोशन लाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट में शनिवार को खिलाडियों का प्रदर्शन में उलटफेर देखने को मिला। प्रमोद ने रोहित को 15-48, 43-42, 58-26, पार्थ ने कुणाल को 50-43, 48-55, 53-52 से, अविनाश ने मनन को 12-68, 46-45, 23-58 से, सुमित ने सौरभ को 47-41, 69-43 से, सिमरनजीत ने ऋषि को 71-49, 59-36 से, साधमन ने वीरू को 57-12, 51-60, 64-55 से, मनीष टाक ने हर्ष को 27-52, 71-47, 64-55 से, आकाश ने सौरभ को 54-19, 43-6 से, धीरज ने विधि को 69-40, 48-32 से, विनीत ने शांतनु को 47-4, 24-55, 47-15 से, निखिल ने करण को 59-03, 53-47 से हराया।

## एलीट डिवीजन में रामबाग लैजेंड्स और प्लेट डिवीजन में निरबाना टाइगर्स रहे विजेता

जयपुर, 15 फरवरी।जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में बैंक ऑफ बड़ौदा रामबाग गोल्फ क्लब कॉर्पोरेट लीग का चौथा संस्करण और रेगुलर कॉर्पोरेट लीग का 11वां संस्करण सम्पन्न हुआ। इस लीग के एलीट डिवीजन में रामबाग लैजेंड्स विजेता रही और मोहिन्द्रा ब्रेवहार्ट उपविजेता टीम रही। इसी ग्रुप में द्वितीय रनर-अप टीम ग्रीनफिंच और टीम पिंकसिटी गोल्फर्स तृतीय रनर-अप रही। वहीं प्लेट डिवीजन में टीम निरबाना टाइगर्स विजेता रही व टीम यूडीबी रॉयल्स उपविजेता रही। समारोह में विजेताओं व उप-विजेताओं को बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व कार्यकारी निदेशक, विक्रमादित्य सिंह खींची; मार्केटिंग और ब्रांडिंग, हेड, वी.जी. सेंथिलकुमार और जी.एम. और जोनल हेड- जयपुर जोन, बैंक ऑफ बड़ौदा, एम. अनिल ने पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर कॉर्पोरेट लीग कमेटी मेम्बर्स, कैप्टन योगेन्द्र सिंह; मानद सचिव, समृद्ध शर्मा और टूर्नामेंट कमेटी के संयोजक, डॉ. हिमांशु शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इस लीग में टीमों की कुल 39 एंट्रीज प्राप्त हुईं थी और इन टीमों को चार ग्रुप्स ए, बी, सी और डी में विभाजित किया गया। राउंड रॉबिन लीग जनवरी-2025 के महीने में पूरी हुई और प्रत्येक ग्रुप की टॉप चार टीमें एलीट डिवीजन के लिए क्वालीफाई हुईं और अगली चार टीमें प्लेट डिवीजन में रहीं।

## चैंपियंस ट्रॉफी : भारतीय टीम का पहला बैच दुबई में

नई दिल्ली 15 फरवरी। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का पहला बैच शनिवार को दुबई रवाना हो गया। ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर, कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली समेत कुछ प्लेयर्स मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। 19 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत के सभी मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। जबकि टूर्नामेंट के शेष मैच पाकिस्तान के कराची, रावलपिंडी और लाहौर में खेले जाएंगे। टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से दुबई में होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच 23 फरवरी को दुबई में होगा। 9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा हाइब्रिड मॉडल में होने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल 9 मार्च को खेला जाएगा। 19 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 15 मैच खेले जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे भी रखा गया है। पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो यह मैच भी दुबई में होगा। टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में होंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शुक्रवार को विमेंस प्रीमियर लीग सीजन-3 का धमाकेदार आगाज किया। टीम ने ओपनिंग मैच में गुजरात जायंट्स के खिलाफ 202 रन का टारगेट 18.3 ओवर में हासिल कर लिया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर भरतपुर व डीग जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, राज्य सरकार विकास कार्यों के रोडमैप के जरिए भरतपुर व डीग जिले का चहुमुंखी विकास सुनिश्चित कर रही है।*

# 'दशकों पुरानी नहरों, बाँधों, डिग्गियों का मरम्मत कार्य करें'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर व डीग जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की

■ उन्होंने सड़क, ऊर्जा, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, स्वायत्त शासन, राजस्व, पर्यटन तथा वन विभाग के आमजनों की सुविधाओं का विस्तार देने वाले विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग के निर्देश दिये।

जयपुर, 15 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों के रोडमैप के जरिए भरतपुर व डीग जिले का चहुमुंखी विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस क्षेत्र की भौगोलिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक परिस्थितियों के अनुरूप आधारभूत विकास परियोजनाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करते हुए आमजन को लाभान्वित करें।

शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर भरतपुर व डीग जिले के विकास कार्यों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़क, ऊर्जा, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, स्वायत्त शासन, राजस्व, पर्यटन, वन सहित विभिन्न विभाग आमजन की सुविधाओं को विस्तार देने वाले विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करें।

मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भरतपुर व डीग जिले में आमजन के सुगम आवागमन के लिए मजबूत सड़क तंत्र को विकसित किया जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जल संसाधन विभाग द्वारा दोनों जिलों में दशकों पुराने नहरों, बांधों, डिग्गियों का समय-समय पर मरम्मत कार्य किया जाए। जिससे आमजन सहित किसानों को भी इनका पूरा लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग, स्वायत्त शासन विभाग व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को भी कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को निर्देश दिए कि भरतपुर व डीग में सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया सहित विभिन्न विभागों के शासन सचिव एवं जिला कलक्टर भरतपुर डॉ. अमित यादव, जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल उपस्थित रहे।

# 'नीट-पीजी की तीसरे राउंड की काउन्सलिंग अदालत के अंतिम आदेश पर निर्भर करेगी'

## अदालत ने विजयलक्ष्मी टोगरा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिए

■ कोर्ट ने कहा, तीसरे राउंड की काउन्सलिंग के अस्थाई रिज़ल्ट श्रेणीगत तरीके से जारी करें।

■ अदालत ने अगली अंतिम सुनवाई पर नीट-पीजी काउन्सलिंग बोर्ड के अध्यक्ष को वी.सी. के जरिए उपस्थित होने का आदेश दिया।

जयपुर, 15 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट में नीट - पीजी (एम. डी. / एम. एस.) परीक्षा के तीसरी राउंड की काउंसलिंग में सम्मिलित नहीं किये जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायधीश समीर जैन की एकल पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता विजयलक्ष्मी टोगरा की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि वह राजस्थान स्टेट कोटा की श्रेणी में आती हैं और उन्हें तीसरे राउंड की काउंसलिंग में भाग नहीं लेने दिया जा रहा है, जबकी रिक्त सीट के आवंटन के लिए उसने फीस अदा कर दी थी। न्यायाधीश समीर जैन ने याचिकाकर्ता के वकील तनवीर अहमद की ओर से की गई जिरह को सुनने के बाद माना की 14 फरवरी को काउसंलिंग खत्म हो जाने के बाद पद आवंटन की कार्रवाही शुरू हो जाएगी और उससे याचिकाकर्ता को अपूरणीय हानि होगी। इसलिए उन्होने नीट पीजी काउंसलिंग बोर्ड को आदेश दिये हैं कि वह तीसरे राउंड की काउंसलिंग के अस्थाई रिज़ल्ट श्रेणीगत तरीके से जारी करे। अदालत ने कहा है की यह अस्थाई रिज़ल्ट की निश्चयात्मकता अदालत के अंतिम आदेश पर निर्भर करेगी।

विजयलक्ष्मी टोगरा द्वारा दायर मामले पर अदालत में लगभग ढाई घंटे बहस हुई, जिसके कारण एसआईभर्ती परीक्षा 2022 को रद्द करने के मामलें में सुनवाई नहीं हो सकी। विजयलक्ष्मी द्वारा अदालत में गुहार की गई थी कि जब तक उनके द्वारा दायर याचिका का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक नीट-पीजी के तीसरी श्रेणी की काउंसलिंग के परिणाम पर अंतरिम रोक लगा दी जाये।

याचिकाकर्ता की याचिका में कहा गया कि अन्य अभ्यर्थियों की ओर से अपनी सीट अपग्रेड करने के चलते उनकी सीट रिक्त हो गई हैं। वहीं याचिकाकर्ता इन रिक्त सीट में ही प्रवेश लेना चाहती है। इसके बावजूद भी उसे सीट आवंटित नहीं की जा रही है और इन सीटों को स्ट्रे राउंड में ले जाया जा रहा है। इसके चलते एक ओर पात्र और मेरिट में स्थान वाले अभ्यर्थियों को मनचाही सीट नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी ओर कई सीट रिक्त ही रह गई है।

जिस पर राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे वकील यश जोशी ने बताया की किसी भी अभ्यर्थी की दूसरे राउंड में आवंटित सीट के स्वत: ही खाली `केवल तभी माना जाता है अगर उसे तीसरे राउंड में कोई अन्य सीट आवंटित की जाये। यश जोशी ने बताया कि ऐसी स्थिती में जो सीट रिक्त होती है वह किसी अन्य अभ्यर्थी को आवंटित की जा सकती है।

अदालत ने सभी तथ्यों को सुनने के बाद इस मामले की अंतिम सुनवाई 18 फरवरी तय की है और नीट-पीजी के काउंसलिंग बोर्ड के अध्यक्ष को वीसी के माध्यम से उपस्थित होने के आदेश दिये है।

## उमा भारती ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पहुंचने वाला है।

अमेरिका से डिपोर्ट किए गए लोगों को अमृतसर हवाई अड्डे पर उतारने के भारत सरकार के निर्णय से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान नाराज़ हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार ऐसा करके राज्य की छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रही है।

संयोगवश, अमेरिकी सैन्य सी-17 विमान, जिसमें 119 प्रत्यर्पित भारतीय नागरिक आ रहे हैं, उसमें पंजाब से 67, हरियाणा से 33, गुजरात से 8, उत्तर प्रदेश से 3, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से 2-2, और हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर से 1-1 प्रत्यर्पित हैं। आने वाले दिनों में और अवैध प्रवासियों के बैच भेजे जा सकते हैं।

## ए.आई.सी.सी. के नये ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डी.के. शिवकुमार के संयुक्त प्रयासों ने उन्हें दिल्ली भेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहले अपने राज्य में कांग्रेस को हार दिलाई और अब पार्टी शहरी निकाय चुनावों में भी हार चुकी है, लेकिन उन्हें एआईसीसी में भेजा गया है और वे पंजाब के प्रभारी होंगे, जहां पार्टी दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार के बाद वापसी की उम्मीद करती है।

उन्हें प्रियंका गांधी का समर्थन प्राप्त है। वे एआईसीसी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लल्ली को भी लाई हैं। बाकी अधिकांश को राहुल गांधी और के.सी. वेणुगोपाल ने चुना है।

पूर्व आईएएस अधिकारी और राहुल के पूर्व दाहिने हाथ के. राजू को झारखंड का प्रभारी बनाया गया है, जहां कांग्रेस गठबंधन में है, और एक अन्य पूर्व राहुल समर्थक मीनाक्षी नटराजन को भी शामिल किया गया है। वे कांग्रेस शासित तेलंगाना में दीपा दासमुंशी की जगह लेंगी। जो लोग नए लाए गए हैं और जिन्हें बनाए रखा है, वे अधिकतर असफल हो चुके हैं और यह महसूस होता है कि वे प्रभावहीन भी हो गए हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि पार्टी प्रभावी नेताओं की कमी महसूस कर रही है।

यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी पार्टी को फिर से सक्रिय करने को लेकर गंभीर हैं, एक के बाद एक चुनावी हार के बाद राहुल गांधी पार्टी को पुन: जीवित करने के लिए गंभीर हैं?

## 'अमृतसर में अमेरिकी सैन्य विमान उतारना सुरक्षा के लिये खतरा'

अमृतसर, 15 फरवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा निर्वासित अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर आ रहे अमेरिकी सैन्य विमान को पंजाब के सीमावर्ती शहर अमृतसर में उतारना देश की सुरक्षा को खतरे में डालने जैसा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के दो सैन्य विमान 276 अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर अमृतसर के गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने वाले हैं। इनमें से पहली उड़ान शनिवार रात को आ रही है, इसमें 119 अवैध प्रवासी भारतीय हैं। इसके अलावा 157 भारतीय रविवार 16 फरवरी को प्रत्यर्पित होकर पहुंचेंगे। इनमें पंजाब से 54, हरियाणा से 60, गुजरात से 34, उत्तर प्रदेश से तीन, महाराष्ट्र से एक, राजस्थान से एक, उत्तराखंड से एक, मध्य प्रदेश से एक, जम्मू-कश्मीर से एक और हिमाचल प्रदेश से एक प्रवासी शामिल है। गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मीडिया को संबोधित करते हुये मान ने कहा, अमेरिका जैसे देश का सैन्य विमान पंजाब के सीमावर्ती शहर में उतारना देश की सुरक्षा को खतरे में डालना है।

## महाकुंभ : कल्पवास ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में प्रथम साधक दंडी स्वामी संतों का भी महा कुम्भ नगर से प्रस्थान हो गया।

संगम की पावन रेती पर एक महीने से प्रवास कर रहे सनातन धर्म के संरक्षक माने जाने दंडी स्वामी संतों ने त्रयोदशी को महाकुंभ में अपना अंतिम स्नान किया और उसके बाद अपने अपने मठों की तरफ प्रस्थान कर गए। अखिल भारतीय दंडी परिषद के प्रमुख जगद्गुरु स्वामी महेशाश्रम ने बताया कि माघ के महीने का कल्पवास तो माघ पूर्णिमा के साथ पुण्य की डुबकी लगाने से पूर्ण हो जाता है लेकिन कल्पवास करते समय जाने अनजाने में कभी दृष्टि पाप हो जाता है तो कभी श्रवण या स्पर्श पाप। इन सभी तरह के पाप संगम में त्रिजटा स्नान के बाद ही कटता है।

महाकुंभ से विदा होने के पूर्व दंडी संन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी शंकराश्रम ने कहा कि पिछले 45 वर्षों से वह त्रिवेणी तट पर माघ महीने का कल्पवास कर रहे हैं। इस महाकुम्भ में 50 करोड़ से अधिक सनातनियों के आगमन ने बता दिया है कि सनातन की शक्ति का विस्तार हो रहा है।

उन्होंने इस विस्तार में भी इस बार के आयोजन को अलग बनाने वाली अभिवृति यह रही है कि महाकुंभ आने वाले आगंतुकों में प्रौढ़ और बुजुर्ग लोगों की तुलना में 18 से 35 आयु वर्ग की नई पीढ़ी की मौजूदगी का अधिक रहना।

## गौतम अडानी ने पत्नी व पुत्र के साथ ज़ियारत की



*उद्योगपति गौतम अडानी ने अजमेर में सूफी संत हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में चादर व अकीदत के फूल पेश किए।*

अजमेर, 15 फरवरी। देश के जाने माने उद्योगपति गौतम अडानी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी व बेटे राजेश अडानी के साथ अजमेर आए। शादी समारोह में शामिल होने से पहले

■ अडानी परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने अजमेर आया था।

गौतम अडानी परिवार सहित विश्व विख्यात सूफी संत हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पर गए।

गरीब नवाज़ की मज़ार पर मखमली चादर व अकीदत के फूल पेश किए।

अडानी परिवार को खादिम सैयद सलमान चिश्ती ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दरगाह जियारत करवाई और दस्तारबंदी कर तबर्रूक तकसीम किया।

## 'यूरोप व पश्चिमी देश...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

युद्ध और यूक्रेन के बचाव पर अमेरिका की स्थिति पर भी चिंता है। ट्रंप ने पहले ही रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ एक फोन वार्ता की थी और यूरोपीय चिंतित थे कि ट्रंप बिना यूक्रेन को बातचीत में शामिल किए कोई समझौता कर सकते हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदोमिर ज़ैलैंस्की को ट्रंप के पुतिन के साथ समझौतों को लेकर चिंता है, कि वो यूक्रेन को और उसकी मूलभूत हितों को दरकिनार करेंगे।

ज़ैलैंस्की ने कहा कि यूक्रेनी कभी भी ऐसी डील को स्वीकार नहीं करेंगे और वे ऐसे किसी भी समझौते के खिलाफ संघर्ष करेंगे।

इसी संदर्भ में, अमेरिकी सम्मेलन में यह दावा किया गया कि अमेरिका ने रूस के साथ अपने मामलों में यूक्रेन युद्ध को लेकर सभी विकल्प खुले रखे हैं। अमेरिका ने यह भी कहा कि वह यूक्रेन को युद्ध लड़ने के लिए और अधिक घातक हथियारों की आपूर्ति करेगा।

इसके अलावा, यूक्रेन युद्ध में अमेरिकी सैनिकों की भागीदारी का उल्लेख भी किया गया।

ज़ैलैंस्की अपने देश के लिए पश्चिमी समर्थन जुटाने के लिए कई दौरों की बातचीत में व्यस्त रहे। क्योंकि युद्ध भूमि पर यूक्रेन के लिए स्थिति निरंतर प्रतिकूल हो रही है और रूस धीरे-धीरे युद्ध की रेखाओं में आगे बढ़ रहा है, ज़ेलेंस्की ने अपने देश के लिए समर्थन जुटाने के लिए अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है।

## जयललिता के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हैं। लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद दोनों केस हार गए और वर्ष 2025 में निचली अदालत ने फैसला दिया कि आय से अधिक सम्पत्ति मामले में जब्त जयललिता का कीमती सामान तमिलनाडू सरकार का है।

तमिलनाडू सरकार को गत वर्ष ही यह सामान मिल जाता, पर, दीपक और दीपा ने निचली अदालत के फैसले को हाई कोर्ट ने चुनौती दी थी।

कर्नाटक हाई कोर्ट ने 13 जनवरी 2025 को दोनों की याचिका खारिज कर दी और इस प्रकार यह कीमती सामान तमिलनाडू सरकार को सौंपे जाने का रास्ता साफ हो गया।

हालांकि, दोनों जयललिता के पॉएज़ गार्डन हाउस पर मालिकाना हक का केस जीत गए हैं, क्योंकि अदालत ने जयललिता के घर वेदा निलयम को म्यूज़ियम बनाने के सरकार के निर्णय को रद्द कर दिया था। नवम्बर 2021 में मद्रास हाई कोर्ट में पॉएज़ गार्डन हाउस के अधिग्रहण के सरकार के निर्णय को खारिज कर दिया था और वह आवास दीपा व दीपक को सौंप दिया था।

## बस-बोलेरो की टक्कर में 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु

प्रयागराज, 15 फ़रवरी। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के मेजा क्षेत्र में एक बस और एक बोलेरो की आमने सामने की टक्कर में बोलेरो में सवार सभी 10 लोगों की मृत्यु हो गई जबकि 19 घायल हो गये। जान गंवाने वाले सभी लोग बोलेरो में सवार थे। वे छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से महाकुंभ स्नान के लिए आ रहे थे। हादसा प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा इलाके में हुआ।

बस में सवार 19 लोग जो घायल हुए वो मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं। वे संगम स्नान के बाद वाराणसी जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह डैमेज हो गई।

■ सभी मृतक बोलेरो में कोरबा जिले से प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने आ रहे थे।

श्रद्धालु छिटककर सड़क पर जा गिरे। कई लोग बोलेरो में ही फंस गए। इन्हें निकालने में ढाई घंटे का समय लगा।

पुलिस उपायुक्त (यमुनानगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि दुर्घटना में बोलेरो में सवार सभी 10 लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं बस में सवार लोगों को भी चोटें आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंतव्य को रवाना करा दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुये शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## 'जिसे आप अपने घर में पवित्र व शुभ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मतलब है, इस समय हम अच्छी तरह से जी रहे हैं। हम वोट कर रहे हैं और हम हमारे लोकतंत्र की दिशा को लेकर आशावादी हैं और हमारे लिए लोकतंत्र वास्तव में काम कर रहा है।"

जयशंकर ने दावा किया, "चुनाव नतीजे आने के बाद कोई भी उस पर कोई भी विवाद खड़ा नहीं करता है।" यह दावा करते समय वह सरकारी स्तर पर सही होने की कोशिश कर रहे थे, पर, उनका दावा हकीकत के खिलाफ था।

जयशंकर ने सीनेटर स्लॉटकिन का भी जवाब दिया, जिन्होंने पैनल में कहा था कि लोकतंत्र "आपको भोजन नहीं देता।"

जयशंकर ने कहा, वास्तव में, मेरी दुनिया में, यह भोजन देता है क्योंकि हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं, हम 80 करोड़ लोगों को पोषण में सहायता और भोजन प्रदान करते हैं और उनके लिए यह इस बात पर निर्भर करता है कि वे कितने स्वस्थ हैं और उनका पेट कितना भरा हुआ है। मैं जो कहना चाहता हूं वह यह है कि दुनिया के विभिन्न देश विभिन्न विवादों से गुजर रहे हैं तो कृपया यह न मानें कि पूरी दुनिया में ऐसा हो रहा है, ऐसा नहीं है।

उन्होंने कहा, कुछ हिस्सों में यह अच्छा काम कर रहा है, हो सकता है कुछ हिस्सों में नहीं कर रहा है, और जिन हिस्सों में नहीं हो रहा है, मुझे लगता है कि लोगों को ईमानदारी से बात करनी चाहिए कि ऐसा क्यों नहीं हो रहा।"

यह पूछे जाने पर कि क्या "ग्लोबल साउथ" (ऐसे देश जो आर्थिक रूप से थोड़े कमजोर हैं) के देशों में अभी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था बनने के की आकांक्षा है, तो जयशंकर ने कहा, 'देखिए, किसी हद तक, सभी बड़े देश कुछ हद तक अनोखे हैं। लेकिन, हम निश्चित रूप से उम्मीद करेंगे, मेरा मतलब है, हम लोकतंत्र को वैश्विक आकांक्षा मानते है, लेकिन एक बड़े भाग में यह आकांक्षा इसलिए है, क्योंकि भारत ने स्वतंत्रता के बाद लोकतांत्रिक मॉडल को चुना और उसने लोकतांत्रिक मॉडल को इसलिए चुना क्योंकि हमारे पास मूल रूप से एक संवाद करने वाला बहुलतावादी समाज था।'

उन्होंने यह भी कहा कि एक समय था जब पश्चिम "लोकतंत्र को एक पश्चिमी विशेषता के रूप में देखता था, पर, ग्लोबल साउथ देशों में गैर-लोकतांत्रिक ताकतों को प्रोत्साहित करने में व्यस्त था।"

उन्होंने कहा, "पश्चिम अभी भी यह करता है। मैं कुछ बहुत हाल की घटनाओं की ओर इशारा कर सकता हूं, जहां आप घर पर कहते हैं कि आप लोकतंत्र को मूल्यवान मानते हैं, पर उसे आप विदेशों में लागू नहीं करते। इसलिए, मुझे लगता है कि शेष ग्लोबल साउथ देश अन्य देशों की सफलताओं, कमियों और प्रतिक्रियाओं को देखेंगे।"

उन्होंने कहा, "जब आप हमारे देश को देखते हैं, तो हम शायद एकमात्र देश हैं जिन्होंने ऐसा किया है। इसलिए, मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे पश्चिम को देखना चाहिए क्योंकि यदि आप अंतत: लोकतंत्र को जीतते हुए देखना चाहते हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि पश्चिम भी पश्चिम के बाहर लोकतंत्र के सफल मॉडलों को स्वीकार करे।"

## छत्तीसगढ़ के नगर निकाय चुनावों में भाजपा की भारी जीत

रायपुर, 15 फरवरी। छत्तीसगढ़ में हुए नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए अभी तक आए चुनाव परिणामों के अनुसार 10 में से 10 नगर निगमों में विजय हासिल की है, साथ ही 49 नगर पालिकाओं में से 35 में और 114 नगर पंचायतों में से 81 पर भाजपा की शानदार जीत हुई है।

राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अभूतपूर्व जनादेश के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह जीत केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता के भरोसे और आशीर्वाद की विजय है। उन्होंने कहा कि जनता ने हमारे 13 महीनों के सुशासन को सराहा है तथा 'मोदी की गारंटी' की तरह ही 'अटल विश्वास पत्र' पर भी जनता ने विश्वास जताया है। हम इस भरोसे को कभी टूटने नहीं देंगे और जनता से किए गए हर वादे को पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस सरकार की विफलताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने निकायों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था, मेयर और अध्यक्षों के चुनाव को प्रत्यक्ष प्रणाली से हटा दिया गया था। पर भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की बहाली करते हुए चुनाव को पुन: प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया और इसका परिणाम है कि कांग्रेस के पिछले मेयर आज पार्षद बनने में भी असफल रहे हैं।

साय ने कहा कि अब आने वाले पंचायत चुनावों में भी जनता भाजपा को भारी समर्थन देगी, क्योंकि जनता ने भाजपा के विकास मॉडल को देखा और स्वीकार किया है। साय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें महासचिव बनाकर सम्मान दिया, लेकिन उनके अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें धन्यवाद कुछ अलग अंदाज में दिया - तीनों नगरीय निकायों में कांग्रेस को बुरी तरह हराकर!

## नाबालिग से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की श्रेणी में ही माना जाएगा, क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि पीड़िता के पिता ने 30 अप्रैल, 2022 को अजीतगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि बीती रात घर के सभी लोग साथ सोए थे। जब सुबह उठे तो उसकी 17 साल की बेटी लापता थी। इसके दो-तीन दिन पहले घर में एक मोबाइल मिला था। जिससे पीड़िता ने कई बार मोहन लाल को फोन किया गया था। घर में रखे जेवरात और नकदी भी गायब मिली है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को 6 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष की ओर से कहा गया कि अभियुक्त और पीड़िता पहले जयपुर आए और फिर ट्रेन से मुंबई गए। फिर कुछ दिनों बाद लौट आए। इस दौरान अभियुक्त ने उसके साथ संबंध बनाए। हालांकि पीड़िता पूर्व में दिए बयानों से मुकर गई। इस पर अदालत ने उसे पक्षद्रोही घोषित कर अन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई है।

# 'उत्पादन पर नियंत्रण के बिना एआई में नेतृत्व नहीं कर सकते'

## राहुल गांधी ने कहा कि ड्रोन्स टैक्नॉलजी पर हमारे युवाओं का कब्जा जरुरी है

नयी दिल्ली, 15 फरवरी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि ड्रोन्स टैक्नॉलजी पर हमारे युवाओं का कब्जा ज़रूरी है और इसे असेंबल करने की बजाय इसके सभी पुर्जे हमें तैयार करने होंगे तभी हम इसमें महारथ हासिल कर सकते हैं। गांधी ने कहा ड्रोन ने युद्ध लड़ने के तरीक़े को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के मैदान में घात-प्रतिघात और संचार में अभूतपूर्व बदवाल आया है।

उन्होंने कहा, ड्रोन सिर्फ़ एक टेक्नोलॉजी भर नहीं हैं, वे एक मज़बूत इंडस्ट्रियल सिस्टम द्वारा ज़मीनी और छोटे-छोटे स्तर पर उत्पादन होने वाले नवाचार हैं। ड्रोन्स ने टैंक, तोप और यहां तक कि एयरक्राफ्ट कैरियर के महत्व को भी कम कर दिया है। एयर पावर को प्लाटून लेवल तक ला दिया

■ राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इसे समझने में असफल रहे हैं। जब वे एआई पर सिर्फ टैलिप्रॉम्पटर से पढ़कर भाषण देने में लगे हैं, हमारे कम्पटीटर नई टैक्नॉलजी में महारथ हासिल कर रहे हैं।

है और युद्धक्षेत्र में खुफिया तंत्र एवं सटीकता को नया रूप दिया है। लेकिन यह क्रांति सिर्फ युद्ध तक सीमित नहीं है, यह उद्योग, एआई और अगली पीढ़ी की तकनीक की भी बात है।

उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया और कहा दुर्भाग्य से प्रधानमंत्री मोदी इसे समझने में असफल रहे हैं। ऐसे समय में जब वह एआई पर सिर्फ़ टेलीप्रॉम्प्टर से पढ़ कर भाषण देने में लगे हैं, हमारे प्रतिस्पर्धी नई टेक्नोलॉजी में महारथ हासिल कर रहे हैं। भारत को खोखले भाषणों की नहीं बल्कि मजबूत उत्पादन बेस की ज़रूरत है। असली शक्ति सिर्फ ड्रोन बनाने में नहीं बल्कि उनके पीछे की इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और उत्पादन तंत्र को नियंत्रित करने में है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में नहीं बढ़ रहा है। हम एआई या तकनीक में नेतृत्व नहीं कर सकते अगर हमारा उत्पादन पर नियंत्रण नहीं है। हमने अपना उपभोक्ता डेटा सौंप दिया है, हम मुख्य कंपोनेंट्स नहीं बनाते हैं और जब बाकी दुनिया भविष्य गढ़ रही है तब हम सिर्फ असेंबल करने तक ही सीमित हैं। भारत के पास अद्भुत प्रतिभा विशाल क्षमता और जबरदस्त इच्छाशक्ति है। अब वक्त है कि भारतीय युवा कदम बढ़ाएं और सुनिश्चित करें कि भारत पीछे न छूटे।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600